राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 लॉर्ड्स टेस्ट में बुमराह की वापसी तय...

ट्रंप ने टैरिफ डेडलाइन 1 अगस्त तक बढ़ाई, बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ लगाया... 12

वर्ष : 13 | अंक : 89 | पटना, बुधवार, 09 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

# अमेरिका ने जवाबी शुल्क निलंबन 01 अगस्त तक बढ़ाया, भारत से व्यापार वार्ता जारी

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अमेरिका ने पारस्परिक टैरिफ निलंबन को 1 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। इस कदम से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही नई दिल्ली तथा वाशिंगटन के बीच जारी अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ व्यापार समझौता करने के करीब है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जापान, दक्षिण कोरिया समेत 14 देशों को राष्ट्राध्यक्षों को पत्र लिखा है, जिसमें 25 से लेकर 40 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया गया है। ट्रंप प्रशासन ने विभिन्न देशों को पत्रों की पहली किश्त भेजी, जिसमें उन देशों के उत्पादों पर टैरिफ का विवरण दिया गया है, जो 1 अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करेंगे। हालांकि, इन देशों में भारत को शामिल नहीं किया गया।

### भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बात जारी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमने ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता किया है, चीन के साथ समझौता किया है और भारत के साथ व्यापार समझौता करने के करीब हैं। इनके अलावा जिन देशों से हमारी बात हुई है, हमें नहीं लगता कि उनके साथ हमारा व्यापार समझौता हो सकता है। इसलिए हमने उन्हें पत्र भेजा है। ट्रंप ने कहा कि जो देश हमें छूट देंगे, हम भी उन्हें छूट देने पर विचार करेंगे। ट्रंप प्रशासन ने विभिन्न देशों को पत्र भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। अमेरिका ने जिन 14 देशों पर



नए टैरिफ लगाने का ऐलान किया है, उनमें बांग्लादेश, बोस्निया और हजेर्गोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाखिस्तान, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, सर्बिया, ट्यूनिशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड शामिल हैं।उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ लगाने की समय-सीमा को बढ़ाकर 1 अगस्त कर दिया है। पहले ये समय-सीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रहा था। भारत, जो अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है, ट्रंप प्रशासन से टैरिफ पत्र प्राप्त करने वाले देशों की सूची में शामिल नहीं था। अमेरिका के जवाबी शुल्क के निलंबन को एक अगस्त तक बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। दोनों देशों को अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने के वास्ते अतिरिक्त समय मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन

जोधपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊ लाल वैष्णव का मंगलवार को निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। जोधपुर एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां सुबह 11 बजकर 52 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। एम्स जोधपुर की ओर से एक प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी गई है। प्रेस नोट में बताया गया कि चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा था, लेकिन टीम के हरसंभव प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।प्रेस विज्ञप्ति में लिखा गया, ह्यह अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के पिता श्री दाऊ लाल वैष्णव (81 वर्ष) का दिनांक 08 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 11:52 बजे एम्स जोधपुर में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और एम्स जोधपुर में उपचाराधीन थे। चिकित्सा टीम के हरसंभव प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### अश्विनी वैष्णव के पिता के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री अश्विनी वैष्णव के पिताजी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है और इस कठिन समय में मेरी संवेदनायें उनके साथ हैं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सरकार का अपना कोई विजन, रोड मैप नहीं : तेजस्वी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर एक बार फिर हमला बोला है। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में सरकार ने बिहार में युवा आयोग गठन करने का बड़ा फैसला लिया है। कैबनेट ने युवा आयोग गठन की मंजूरी दे दी है। इसी को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की खिंचाई की है। बताते चलें कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में ऐलान किया था कि हमारी सरकार बनी तो हम युवाओं की हित में युवा आयोग का गठन करेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए सरकार पर नकल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि हम है आगे-आगे और हमारे पीछे-पीछे है 20 सालों की थकाऊ-उबाऊ, बिकाऊ-दिखाऊ सरकार। जो वादा हम करते है उसको यह नकलची एनडीए सरकार तुरंत कॉपी कर लेती है क्योंकि थके हुए लोगों के पास अपना कोई विजन, रोड मैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। हमारे अनेक वादों की तरह युवा आयोग गठित करने की घोषणा को भी आज इस सरकार ने चुरा लिया। 20 वर्षों तक युवाओं के हक-अधिकार पर डाका डालने वालों को जगाते और झकझोरते रहेंगे। अब देश का सबसे युवा प्रदेश बिहार इस नकलची सरकार से छुटकारा पाएगा।

# सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक, 43 एजेडों पर लगी मुहर

## बिहार में युवा आयोग का होगा गठन

## युवाओं को आत्मनिर्भर व रोजगारोन्मुखी बनाना सरकार का लक्ष्य : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। बिहार में युवा आयोग के गठन का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इसके लिए मंजूरी दे दी गई है। बैठक में युवा आयोग के गठन सहित कुल 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी। एजेंडों के बारे में विस्तृत जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य के बाहर भी जो युवा काम करने जाते हैं, उनके हितों की रक्षा करना भी इस आयोग का कार्य होगा। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद इसके गठन की समुचित प्रक्रिया जल्द शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस संबंध में अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा करके जानकारी दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में बिहार युवा आयोग में कितने सदस्य होंगे, बिहार युवा आयोग क्या और कैसे काम करेगा, इन सवालों के जवाब भी दिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य



सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है। सीएम नीतीश ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा है कि समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा।

### आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे :

मुख्यमंत्री ने बताया है कि बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो। सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार कर और ऐसे मामलों में सरकार को अनुशंसा भेजना भी इसका महत्वपूर्ण कार्य होगा। राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य है कि इस आयोग के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनें ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो।

### बिहार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की संवद्धन नीति 2025 को मंजूरी

राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बिहार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2025 को राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की। यह नीति राज्य को न केवल ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर करेगी, बल्कि बिहार को हरित विकास का राष्ट्रीय स्तर पर अग्रदूत भी बनाएगी। यह नीति से भारत सरकार द्वारा निर्धारित देशव्यापी नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य और 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने में भीं सहायक होगी। यह नई नीति पूर्व की नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2017 की अवधि पूर्ण होने के बाद तैयार की गई है और आगामी पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इस नीति का उद्देश्य बिहार में नवीन एवं नवीकरणीय परियोजनाओं के निर्माण हेतु प्रोत्साहन, ऊर्जा की बढ़ती बढ़ती मांग को पूरा करना, स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देना, राज्य में निवेश को आकर्षित करना और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना है। यह नीति अगले पांच वर्षों में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय व बिहार विद्युत विनियामक आयोग तथा सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी ऑथोरिटी द्वारा निर्धारित 43.33% रिन्यूएबल परचेज ऑब्लिगेशन के लक्ष्य की पूर्ति तथा सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी ऑथोरिटी द्वारा तैयार एडेक्वेसी प्लान फॉर बिहार के अनुरूप राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

## अब सरकारी नौकरी में बिहार की महिलाओं को ही मिलेगा 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ

प्रातः किरण

पटना। नीतीश सरकार ने बिहार की महिलाओं को एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में बिहार राज्य की सभी सरकारी सेवाओं, संवर्गों के सभी स्तर के एवं सभी प्रकार के पदों पर सीधी नियुक्तियों में राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने बताया कि बिहार में सरकारी नौकरी में राज्य की महिलाओं को एक बड़ी सहूलियत दी गई है। यहां की सरकारी नौकरियों में सभी वर्ग की महिलाओं को मिलने वाला 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ अब सिर्फ बिहार मूल की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा। यानी बिहार के बाहर दूसरे किसी राज्य की महिलाओं को नौकरियों में इस आरक्षण व्यवस्था का लाभ नहीं मिलेगा। बिहार सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से महिलाओं के लिए सरकारी नौकरी में डोमिसाइल नीति लागू कर दी गई है। अब तक इस आरक्षण का लाभ अन्य राज्यों की महिलाओं को भी मिलता था, लेकिन अब यह सुविधा सिर्फ उन महिलाओं को मिलेगा, जो बिहार की स्थायी निवासी होंगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह आरक्षण केवल बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए ही लागू होगा, यानी दूसरे राज्यों की महिलाएं इस आरक्षण का लाभ नहीं



ले सकेंगी। सरकार के इस कदम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इससे राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में अधिक अवसर मिलेंगे और वे प्रशासनिक ढांचे में अधिक प्रतिनिधित्व प्राप्त कर सकेंगी। बैठक में दिव्यांगजनों को लेकर भी फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और सामान्य वर्ग के पुरुष दिव्यांग अभ्यर्थियों को बीपीएससी और यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी के लिए क्रमशः 50 हजार रुपये और एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना को प्रारंभ करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

### सड़क और पुल परियोजनाओं के लिए 667 करोड़ स्वीकृत

बिहार में अधोसंरचना विकास की दिशा में एक और अहम निर्णय लेते हुए पथ निर्माण विभाग ने विभिन्न जिलों में सड़क और पुल परियोजनाओं के लिए 667 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इन योजनाओं के तहत करीब 110 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाएगा, जिससे आवागमन पहले की अपेक्षा अधिक सुलभ, सुरक्षित और तीव्र हो सकेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा पारित इन योजनाओं में समस्तीपुर से लेकर कटिहार तक कुल 11 जिलों की सड़कें शामिल हैं।

### डीजल अनुदान योजना की स्वीकृति

बैठक में डीजल अनुदान योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। किसानों को तीन सिंचाई के लिए 2250 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान मिलेगा। एक किसान को अधिकतम आठ एकड़ के लिए डीजल अनुदान मिलेगा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में चतुर्थ कृषि रोड मैप के अधीन खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अंतर्गत न्यूट्री सीरियल्स (मिलेट्स) योजना के तहत खरीफ मौसम में मिलेट्स फसल को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्वीकृति दी गई एवं कुल 46 करोड़ 75 लाख रुपये निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई।

## इंडिया गठबंधन का चक्का जाम आंदोलन आज

● पटना की सड़कों पर उतरेंगे राहुल एवं तेजस्वी

प्रातः किरण

पटना। बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने बुधवार यानी आज चक्का जाम आंदोलन का निर्णय लिया है। इस संबंध में बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद बताया कि वामपंथी दलों से सम्बद्ध मजदूर यूनियनों के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में 09 जुलाई, 2025 को बिहार में चक्का जाम आंदोलन का आह्वान किया गया है। एजाज ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 30 जून 2025 से चलाया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई, 2025 है। इंडिया महागठबंधन का मानना है कि बिहार में पिछड़े, अतिपिछड़े, दलितों, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के साथ गरीब मतदाताओं के नामों की छंटनी करने के लिए भारतीय जनता पार्टी/एनडीए के इशारे पर यह विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है जो मताधिकार छीनने की साजिश है। इस तरह के आलोकतांत्रिक रवैये का प्रतिकार करने के लिए इंडिया महागठबंधन के द्वारा बुधवार को पूर्ण चक्का जाम पूर्वाह्न 09:00 बजे राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय, 02 वीरंचद पटेल पथ,पटना से शुरू किया जाएगा। एजाज ने आगे बताया कि पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित महागठबंधन के अन्य नेतागण भी चक्का जाम आंदोलन में शामिल होंगे

## गोपाल खेमका हत्याकांड का एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या मामले में बिहार पुलिस ने बड़ी सफलता मिलने का दावा किया है। इस मामले में एक आरोपी विकास उर्फ राजा को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। सूबे के डीजीपी विनय कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर डीजीपी ने घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बताया। गोपाल खेमका की हत्या मामले में गिरफ्तार अशोक साव के घर से जमीन के बड़ी मात्रा में




कागजात मिले हैं। पुलिस पड़ताल कर रही है, जांच में पता चल रहा है कि जमीन से संबंधित विवाद सामने आ रहा है। हत्या कांड जमीन विवाद के इर्द-गिर्द घूम रही है। डीजीपी ने बताया कि सुपारी देने वाला और शूटर दोनों हमारे कब्जे में है। पटना एसएसपी ने बताया कि शूटर उमेश से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना में संलिप्तता स्वीकार की। पूछताछ की गई तो उन्होंने हथियार के बारे में बताया, इसके बाद पुलिस को घटना में प्रतिनियुक्त हथियार बरामद किया गया। इसने पूछताछ में अशोक साह का नाम लिया। बताया कि 4 लाख में सौदा हुआ था। अशोक साह ने पचास हजार रू पहले दिए थे। उमेश ने राजा से बात की, उससे हथियार लिया। अशोक साव से गोपाल खेमका के बारे में जानकारी ली गई। अशोक साव ने ही हत्या की सुपारी दी थी। 4 जुलाई की रात 11:30 बजे बांकीपुर क्लब पहुंचे तो गोपाल खेमका की गाड़ी लगी थी। इसके बाद यह उमेश यादव इनके आवास की ओर आगे बढ़ गया और गोपाल खेमका के आने का इंतजार करने लगा। कुछ समय बाद गोपाल खेमका कार चलाते अपार्टमेंट के गेट पर रुके तो इसके द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई । इसके बाद अपने मोटरसाइकिल से जमाल रोड होते हुए बाईपास थाना के सामने माल सलामी देवी स्थान होते हुए घर चला गया। साथ ही हथियार को अपने ऊपर वाले कमरे में छुपा दिया।

### मुख्यमंत्री ने अभिलेख प्रकोष्ठ भवन के बहुमंजिला भवन के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## नये भवन का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से करें पूरा : नीतीश

प्रातः किरण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अभिलेखों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये अभिलेख भवन परिसर में अभिलेख भवन के निर्माण कार्य का शिलापट्ट का अनावरण किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को नेहरू पथ स्थित अभिलेख प्रकोष्ठ भवन के लिये बहुमंजिला भवन के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माण स्थल का जायजा लिया और तेजी से निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिलेखों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये



अभिलेख भवन परिसर में अभिलेख भवन के पीछे वाले भाग में नये भवन का निर्माण कराया जा रहा है ताकि महत्वपूर्ण रिकॉर्डों को और बेहतर ढंग से संरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इस नये भवन का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने अभिलेख भवन परिसर का भी जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, अभिलेख भवन के निदेशक डॉ मो फैसल अब्दुल्लाह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### एयर इंडिया विमान दुर्घटना

## एएआईबी ने एयर इंडिया विमान हादसे पर प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने एयर इंडिया 171 हादसे पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागर विमानन मंत्रालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को सौंप दी है ।एनडीटीवी की रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष सरकारी अधिकारियों के बताया है कि प्रारंभिक आकलन और शुरूआती निष्कर्षों पर आधारित यह रिपोर्ट इस सप्ताह के अंत में सार्वजनिक होने की उम्मीद है। लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171, 12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और जमीन पर मौजूद 19 लोग मारे गए थे। एआई171 के सीवीआर और एफडीआर दोनों बरामद कर लिए गए। इनमें से पहला 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और दूसरा 16 जून, 2025 को मलबे से मिला था ।एयर इंडिया की फ्लाइट की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुसार 13 जून 2025 को एक बहु-विषयक टीम का गठन किया गया था। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार, गठित इस टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक करते हैं और इसमें एक विमानन देखभाल विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर बदमाशों ने एक व्यक्ति को झांसा देकर लाखों रुपए ले उड़े

दानापुर। नगर के अंतर्गत साइबर बदमाशो ने एक कॉल से झांसे पर लेकर एक व्यक्ति के खाते से एक लाख निन्यानवे हजार रुपए उड़ा लिये। परेशानी मकेश्वर यादव ने इस संबंध में साइबर थाना व दानापुर थाना में लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के आदमपुर निशांत नगर निवासी मकेश्वर यादव के मोबाइल पर कॉल आया। जिसपर फोन करने वाले ने झांसे में लेकर उससे जानकारी ले ली। चंद मिनट बाद ही उसके मोबाइल पर पैसे निकासी का मैसेज आया। मैसेज देखते ही उनके होश उड़ गये। उनके खाते से एक लाख निन्यानवे हजार रुपए की निकासी हो गयी थी। जिसके बाद उनहोने तत्काल साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी।

### बच्चे के गले से सोने के लॉकेट काटकर बदमाश हुआ फरार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराय के मस्जीद रोड़ के निकट मां के गोद में बच्चे के गले से एक बदमाश ने सोने के लॉकेट काट लिये। बच्चे के रोने पर जब मां ने देखा तो लॉकेट लेकर भाग रहे बदमाश को चिल्लाते हुए दौड़ी। भाग रहे बदमाश को लोगो ने धड़ दबोचा और उसकी पीटाई कर दी। बदमाश ने भीड़ का फायदा उठा। लौकेट फेक फरार हो गया। बताया जाता है कि दियारा के काफरपुर निवासी लालमुनी देवी अपने बच्चो के साथ दानापुर बाजार आयी थी। इसी दौरान उसके गोद लिये बच्चे के गले से बदमाश ने सोने के लॉकेट काट लिया था। लोगो ने बताया कि स्मैकर ने ऐसी घटना दिया। जिसकी पीटाई कर दी। भीड़ का फायदा उठा वो भाग निकला।

### बुधवार को मुखिया पद के सात प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला 5300 मतदाता करेगे

दानापुर। नगर अंतर्गत कोथवां पंचायत मे मुखिया पद के लिए बुधवार को होने वाले मतदान को लेकर पोलिंग पार्टी को डिसपैच करने का कार्य किया गया। देर शाम तक सभी 10 मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टी को भेज दिया गया। बुधवार को मुखिया पद के सात प्रत्याशियो के किस्मत का फैसला 5300 मतदाता करेगे। इसको लेकर सारी तैयारी की गयी है। शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद ने बताया कि बुधवार को होने वाले चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी को डिस्पैच कर दिया गया है। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने को लेकर सारी तैयारी की गयी है। मुखिया पद के लिए सात उम्मीदवार मैदान में है। मतगणना 11 जुलाई को होगी।

### साई अंगना से निकलने वाली पालकी यात्रा को लेकर तैयारी में लगे है श्रद्धालु

दानापुर। नगर के अंतर्गत गुरूपुर्णिमा पर साई अंगना से निकलने वाली पालकी यात्रा को लेकर तैयारी में श्रद्धालु लगे है। साई मंदिर के साथ जगह जगह स्वागत करने वाले भी तैयारी मे है। मंगलवार को साई अंगना में बाबा की पालकी के साज सज्जा के साथ कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोर शोर से हो रही है। पालकी शोभायात्रा को लेकर दिन भर श्रद्धालु जूटे रहे। आयोजको ने बताया कि बुधवार को बाबा की प्रत्येक वर्ष की तरह पालकी यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जायेगी। गुरू पुर्णिमा पर बाबा के गुरुवार को विशेष श्रृंगार के साथ पूजन के बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। उधर पालकी शोभायात्रा के स्वागत को लेकर भूषण मेहता दीपक मेहता सेवा समिति के बैनर तले गाभतल में पानी आम का शर्बत की व्यवस्था की गयी है। आयोजक रंजीत कुमार ने बताया कि शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुआ के सेवार्थ पानी व शर्बत आदि की व्यवस्था की जायेगी

### चक्का जाम के लिए फतुहा में हुआ जीप प्रचार

फतुहा। आज चक्का जाम को लेकर भाकपा माले के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आज जीप प्रचार किया। इस पर प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि बिहार में वोट बंदी के खिलाफ एक साजिश चल रही है इसके खिलाफ सभी लोग छक्का जाम को सफल बनाएं। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पंकज यादव ने कहा कि जिस तरह से चुनाव आयोग और भाजपा द्वारा वोट बंदी करके जनता को वोट देने के अधिकार से वंचित करने के खिलाफ साजिश चल रही है। सभी आम जनता से अपील है की 9 जुलाई को हड़ताल और चक्का जाम को सफल बनाएं। जीप प्रचार में रामप्रवेश रविदास, पंकज यादव, कृष्ण यादव, विष्णु कुमार, सुदामा रविदास, रविंद्र पासवान, रामजी दास आदि नेताओं ने पूरे फतुहा शहर एवं ग्रामीण इलाकों में जीप प्रचार किया और अपील किया की चक्का जाम में दुकान बंद रखने की अपील की गई।

# राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को जानने का सुनहरा अवसर होगा स्वास्थ्य मेला: मंगल

## डबल इंजन की सरकार में पहली बार लग रहा राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदर्शनी

- 11-12 जुलाई को ज्ञान भवन पटना में होगा भव्य स्वास्थ्य मेला आयोजित



प्रात:किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन, पटना में राज्य स्वास्थ्य समिति की अतिमहत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के साथ आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत विमर्श किए गए। बैठक के दौरान माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार में पहली बार राज्यस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन आगामी 11 एवं 12 जुलाई 2025 को ज्ञान भवन, पटना में आयोजित किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस भव्य आयोजन का उद्देश्य आमजन तक स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न सेवाओं तथा उपयोगी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है, जिससे राज्य के अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। स्वास्थ्य मेले में एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग जैसी सभी प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों के अलग-अलग काउंटर स्थापित किए जाएंगे। दो दिवसीय इस मेले में विभिन्न प्रकार के 50 ओपीडी काउंटर उपलब्ध रहेंगे। मेले में 20 निःशुल्क दवा वितरण काउंटर भी लगाए जाएंगे, जहां रोगियों को आवश्यक दवाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। एचपीवी टीकाकरण की सुविधा विशेष रूप से छात्राओं के लिए उपलब्ध रहेगी। योग शिविर एवं पंचकर्म चिकित्सा सुविधा भी स्वास्थ्य मेले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मेले में गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जांच, टेली मानस और टेलीमेडिसिन सेवाएं, तथा नशा मुक्ति केंद्र का स्टॉल भी लगाया जाएगा, जहां लोगों को नशा छोड़ने हेतु परामर्श और जागरूक किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पैनल डिस्कशन का आयोजन भी किया जाएगा। जिससे स्वास्थ्य के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हो सकें। बिहार नवाचार को अपनाने और जनहित में इसके उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इस मेले के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं से सीधे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेला सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत दोनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर लोकेश कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, डॉ निलेश रामचंद्र देवरे, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल, अनुपमा सिंह, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# मृतक के परिजनों से मिले जहानाबाद के पूर्व सांसद



प्रात:किरण संवाददाता

मसौढ़ी।जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर सिंह बीते शुक्रवार को कोरियावा गढ़ पर क्रिकेट खेलने के विवाद में अपराधियों द्वारा सतेंद्र चंद्रवंशी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.सोमवार को परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया।उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए दुःख के इस घडी में साथ होने का भरोसा दिया हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि अपराध,अपराध होता है चाहे कोई भी करे, किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. प्रशासन पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रहा है तथा दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिले और समाज में कानून का भय कायम रहे.सांसद ने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदना व्यक्त की. उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे एवं पूरी सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

## जमीन कारोबारी पांच दिनों से लापता, परिजनों को अपहरण की आशंका, सड़क जाम कर जताया विरोध



प्रात:किरण संवाददाता

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी निवासी जमीन कारोबारी सह एलआईसी एजेंट राम लड्डू कुमार पिछले पांच दिनों से लापता हैं। 4 जुलाई की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वे नाश्ता कर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों द्वारा कॉल करने पर भी उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उनका मोबाइल दो दिनों तक ऑन रहा। जब खुद की खोजबीन में कोई सुराग नहीं मिला, तो 5 जुलाई को परिजनों ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। राम लड्डू के भतीजे पप्पू कुमार ने बताया कि पुलिस ने उनसे लोकेशन पूछी, जिस पर उन्होंने सबरी नगर बताया। लेकिन वहां भी कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने के आग्रह के बावजूद कोई तत्परता नहीं दिखाई, केवल आश्वासन देकर मामले को टाल दिया।इस बीच, सोमवार को परिजनों को उनकी बाइक खगौल थाना क्षेत्र के नेउरा कॉलोनी में लावारिस हालत में मिली, जिससेअनहोनी या अपहरण की आशंका और गहरी हो गई।

इसके विरोध में मंगलवार को परिजन और स्थानीय लोग खगौल थाना क्षेत्र के जमालुद्दीन चक के पास सड़क पर उतर आए। आक्रोशित लोगों ने आगजनी कर खगौल-बिहटा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राम लड्डू की पत्नी नीतू देवी ने डायल 112 पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि सूचना देने के बावजूद न तो मौके पर पुलिस पहुंची और न ही कोई कार्रवाई हुई। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते सक्रियता दिखाई होती, तो शायद आज राम लड्डू उनके साथ होते।

## फ्यूचर यूथ लीडर्स बूट कैंप का हुआ शुभारंभ

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर पटना में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण (08- 10जुलाई 2025)ह्यफ्यूचर यूथ लीडर्स बूट कैंपह्व का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को युवा संसद का अभ्यास, भारतीय शासन तंत्र की समझ, टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता तथा जिलास्तरीय नेतृत्व कार्ययोजना की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती रेशमी कुमारी (उपमहापौर,पटना नगर निगम),राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ दिप प्रज्वलित कर किया गया। युवाओं को संबोधित करते हुए रेशमी कुमारी ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। युवाओं को नेतृत्व कौशल, लोकतांत्रिक भागीदारी, संवाद क्षमता, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता, और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे आयामों में सशक्त बनाना। राज्य निदेशक ने बताया कि विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने में युवा नेताओं को अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार करना।

साथ ही युवा सांसद कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें युवा विकसित भारत 2047 विषय पर अपनी राय रखेंगे एवं भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेंगे।

सरकार के द्वारा युवाओं के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। माय भारत,पटना के उप निदेशक सूर्यकान्त कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि यह बूट कैंप केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है, यह युवाओं के सामुदायिक नेतृत्व की दिशा में पहला ठोस कदम है। पटना के सभी 23 प्रखंडों से चयनित कुल 35 युवा प्रतिभागी बूटकैंप में भाग ले रहे हैं, इनका चयन माय भारत पोर्टल से किया गया है। यह सभी युवा मण्डल, सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। युवाओं को प्रशिक्षण ट्रैनर के द्वारा दिया जा रहा है जिसमें नूतन लोढ़ा,प्रीत कुमार एवं कई ट्रैनर के द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। मौके पर केदारनाथ सिंह(लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक, मिश्री लाल साह,अर्पणा बाला, बबलु कुमार, टुनटुन कुमार, बंशी कुमार उपस्थित रहें।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन



प्रात:किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर।पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने माल लदान में बढ़ोत्तरी हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



पटना/हाजीपुर न मुख्यालय, हाजीपुर में 02 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में मामलों के निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## राजकीय पॉलिटेक्निक, गुलजारबाग, पटना में भूजल विकास एवं प्रबंधन विषय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रात:किरण संवाददाता

पटना : आई.ई.सी. गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक, गुलजारबाग, पटना में भूजल विकास एवं प्रबंधन विषय पर एक टीयर-क्कक्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, पटना द्वारा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में नित्यानंद प्रसाद, मुख्य अभियंता-सह-विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना सम्मिलित हुए। उन्होंने भूजल विकास एवं प्रबंधन विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना की। राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, पटना द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भूजल के महत्व एवं बिहार राज्य के भूजल परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. श्री भगवान सिंह द्वारा जल प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। उन्होंने कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर बल देते हुए जल के समुचित उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में लगभग 140 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान भूजल के न्यायोचित उपयोग के लिए प्रतिभागियों को शपथ भी दिलाई गई। साथ ही भू-भौतिकीय तकनीक की फील्ड प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसे प्रतिभागियों ने विशेष रुचि से देखा। प्रशिक्षण के दौरान अनेक तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया तथा अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मनोज कुमार बिहार के एक दिवसीय दौरा पर

प्रात:किरण संवाददाता



पटना। अध्यक्ष केवीआईसी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में खादी कारीगरों की पारिश्रमिक में 275% की बढ़ोतरी की गई। बिहार में वर्ष 2024-25 में 102 खादी संस्थाओं के बजट के माध्यम से 9004 कारीगरों को रोजगार मिला है। बिहार में पिछले 11 वर्षों में पीएमईजीपी के अतंर्गत 36,129 नयी इकाइयों की स्थापना से अनुमानित 2,78,957 रोजगार तथा 1041.11 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का वितरण। केवीआईसी अध्यक्ष ने कहाझ्र खादी केवल वस्त्र नहीं, यह आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बन चुकी है। यह परिवर्तन संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण। खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने सोमवार को बिहार का एक दिवसीय दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, ह्लखादी केवल वस्त्र नहीं, यह आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बन चुकी है। यह परिवर्तन संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में खादी का पुनर्जागरण हुआ है। अध्यक्ष केवीआईसी का यह दौरा राज्य में खादी और ग्रामोद्योग की योजनाओं की समीक्षा एवं भविष्य की रणनीति तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। पटना आगमन के पश्चात श्री मनोज कुमार ने हाजीपुर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित केंद्रीय पूनी संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने संयंत्र की नवीनीकरण की स्थिति और गुणवत्ता नियंत्रण के मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि खादी की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार के लिए आधुनिक तकनीक और कार्य संस्कृति को अपनाया जाए। अध्यक्ष केवीआईसी ने बोधगया में प्रस्तावित खादी अनुभव सह ज्ञान केन्द्र (ड्ढँ ए७स्त्री१ील्ल३'' ल्ला ङ्ल्लङ्क६ ींी ङील्ल३१ी) स्थापित करने की योजना की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री श्री जीतन राम माझी और केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे के मार्गदर्शन में स्थापित होनेवाला यह केंद्र न केवल पर्यटकों के लिए खादी को जानने और खरीदने का मंच होगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी सीधा लाभ देगा। उन्होंने कहा कि, ह्लबोधगया जैसे अंतरराष्ट्रीय स्थल पर खादी का केंद्र स्थापित कर हम भारत की सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी आत्मा को वैश्विक मंच दे सकते हैं। यह प्रस्तावित प्रोजेक्ट इसी दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप केवीआईसी की पहल है। इस अवसर पर केवीआईसी के राज्य कार्यालय, पटना में राज्य की 100 से अधिक खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ह्लखादी संवादह्व का आयोजन हुआ। संवाद के दौरान खादी विकास योजना, ग्रामोद्योग विकास योजना तथा पीएमईजीपी के अंतर्गत हुई प्रगति, चुनौतियां एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय ने सभी संस्थाओं से कहा कि, ह्लप्रधानमंत्री जी का स्पष्ट संदेश है कि ग्रामीण भारत की आत्मनिर्भरता में खादी की केंद्रीय भूमिका होनी चाहिए। हमें इस संकल्प को सिद्धि में बदलना है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि राज्य कार्यालय, पटना के अंतर्गत यहां के 28 जिलों में 102 खादी संस्थाएं कार्यरत हैं जिनके माध्यम से 9004 कारीगरों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत पिछले 11 वर्षों में बिहार में 36,129 नयी इकाइयों की स्थापना हुई है जिसके जरिए यहां पर अनुमानित 2,78,957 लोगों को रोजगार मिल रहा है। इन इकाइयों की स्थापना के लिए भारत सरकार ने 1041.11 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की है। ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत बिहार में अभी तक लगभग 17 हजार से अधिक मशीन और टूलकिट का वितरण किया गया है। अध्यक्ष मनोज कुमार ने यह भी बताया कि ह्लटीम केवीआईसीह्व के अथक प्रयासों से केवीआईसी ने वित्त वर्ष 2024-

## कालाजार नियंत्रण : राज्य के 1441 राजस्व गांवों में होगा सिंथेटिक पायरेथॉयराइड का छिड़काव

प्रात:किरण संवाददाता



पटना। कालाजार संक्रमण और रोग की स्थिति पर नियंत्रण के लिए राज्य के 32 जिलों में द्वितीय चक्र के अंतर्गत सिंथेटिक पायरेथॉयराइड का छिड़काव किया जाएगा। 60 कार्यदिवस यानी दो महीने चलने वाले इस राउंड की संभावित शुरूआत 21 जुलाई से की जाएगी। छिड़काव के लिए कालाजार से प्रभावित गांवों की पहचान वर्ष 2022, 23, 24 एवं अप्रैल 25 तक प्रतिवेदित मरीजों के आधार पर की गयी है। कालाजार नियंत्रणार्थ इस छिड़काव से 32 जिलों के कुल 1441 राजस्व गांवों के 17 लाख 83 हजार घरों की 92 लाख 72 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। छिड़काव के लिए 92 सौ से अधिक आशा कार्यकताओं को लगाया गया है, ताकि घरों में छिड़काव से दो दिन पहले ही घर वालों को सूचना मिल सके। कमरों एवं गोहाल के दीवारों पर छह फीट तक छिड़काव द्वितीय चक्र के अंतर्गत होने वाले छिड़काव में घरों के कमरों और गोहालों के छह फुट की दीवार तक सिंथेटिक पायरेथॉयराइउ का स्प्रे किया जाएगा। इसके लिए कंप्रेशन पंप सभी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को पहले से ही उपलब्ध है। छिड़काव कार्य का पर्यवेक्षण जिला भीबीडीसी पदाधिकारी तथा भीडीसीओ के द्वारा किया जाएगा। कालाजार प्रभावित 32 जिला के छिड़काव कर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षा हेतु राज्य स्तर से पीपीई किट यथा ग्लव्स, हेलमेट, फेस शिल्ड, जूता, शर्ट पैंट एवं मास्क उपलब्ध कराया जा चुका है। छिड़काव के दौरान टास्क फोर्स बैठक का आयोजन, स्कूलों में कालाजार कक्षा का आयोजन, आशा की सहभागिता, पंचायती राज के सदस्यों और स्कूल शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। छिड़काव दलों के द्वारा कालाजार मरीजों की खोज भी की जायेगी और ग्रामीणों को कालाजार, मलेरिया, डेंगू, मस्तिष्क ज्वर तथा फाइलेरिया आदि से बचाव की जानकारी भी दी जायेगी।

## पूरा बिहार भीषण सुखाड़ की चपेट में : संयुक्त किसान मोर्चा बिहार

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। 100 करोड़ का सुखा अनुदान का प्रस्ताव किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कना है। प्रकृति का अत्यधिक दोहन से जलवायु परिवर्तन का दोषी कॉर्पोरेट घरानों पर टैक्स लगाओ और किसानों को क्षतिपूर्ति दो। झारखंड में सामान्य से 70 फीसदी और यूपी में सामान्य से 6% ज्यादा वर्षा हुई।परंतु बिहार में मानसून की बेरुखी के कारण कृषि प्रधान बिहार में औसत से 46 फीसदी कम वर्षा के चलते लगातार जलस्तर नीचे जा रहा है। नदियों के जलस्तर में गिरावट का एक सबसे बड़ा कारण निर्ममता पूर्वक बालू का खनन भी है। चापाकल और बोरिंग फेल हो रही है।खेती के लिए पटवन की बात तो दूर पीने का पानी के लिए त्राहिमाम हैं।सबसे ज्यादा बाढ़ में डूबने वाला दरभंगा और मधुबनी में भी पीने का पानी के लिए हाहाकार मची है। बांका, जमुई, मुंगेर, नवादा,गया और औरंगाबाद में पेयजल का संकट गहराता जा रहा है। आधा से ज्यादा बिहार में 50 फीसदी से भी कम वर्षा और कुछ जिलों में 80 फीसदी से भी कम वर्षा के चलते किसानों का कंठ सूख रहा है। एक ओर भयानक सूखा से किसानों का होश उड़ रहे,तो दूसरी और उमस और भीषण गर्मी के चलते बड़े पैमाने पर लोग बीमार होकर अस्पतालों का चक्कर लगा रहे हैं। खासकर मौसमी बीमारी डायरिया,बुखार,सर्दी और खांसी से अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी है। इसका प्रतिकूल असर खरीफ फसलों पर पड़ेगा। खासकर धन रोपनी बिहार में दो फीसदी से,सीतामढ़ी में 8फीसदी,पूर्णिया में 10 फीसदी,सिवान में 3 फीसदी, सारण में 3 फीसदी,गोपालगंज में फीसदी, पूर्वी चंपारण में 3फीसदी,जहानाबाद में 3 फीसदी,मधुबनी और दरभंगा में दो फीसदी,भोजपुर में शुरू भी नहीं हुआ है। बक्सर,अररिया ज्यादा नहीं हो सकी है।अबतक कटिहार में मात्र 7 फीसदी, भागलपुर,समस्तीपुर और नालंदा आदि में किसान धान रोपनी शुरू करने के प्रयास में है।यदि सरकार अविलंब युद्धस्तर पर किसानों को प्रोत्साहित कर पर्याप्त अनुदान देकर धन रोपणी करने के लिए किसानों को प्रेरित नहीं करेगी,तो बिहार में धान के उत्पादन में 25 फिसदी से ज्यादा की कमी होगी।मौसम विभाग की ओर से जुलाई में और कम वर्षा होने के अनुमान से किसान किंग कर्तव्य विमूड है।संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता दिनेश कुमार,श्री अशोक प्रसाद सिंह, प्रोफेसर आनंद किशोर, अमेरिका महतो एवं भूप नारायण सिंह ने संयुक्त बयान प्रसारित कर बिहार सरकार से मांग किया है कि बिहार सरकार द्वारा मंत्रिमंडल से किसानों को अनुदान देने के लिए 100 करोड रुपए का प्रस्ताव देना ऊट के मुंह में जीरा के समान है। जिस प्रकार भयानक सूखा से आज बिहार के किसान जूझ रहे हैं और बड़े पैमाने पर बीमार होकर अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं।

# आईजीआईएमएस में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी: मंगल

## नई सुविधाओं से मिलेगा राज्य के गरीबों को उचित लाभ

### इमरजेंसी सेवा से मरीजों को मिलेगा पहले के मुकाबले अधिक सुविधा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ मंत्री एवं अध्यक्ष शासी निकाय इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान मंगल पांडेय के कर कमलों द्वारा क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के विभिन्न नई सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। इस नए क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के परियोजना का उद्घाटन सितंबर 2024 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ था। जिसके तहत विभाग को 24 घंटे इमर्जेन्सी सुविधाओं को उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि आज अत्यंत गौरव महसूस हो रहा है कि इस 24 घंटे इमर्जेन्सी कि सुविधा मरीजों को प्राप्त हो गयी। जिसके तहत इस इमर्जेन्सी सेवा में अल्ट्रासाउंड ,एक्स रे, आंखों की जांच हेतु विभिन्न अत्याधुनिक उपकरण एवं दो अत्याधुनिक मॉडयूलर ऑपरेशन थिएटर का भी उद्घाटन कर दिया गया। श्री पांडेय ने कहा कि इस परियोजना के तहत आये हुए अत्याधुनिक ल्यूमरा -आई माइक्रोस्कोप का भी लोकार्पण किया गया।



जिससे कि इमरजेंसी में आए हुए मरीजों को तत्काल ऑपरेशन की सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। हमारी यह कोशिश है कि बिहार के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से भी आए हुए मरीजों को कम से कम समय में उच्चतम गुणवत्ता वाली चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। इस इमरजेंसी में राउंड द क्लॉक चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। इसके अलावा लैब सर्विसेज का भी उद्घाटन किया गया है। जिसमें सारे बेसिक्स लैब इन्स्ट्रुमेंट साथ ही पीसीआर ,बायो केमिकल ऐनालाइजर ,एबीजी मशीन तथा अन्य उपकरणों का लोकार्पण हो गया ताकि इस भवन में एक ही छत के नीचे मरीजों को तमाम सुविधाएं दी जाए। स्वास्थ मंत्री ने ऐलान किया कि जल्द ही यहां 100 बेड का दंत चिकित्सालय एवं 50 सीट वाले डेंटल कॉलेज की स्थापना होगी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक संजीव चौरसिया तथा एमएलसी नवलकिशोर यादव, डीन अकैडमिक्स डॉ ओम कुमार, प्रिन्सिपल डॉ रंजीत गुहा, आयुष्मान भारत के बिहार के सीईओ शशांक शेखर सिन्हा तथा मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव अमिताभ सिंह भी उपस्थित रहे।

### रेटिना सर्विसेज व ग्लूकोमा सर्विसेज का उद्घाटन

स्वास्थ मंत्री मंगल पांडेय ने आईजीआईएमएस के क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के विभिन्न नई सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि आज इन सुविधाओं के अलावा दो अन्य सुविधाओं रेटिना सर्विसेज व ग्लूकोमा सर्विसेज का भी उद्घाटन कर दिया गया। रेटिना सर्विसेज में 30 दिन के बच्चों से लेकर वृद्ध मरीजों तक का इलाज किया जा रहा है और यह अत्यंत गौरव का विषय है। इसके अलावा ग्लूकोमा सर्विसेज में भी एक एक्स्ट्रा फील्ड ऐनालाइजर , इसपेकूलर माइक्रोस्कोप ,अल्ट्रासाउंड मशीन का भी लोकार्पण किया गया। जिससे की मरीजों के जांच में तेजी आएगी और कम समय में मरीज ठीक होकर घर लौट सकेंगे। आज जिन सुविधाओं का लोकार्पण किया गया है। उनमें कुछ उपकरण इस परियोजना के तहत एचएएल से प्राप्त हुए हैं तथा कुछ संस्थान ने क्रय किया है। इन सभी सुविधाओं की अनुमानित लागत तकरीबन 10 करोड़ है। आने वाले दिनों में यहाँ सिटी स्कैन मशीन का भी स्थापना कर दिया जाएगा तथा नौ मॉडयूलर ऑपरेशन थिएटर का भी काम पूर्ण हो जाएगा। मंत्री स्वास्थ्य ने आने वाले दिनों में इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान में रोबोटिक सर्जरी एवं 20 बेड के सीसीएम तथा 20 डायलीसिस यूनिट की अगस्त 16 तक स्थापना होनें की बात कही। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के चीफ डॉ विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि हमारा लक्ष्य सिर्फ मरीजों को सेवा प्रदान करना एवं भारत के पटल पर एक नेत्र सुविधाओं को प्रदान करने वाला सर्वोच्च संस्थान बनाने का है। निदेशक एवं वाईस चान्सलर इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान तथा बिहार मेडिकल यूनिवर्सिटी डॉक्टर प्रोफेसर बिंदे कुमार ने इन सुविधाओं पे गर्व जाहिर किया तथा तथा नेत्र विभाग को इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान का सिरमौर बोला तथा उन्होंने उम्मीद जाहिर की।

## सूबे में युवा आयोग के गठन की घोषणा ऐतिहासिक कदम : उमेश

कहा– बिहार के स्वर्णिम भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार कैबिनेट द्वारा युवा आयोग के गठन की घोषणा को एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय करार दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारा बिहार देश के सबसे युवा राज्यों में से एक है। ऐसे में राज्य के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह फैसला बिहार के स्वर्णिम भविष्य की मजबूत नींव रखेगा। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि युवा आयोग के गठन से न केवल युवाओं की समस्याओं का गहन अध्ययन और समाधान संभव होगा, बल्कि उन्हें रोजगार, नौकरी, उद्यमिता और नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं से जोड़ने की दिशा में भी यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने इस पहल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता का प्रमाण बताया और कहा कि हमारे नेता ने सदैव युवाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता कि पिछले 20 वर्षों में बिहार में युवाओं की दशा और दिशा, दोनों में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्र-छात्राओं के सपनों को संबल देने के उद्देश्य से शुरू की गई स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, युवा उद्यमी योजना, तथा राज्यभर में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की स्थापना जैसी योजनाएं लाखों युवाओं के जीवन में नई रोशनी लेकर आई हैं। ये पहलें न केवल शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायक रही हैं, बल्कि इन्होंने एक पूरी पीढ़ी को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने का माध्यम भी बनी हैं।

## बड़ी संख्या में लोगों ने राजद की सदस्यता ली : मंगनी



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूर्री सभागार में मिलन समारोह प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर भारतीय लोक चेतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कीर्तन प्रसाद सिंह, युवा लक समता के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय कुशवाहा अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पूर्व सांसद अनिल कुमार साहनी, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मधु मंजरी प्रदेश महासचिव मदन शर्मा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सहनी के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री मंगनी लाल मंडल ने कहा कि खुशी की बात है कि सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा को मजबूती प्रदान करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण किया है। इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय जनता दल अन्तिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति को आगे लाने की सोच रखती है और उसको आगे बढ़ाने के लिए सभी लोग राष्ट्रीय जनता दल के साथ जुड़ रहे हैं। इन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय जनता दल लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में सभी लोगों को जोड़कर एक ऐसा बिहार बनाने के प्रति संकल्पित है जिसमें सभी को मान -सम्मान मिले। और बिहार में तेजस्वी जी के नेतृत्व में नौकरी, रोजगार और बिहार को विकास आयाम देने वाली सरकार बने। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल सहित अन्य नेताओं के समक्ष डॉ कीर्तन प्रसाद सिंह, धनंजय कुशवाहा, राकेश रंजन सिंह, अवनीत कुमार, महेश वर्मा, हरेंद्र पासवान, राम बाबू राय, अखिलेश कुमार, कमल देव वर्मा, नवल किशोर सिंह, अखिलेश वर्मा, देवेंद्र वर्मा, अरविंद वर्मा, सौरभ कुमार, संधीर सिंह, मुन्ना वर्मा, कुंदन राम, लव कुश कुशवाहा, लोहा कुशवाहा, भीम कुमार, विवेक कुमार, मंटू कुमार, शैलेश कुमार सहित सैकड़ों लोगों को पार्टी की सदस्यता रसीद के साथ फुलों की माला, प्रतीक चिन्ह गमछा एवं गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी शौर्य गाथा सह सम्मान समारोह का आयोजन

## देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं अद्भुत कार्य : कमलेश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा मंगलवार को पटना के रविन्द्र भवन में महाराजा बिजली पासी शौर्य गाथा सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों की शौर्य गाथा सुनने और उनके विषय में जानने से हमें भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी चिंता की, कि विकास की योजनाएं अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह समाज जिसके साथ खड़ा होता है, तो उसको एहसास हो जाता है कि यह समाज उसके साथ है। उन्होंने कहा कि पासी और पासवान में अंतर नहीं है। आज एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि हम भाजपा के साथ हैं। आज देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अद्भुत कार्य हो रहे हैं।

### आने वाली पीढ़ी को देश के महापुरुषों के विषय में बताने की जरूरत: दिलीप

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज हम वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी के शौर्य गाथा की चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनके वीर गाथा को ही नहीं, इनके नाम को भी पूर्ववर्ती सरकारों ने इतिहास के पन्नों में दफन कर दिया था, लेकिन भाजपा ऐसे अपने पुरखों को न केवल



सम्मान दे रही है बल्कि उनकी गाथा की चर्चा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आज हमारी पीढ़ी को ही नहीं, आने वाली पीढ़ी को भी इस समाज और प्रदेश, देश के महानायकों को जानने की आवश्यकता है, जिससे वह जान सकें कि इस प्रदेश और देश को बनाने में पूर्वजों ने कितनी मेहनत की थी। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी ने समाज को जोड़ने का काम किया। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे, तब महाराजा बिजली पासी के नाम पर एक डाक टिकट जारी करने का काम किया गया था।

## राजद कार्यालय में मनी पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं युवा तुर्क चन्द्रशेखर की पुण्यतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि चन्द्रशेखर युवा तुर्क नेता के रूप में सामने आये जिसने दृढ़ता, साहस एवं ईमानदारी के साथ निहित स्वार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वैचारिक और सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद, अनिल कुमार साहनी, पूर्व मंत्री डॉ रामानंद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, डॉ अनवर आलम, बल्ली यादव, भाई अरुण कुमार, फैयाज आलम कमाल, मदन शर्मा, निराला यादव, सारिका पासवान, प्रमोद कुमार सिन्हा, इंजीनियर अशोक यादव, मधु मंजरी, शोभा प्रकाश आदि थे।

## गोपाल खेमका हत्याकांड का खुलासा पुलिस की बड़ी कामयाबी : राजीव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने गोपाल खेमका हत्याकांड का पुलिस द्वारा बेहद कम समय में उद्भेदन को पुलिस की बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस घटना की जांच की निगरानी कर रहे थे और उन्होंने पुलिस को इस मामले में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तार के सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में कोई भी अपराधी अपराध कर बच नहीं सकता है और उसे कानून के शिकंजे में लाने का काम पुलिस करती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है साथ ही इस घटना के मास्टरमाइंड को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में फिलहाल गहन जांच कर रही है और जल्दी ही इस घटना के दूसरे आरोपियों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और किन परिस्थितियों में अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया वो इसके तह तक जाने का काम करेगी। तेजस्वी यादव को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले नेता प्रतिपक्ष को इस मामले में राजनीति नहीं करनी चाहिए और अगर उनके पास कोई जानकारी है तो उन्हें पुलिस से साझा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कानून का राज स्थापित करना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार की प्राथमिकता रही है और यही कारण है कि आज बिहार में भय का कोई माहौल नहीं है। शाम हो या फिर देर रात लोग आराम से घरों से बाहर निकलकर घूम फिर रहे हैं और सकुशल अपने घर पहुंच रहे हैं साथ ही महिलाएं आज खुद को बेहद सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

## पूर्व विधायक स्व सत्यदेव कुशवाहा के श्राद्धकर्म मे पहुंचे मुख्यमंत्री



प्रातः किरण संवाददाता

पटना/करपी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को कुर्था विधानसभा के पूर्व विधानसभा सदस्य स्व सत्यदेव कुशवाहा के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। श्राद्धकर्म में गोह विधानसभा के पूर्व विधायक रणविजय सिंह, पूर्व विधायक मनोज शर्मा ,जहानाबाद के पूर्व विधायक अभिराम शर्मा जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी , रालोमो के वरिष्ठ नेता पप्पू वर्मा जदयू के प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल जहानाबाद के पूर्व विधायक मुनीलाल सिंह यादव जहानाबाद के वर्तमान विधायक सुदय यादव लोजपा (रा) सत्येंद्र रंजन,लोजपा के सुनील यादव सहित अरवल जिले एवं औरंगाबाद जिले के कई वरिष्ठ सहयोगी इस अवसर पर पहुंचकर पूर्व विधायक साथी सत्यदेव को अपनी श्रद्धांजलि दी।

## नोटबंदी और देशबंदी से भी घातक होगा वोटबंदी: राजेश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। नोटबंदी और देशबंदी से भी घातक प्रक्रिया इस बार अपनाई गई है वो है बिहार में भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा लाई गई वोटबंदी की प्रक्रिया ये बातें प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कही। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग कह रही है कि 36.47 प्रतिशत मतदाताओं के पुनरीक्षण का काम पूरा हो चुका है। जबकि इंटरनेट पर अपलोड केवल 11% ही हुआ है यह आंकड़ों में अंतर साफ बता रहा है कि चुनाव आयोग गलत बयानी हमारे 9 जुलाई को आहुत बंद को लेकर कर रही है। बिहार में चुनाव से पूर्व यह प्रक्रिया संचालित कर चुनाव आयोग बिहार के मतदाताओं को कंफ्यूज कर पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर काम कर रही है। जबकि बीएलओ द्वारा अब तक पूरे फॉर्म मतदाताओं तक बांटे भी नहीं गए हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रही है और मतदाता सूची का इतने कम समय में पुनरीक्षण करना ही बता रहा है कि चुनाव आयोग भाजपा के द्वारा तय निर्देशन में काम कर रही है।

### चुनाव आयोग नागरिकता देने की संस्था नहीं :अभय दुबे

एआईसीसी के बिहार के नेशनल मीडिया कॉर्डिनेटर अभय दुबे ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अरुण जेटली ने राज्यसभा में 22 अप्रैल 2002 में एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया सिर्फ घर छोड़कर गए लोग और जो मृत मतदाता हैं ।

## नीतीश कुमार ने बिहार की बेटियों को 35 फीसदी आरक्षण देकर बढ़ाया मान : जदयू

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनुप्रिया एवं मीडिया पैनलिस्ट पूजा पैट्रिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार ने एक बार फिर महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाया है। मीडिया में जारी बयान में उन्होंने कहा कि बिहार कैबिनेट की तरफ से राज्य की मूल निवासी महिलाओं को सभी सरकारी सेवाओं, संवर्गों और पदों पर सीधी नियुक्ति में 35 फीसदी आरक्षण प्रदान करने का फैसला नीतीश सरकार का ऐतिहासिक कदम है। यह निर्णय न केवल बिहार की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि नीतीश सरकार की न्याय के साथ विकास की परिकल्पना को और मजबूत करता है। यह न सिर्फ बिहार की बेटियों को बराबरी का हक देगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक क्रांतिकारी पहल साबित होगी। इससे पहले महिलाओं को सरकारी सेवाओं में 35: आरक्षण का लाभ तो मिल रहा था, लेकिन अब यह सुनिश्चित किया गया है कि इस लाभ का सीधा फायदा बिहार की मूल निवासी महिलाओं को ही मिले। इससे बाहर से आकर आवेदन करने वालों को रोका जाएगा और स्थानीय महिलाओं को सरकारी अवसरों में प्राथमिकता दी जाएगी। यह निर्णय नीतीश सरकार की उन तमाम योजनाओं का हिस्सा है, जो महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित हैं। चाहे वह पंचायती राज और शहरी निकायों में आरक्षण हो, जीविका परियोजना के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन हो, या मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत शिक्षा और प्रोत्साहन, नीतीश सरकार ने हमेशा महिलाओं को प्राथमिकता दी है।

## बिहार में युवा आयोग गठन का फैसला सराहनीय : चिराग



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिहार में युवा आयोग की मांग लंबे समय से रही है। इन मांग को लेकर मैंने भी लंबे समय से बिहार सरकार से आग्रह किया था। बिहार एक युवा राज्य है, एक बड़ी आबादी युवाओं की है। ऐसे में ये युवा अवस्थाओं के अभाव में दूसरे राज्यों में जाने के लिए मजबूर होते हैं। इस कारण हम लोग पलायन पर जिस स्तर पर नियंत्रण पाना चाहते हैं, वो नहीं कर पा रहे हैं। मैं अपनी और मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद करता हूं। आने वाले दिनों में जब हम विकसित देश की कल्पना करते हैं, जो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक लक्ष्य है, उसे बनाने में बिहार की एक अहम भूमिका होगी। बिहार युवा आयोग की भी एक अहम भूमिका होने जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिवास नीति के तहत महिलाओं को सशक्त करने के लिए जो एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है और 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। यह भी एक महत्वपूर्ण और सही समय पर लिया गया फैसला है। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

### कैबिनेट फैसला : पथ निर्माण विभाग की 13 योजनाओं की मंजूरी

## सूबे की 110 किलोमीटर सड़कों का होगा विकास : नितिन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में पथ निर्माण विभाग की 13 योजनाओं को मंजूरी दी है। 667 करोड़ रुपये की लागत से राज्य की 110 किलोमीटर से अधिक सड़कों और एक पुल का निर्माण होगा। इससे आवागमन, व्यापार और ग्रामीण संपर्क में बड़ा सुधार आएगा। बिहार में अधोसंरचना विकास की दिशा में एक और अहम निर्णय लेते हुए पथ निर्माण विभाग ने विभिन्न जिलों में सड़क और पुल परियोजनाओं के लिए 667 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इन योजनाओं के तहत करीब 110 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाएगा, जिससे आवागमन पहले की अपेक्षा अधिक सुलभ, सुरक्षित और तीव्र हो सकेगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन



नवीन ने कहा कि ये योजनाएं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस महत्वाकांक्षी विजन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं, जिसके तहत वर्ष 2027 तक राज्य के किसी भी कोने से राजधानी पटना तक अधिकतम साढ़े तीन घंटे में पहुंचना संभव हो सकेगा। इन योजनाओं में समस्तीपुर से लेकर कटिहार तक कुल 11 जिलों की सड़कें शामिल हैं। समस्तीपुर जिले में मोहिउद्दीननगर (बलुआही) से चकला तक 6.80 किमी लंबे पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 3236.52 लाख की स्वीकृति दी गई है, वहीं मधेपुरा प्रमंडल में चांदनी चौक एनएच-107 से पस्तपार एनएच-106 तक 10.813 किमी सड़क के विकास पर 3769.46 लाख खर्च होंगे। बेतिया प्रमंडल अंतर्गत बगहा से होकर गोइटी, मंझरिया, कथुलिया बाजार, विजयनगर और सेमरा बाजार होते हुए सेमरा तक 14 किमी लंबी सड़क और पुल का निर्माण 6450.33 लाख की लागत से होगा।

मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इसी प्रकार गोपालगंज जिले में बरौली सुरवर मोड़ से नुतन मोड़ भाया कल्याणपुर तक 7.70 किमी पथ के चौड़ीकरण के लिए 3556.34 लाख स्वीकृत किए गए हैं। सहरसा में महुआ बाजार से ग्वालपारा भाया बलेथा, बसनही तक 9.103 किमी सड़क पर 3944.59 लाख की राशि खर्च की जाएगी। पूर्णिया-कटिहार पुराने सरेखन वाले एनएच-131ए के दलन चौक से मनिहार मोड़ होते हुए कुशवाहा चौक तक कुल 14 किमी पथ को 5566.53 लाख की लागत से चौड़ा और मजबूत किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इन सभी परियोजनाओं को मिलाकर कुल 110.106 किमी सड़कें और एक प्रमुख पुल का निर्माण किया जाएगा।

### नवादा जिले के लिए दो बड़ी परियोजनाएं स्वीकृत

नवादा जिले को दो बड़ी परियोजनाएं मिली हैं, जिनमें पहली है हिसुआ बाईपास निर्माण। यह बाईपास एनएच-82 पर बगोदर से एसएच-8 के उर्सा आहर होते हुए करमचक तक 2.90 किमी लंबा होगा। इसके लिए 3519.33 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। दूसरी परियोजना के तहत नवादा के लेधा, कझिया, नाद, कूलना, कौशी, भुमई होते हुए अकबरपुर एसएच-103 तक 13.70 किमी सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 6970.23 लाख की स्वीकृति दी गई है। मंत्री ने बताया कि इस श्रृंखला में शाहाबाद पथ प्रमंडल अंतर्गत आरा जिले के कुरमुरी से बंधवा तक 8.890 किमी लंबी सड़क को भी 3353.24 लाख की लागत से चौड़ा और मजबूत किया जाएगा। मधुबनी जिले के अंधराठाढ़ी प्रखंड के भदुआर घाट और झंझारपुर प्रखंड के खैरा घाट के बीच कमला बलान नदी पर पुल और पहुंच पथ के निर्माण के लिए 15412.53 लाख की स्वीकृति मिली है। यह पुल न केवल दो प्रखंडों को जोड़ेगा। इधर मोतिहारी जिले में माधोपुर-बहुरूपिया से दुबौलिया चौक एनएच-727 तक 7 किमी सड़क का चौड़ीकरण 3170.52 लाख में किया जाएगा। दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड स्थित कपछाही से दाईंग भाया अम्मपट्टी, दशरथपट्टी, गैघट्टी, सतघरा और दरगाहा तक 5 किमी सड़क को भी 3960.29 लाख में दुरुस्त किया जाएगा। इसी तरह पूर्वी चंपारण के ढाका पथ प्रमंडल अंतर्गत चकिया एनएच-27 से मधुबन तक 10.20 किमी सड़क का उन्नयन 3857.42 लाख में किया जाएगा।कटिहार जिले को भी एक महत्वपूर्ण परियोजना मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### तिरहुत मुख्य नहर के पुनर्स्थापन से मिलेगी सिंचाई सुविधा

मुजफ्फरपुर ।जल संसाधन विभाग सिंचाई सुविधा को सशक्त बनाने के लिए नहर प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण और पुनर्स्थापन की दिशा में तेजी से कार्य प्रारंभ कर रहा है। विभाग का उद्देश्य यह है कि खेती की मुख्य अवधि में जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके, ताकि किसानों की उपज पर मौसम का प्रतिकूल असर न पड़े। मुजफ्फरपुर जिले के अंतर्गत तिरहुत मुख्य नहर के विभिन्न खंडों में पुनर्स्थापन, लाइनिंग और संरचना निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है।, इसे निर्धारित समय-सीमा से पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ।इन कार्यों से नहर की जल वहन क्षमता में वृद्धि हुई है और सिंचाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है ।इन योजनाओं से मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर, साहेबगंज, मरवन, कांटी, मुरौल, मुशहरी, कुढ़नी एवं सकरा प्रखंड के किसान लाभान्वित होंगे। खेतों तक पानी की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित होने से समय पर बुवाई और सिंचाई संभव हो सकेगी, जिससे उत्पादन और कृषि आय में वृद्धि की उम्मीद है।

### नगर निगम चलाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

मुजफ्फरपुर। कांवरियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु रामदयालु रेलवे गुमटी, आरडीएस कॉलेज, अघोरिया बाजार, आमगोला, साहूपोखर होते हुए बाबा गरीबनाथ मंदिर तक के कांवरिया मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। सभी अस्थायी व अवैध दुकानदारों को सूचित किया गया है कि मंगलवार से यह अभियान आरंभ होगा। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी अस्थाई दुकानदारों से अपील है की गई है कि वे स्वयं अपनी दुकानें हटा लें। यदि निर्धारित समय पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो नगर निगम प्रशासन द्वारा जबरन अतिक्रमण हटाते हुए जुमार्ना वसूल किया जाएगा एवं संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

### सब्जी भरी नांद में गिरने से किशोरी हुई जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय धुरुवगामा स्कूल के परिसर में मंगलवार को मध्याह्न भोजन खिलाने के दौरान सब्जी भरी गर्म नांद में गिरने से 6 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी किशोरी की पहचान विद्यालय के प्रथम कक्षा की छात्रा धुरुवगामा गांव के ही दिलीप कुमार राम की 6 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई है ।हालांकि उक्त किशोरी को जख्मी की हालात में स्कूल के शिक्षक ने प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने पारथिमकी उपचार के बाद बेहतर ईलाज डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक मनेदर कुमार सिन्हा ने बताया कि अभी मैं चुनावी ड्यूटी पर हूं ।विद्यालय के शिक्षक के द्वारा बच्चों का ईलाज कराई जा रही है ।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने को लेकर नगर निगम में बैठक

मधुबनी। नगर निगम सभागार में सोमवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को गति देने के उद्देश्य से एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम के मेयर अरुण राय ने की, जिसमें निगम के सभी 1 से 45 वार्डों के पार्षद उपस्थित थे ।बैठक में मेयर व नगर आयुक्त अनिल चौधरी ने सभी वार्ड पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को पुनरीक्षण फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें तथा समय पर बीएलओ के पास जमा कराने में सहयोग करें ।मेयर अरुण राय ने कहा कि यदि किसी मतदाता को फॉर्म भरने या अन्य किसी प्रक्रिया में कठिनाई होती है, तो वे स्वयं या नगर आयुक्त से टेलीफोन पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, बीएलओ को ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर से संपर्क कर समाधान कराने की व्यवस्था की गई है ।नगर आयुक्त अनिल चौधरी ने वार्ड पार्षदों से अनुरोध किया कि वे मतदाता पुनरीक्षण कार्य को प्राथमिकता दें और बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाएं। बैठक में मौजूद सभी वार्ड पार्षदों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकली गई साइकिल रैली

विभूतिपुर/समस्तीपुर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभूतिपुर में जनता दल यू की ओर से साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल के नेतृत्व में निकाला गया जो प्रखंड के विभिन्न पंचायत में घूम कर मतदाता को जागरूक किया। रैली में प्रखंड अध्यक्ष के अलावा, जिला एवं राज्य नेता अंजनी कुशवाहा, जिला प्रभारी भूमि पाल राय, तरुण सिंह, सत्यनारायण राय, महेश्वर प्रसाद सिंह,विधानसभा प्रभारी राम विनय सिंह, राम आशीष प्रसाद सिंह, रंजीत कुमार सिंह, श्याम नंदन आर्या, अवधेश राय, रामबालक राय, रामबाबू राय, दीप नारायण राय, गंगाराम, सियाराम महतो, रामशेखर राय, कपिल देव राय आदि शामिल थे।

# बढ़ी हुई पेंशन राशि का 11 जुलाई को सीएम करेंगे डीबीटी के माध्यम से अंतरण

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 जुलाई को बड़ी हूई सामाजिक सुरक्षा पैंशन वितरण की शुरूआत करेंगे। डीबीटी के माध्यम से राशि पेंशनधारकों के खाते में भेजी जाएगी ।सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग जनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून 2025 से 400 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिला में कुल 531618 लाभार्थी हैं।

**मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 2 लाख**

1 0 हजार311 लाभार्थी, बिहार निशक्तता पेंशन योजना के तहत 25 ह्जार 636 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 29 हजार162 लाभार्थी , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन के तहत 3 हजार 457 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 38 हजार 399 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 2 लाख24 हजार 653 लाभार्थी है ।11 जुलाई को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पटना में कार्यक्रम आयोजित कर जून माह से लाभार्थियों को बढ़े हुए दर पर मिलनेवाली राशि को डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में अंतरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय, पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर पंचायतवार होने वाले कार्यक्रम के स्थलों की सूची तथा हर स्थल के लिए प्रभारी नामित कर प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। विदित हो कि पूरे जिले में 2 हजार लोकेशंस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लाभुकगण सुन सकेंगे ।हर पंचायत में 6 से 7 स्थलों पर कार्यक्रम होना है । प्रत्येक केंद्र पर न्यूनतम 100 व्यक्ति तथा प्रखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में न्यूनतम 200 व्यक्ति शामिल होंगे। पंचायत स्तर पर प्रभारी के रूप में पंचायत सचिव, राजस्व कर्मी, विकास मित्र,रोजगार सेवक, आवास सहायक, किसान सलाहकार आदि को नामित किया जा सकता है। जिले के संपूर्ण कार्यक्रमों के संपादन हेतु उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है ।इस अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों के बीच मुख्यमंत्री के संदेश की प्रति भी वितरित की जाएगी ।बैठक में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रेयाश्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक अनीशा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस को बड़ी सफलता: बैंक ऑफ महाराष्ट्र डकैती मामले में दो गिरफ्तार, लूटा गया सोना बरामद



समस्तीपुर प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर, नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र, काशीपुर में 7 मई 2025 को हुई सनसनीखेज डकैती कांड में समस्तीपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया सोना, दो मोबाइल, एक बैग और नगद राशि बरामद की है। 7 मई 2025 को 6-7 अज्ञात अपराधियों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र, काशीपुर में दिनदहाड़े हथियार के बल पर बैंककर्मियों व ग्राहकों को बंधक बनाकर करीब 15,02,791 नगद, सोना, मोबाइल और बैंक से जुड़े दस्तावेज लूट लिए थे। इस मामले में नगर थाना कांड संख्या 113/25, धारा 310(2) भा.न्या.सं. के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम व एसटीएफ बिहार पटना द्वारा लगातार छापेमारी कर मामले की तह तक जाने की कोशिश की जा रही थी। इसी क्रम में कुख्यात अपराधकर्मी अखिलेश राय उर्फ गोलाई राय उर्फ गोलू को नगर थाना अंतर्गत डीआरएम चौक से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया और अपने सहयोगियों के नाम बताए। उसके बताए अनुसार उसके घर से लूट का आभूषण, मोबाइल व बैग बरामद किया गया। अखिलेश राय की पत्नी सविता देवी को भी लूट का सोना छिपाकर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अखिलेश राय एक कुख्यात पेशेवर अपराधी है। उस पर पटोरी, महनार, जंदाहा, हाजीपुर सहित कई थानों में 38 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें डकैती, लूट, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट व अन्य संगीन धाराएं शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधी ने खुलासा किया कि उसने दीपक मुंशी और रमेश झा के साथ मिलकर इस घटना की साजिश रची थी। पहले बैंक का रैकी किया गया, लोन लेने के बहाने बैंक में जाकर स्थिति का मुआयना किया गया, और फिर दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिया गया। अब तक की बरामदगीः- सोनाः कुल 2 किलो 780 ग्राम 842 मिलीग्राम (अनुमानित मूल्य 2.7 करोड़),नकदः 19,200,मोबाइलः2 अब तक इस मामले में कुल 10 से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें प्रमुख नाम हैंः करमवीर कुमार उर्फ देशमुख, रविश कुमार, रणधीर कुमार उर्फ बबलू, दीपक मुंशी, रमेश झा, विट्टू कुमार, अभिषेक गुप्ता उर्फ राजन, अनुराधा कुमारी, फुलपरी देवी, दीपक कुमार (सोनार) आदि। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बाकी लूटे गए सामान की बरामदगी और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद कई नए सुराग भी हाथ लगे हैं।

## शाही लीची को बचाने के लिए चलाया जा रहा पुनर्स्थापन अभियान




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।पर्यावरणविद् सुरेश गुप्ता शाही लीची के पेड़ों की संख्या लगातार कम होने को लेकर काफी चिंतित हैं। लीची के इस प्रभेद को बचाने के लिए उन्होंने 36 दिनों तक घूम- घूम कर शाही लीची पुनर्स्थापन अभियान चलाया है। उनका कहना है कि विश्व प्रसिद्ध शाही लीची अपनी मिठास और खुशबू के कारण कभी मुजफ्फरपुर की पहचान और शान हुआ करती थी। पिछले दो दशक में उसका पेड़ 70 फीसदी कट जाने से इसकी संख्या नगण्य हो गई है। इसे लेकर उन्होंने 36 दिन का अभियान मुजफ्फरपुर में चलाया। सोमवार को बेरिया में पर्यावरणविद् सुरेश गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि दो दशक में मुजफ्फरपुर के शाही लीची का पेड़ 70 फीसदी कट गया। इसे पुनर्स्थापित करने के लिए मुजफ्फरपुर के लीची उत्पादक किसानों के बीच उन्होंने 3 जून से अभियान शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने लोगों से बुके के बदले शाही लीची का बुके देकर सम्मानित करने और लीची से निर्मित वस्तुएं गिफ्ट में देने का आग्रह किया ।उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अन्य लोगों को बताएं कि आप लीचीपुरम में है ।मीठा मुस्कुराइए और मीठा बोलिए इससे सामाजिक समरसता बढ़ेगी। सुरेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने इस क्रम में जिले के न्यायाधीशों तमाम अधिकारियों, समाज सेवी और राजनेताओं, शिक्षाविदों के अलावे उप मुख्यमंत्री को भी लीची का बुके देकर सम्मानित किया एवं विभिन्न संस्थाओं को प्रेरित किया तिकि वे कला, साहित्य, चित्रकला एवं प्रिंटिंग आदि में शाही लीची की थीम का उपयोग करें ।इसी कड़ी में उन्होंने किलकारी भवन के कलाकारों यूपीएससी और बीएससी में उत्तीर्ण सफल अभ्यर्थियों को भी शाही लीची का बुके देकर और लीची का मुकुट बनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, शाही लीची को बचाने उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ।

## आम हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी मुकम्मल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। महागठबंधन के आह्वान पर आज के आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए महागठबंधन के सभी घटक दलों ने एंडी चोटी का जोर लगा दिया है। इनका दावा है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के बहाने गरीब मतदाताओं का मताधिकार छीनने के सवाल पर पहली बार इस आम हड़ताल का जनता का बड़ा समर्थन मिल रहा है। पूरी तरह चक्का जाम रहेगा। गायघाट विधानसभा अंतर्गत कपूर्री ठाकुर स्मृति भवन के सभागार में आम हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाने की रणनीति को ले कर आज महागठबंधन के घटक दलों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में गायघाट प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष पांचू महासेठ, भीआईपी के रामपुकार सहनी, कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष राम ललित यादव, भाकपा माले के जितेंद्र यादव समेत माकपा और भाकपा के अंचल सचिव उपस्थित थे। बैठक की जानकारी देते थे हुए गायघाट विधायक निरंजन रियल ने बताया कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के बहाने निर्वाचन आयोग पिछले दरवाजे से गरीब किसान ,मजदूरों को उसके मताधिकार से वंचित करने का लोकतंत्र विरोधी कार्त कर रहा है। बिहार की जनता इस नापाक इरादे को हर्गिज सफल नहीं होने देगी। आम हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाकर जनता एनडीए सरकार और चुनाव आयोग को अपनी ताकत दिखा देगी। उन्होंने दावा किया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में चक्का जाम पूरी तरह सफल रहेगा। एन एच 27 पर वाहनों को चलने नहीं दिया जाएगा। आज दिन भर लाउडस्पीकर से गांव - गांव में प्रचार कर जनता से इस आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई ।मुजफ्फरपुर शहर में भाकपा द्वारा हड़ताल की पूर्व संध्या पर हड़ताल को सफल बनाने के लिए मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया है। उधर दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा आहूत और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा समर्थित देशव्यापी आम हड़ताल से भी बिहार महागठबंधन की हड़ताल को बल मिलने की बात कही जा रही है। यह हड़ताल भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों--मसलन चार मजदूर-विरोधी और एकाधिकार पूंजीपतिपरस्त श्रम संहिताओं को लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और सरकारी उद्यमों के निजीकरण में तेजी लाने, स्थायी प्रकृति के रोजगार के ठेकेदारीकरण और आकस्मिकीकरण, ह्यहायर एंड फायरह्व नीति को लागू करने हेतु निश्चित अवधि रोजगार की शुरूआत जैसे कठोर उपाय, उपभोक्ता-विरोधी बिजली (संशोधन) विधेयक 2023 और स्मार्ट मीटर लगाने, काम के घंटों में वृद्धि, कार्यबल में मनमानी आदि के विरोध में आहूत की गई है।

## साइकिल रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर दिनांक 8 जुलाई 2025 को सुबह मतदाता जागरुकता हेतु प्रदेश के हर पंचायत/वार्ड में साइकिल रैली निकाली गई इस मौके पर जिला जदयू समस्तीपुर की सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर मतदाता जागरूकता साईकिल रैली कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं समस्तीपुर मुख्यालय में पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता साईकिल रैली जद यू कार्यलय लोहिया आश्रम से निकला गया नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम को भारत-रत्न जननायक कपूरी ठाकुर के स्मारक स्थल पर समाप्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी ने कहा कि विपक्षी दल के नेताओं के द्वारा जनता के बिच भ्रम को फैलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते कोई भी परिवार का संवैधानिक अधिकार नहीं छिन सकता है। जदयू का नारा है देखो कोई छूटे नहीं फजी कोई जुटे नहीं सत्यापन हम करायेगें मतदान को स्वच्छ बनायेगें आदि नारों के साथ जदयू समस्तीपुर के कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर साइकिल रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया ।इस मौके पर जिला महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुबोध कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता अनस रिजवान, प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह, बिरिया देवी ,अशरफी सहनी,दयानंद ठाकुर, तोहिद अंसारी, नरेंद्र भगत,मुकेश कुमार, संतोष साह, रविन्द्र ठाकुर, संजीत कुशवाहा,रजा अहमद, इंद्रजीत कुमार, सिंघेश्वर भगत, अरविंद कुशवाहा, जितेन्द्र बब्बलु, भरत भूषण, प्रेम कुमार, संजय महतो,मनोज कुमार, अमरजीत, रामकृपाल पंडित, हजारी साह,उदय शंकर,शुभकांत ठाकुर, कुंदन कर्ण,टुनटुन पौदार, विष्णुदेव, मिथलेश कुमार, गोविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीतामढ़ी निवासी युवक की बेनीपट्टी सीमा क्षेत्र में हत्या, पुलिस जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिनुआरा गांव के समीप एक युवक का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की हत्या अत्यंत ही निर्मम तरीके से की गई है। सूत्रों के अनुसार युवक की एक आंख निकाल ली गई है, साथ ही शरीर के पिछले हिस्से पर धारदार हथियार से वार किए गए हैं। मृत युवक की पहचान उसके पास से बरामद मोबाइल के आधार पर रवि मंडल के रूप में हुई है, जो सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है ।शव मिलने का स्थान सीतामढ़ी और मधुबनी जिले की सीमा से सटा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही सीतामढ़ी जिले के चरौत थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन शव मिलने का स्थान बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में होने के कारण उन्हें लौटना पड़ा। अब मामले की जांच का जिम्मा बेनीपट्टी थाना को सौंपा गया है। मौके पर पहुंचे बेनीपट्टी थाना प्रभारी शिवशरण साह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की तहकीकात की जा रही है ।घटना की जानकारी फैलते ही आस-पास के क्षेत्रो से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। पुलिस द्वारा अर्जुन सहित अन्य परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

## श्यामा महोत्सव के लिए 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत : संजय सरावगी



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।माधेश्वर परिसर स्थित ऐतिहासिक माँ श्यामा मंदिर में इस वर्ष होने वाले श्यामा महोत्सव के आयोजन हेतु बिहार सरकार द्वारा 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस बात की जानकारी बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने दी। मंत्री श्री सरावगी ने बताया कि श्यामा महोत्सव का आयोजन दो दिवसीय होगा। यह राशि महोत्सव की भव्यता और दिव्यता में चार चाँद लगाने का कार्य करेगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से राशि की स्वीकृति मिली है। इस राशि से मंदिर परिसर की सजावट, श्रद्धालुओं की सुविधा, विद्युत-प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि माँ श्यामा मंदिर दरभंगा की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का प्रतीक है। यहाँ प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु आस्था एवं श्रद्धा के साथ माँ श्यामा की आराधना हेतु एकत्रित होते हैं। ऐसे में श्यामा महोत्सव का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल करेगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता को भी मजबूत बनाएगा। मंत्री श्री सरावगी ने आगे कहा कि एनडीए सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए संकल्पित है। माधेश्वर परिसर और यहां की मंदिरों की गरिमा, व्यवस्था और दिव्यता को बनाए रखने तथा उसे आगे बढ़ाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय श्यामा महोत्सव दरभंगा वासियों के लिए गौरवमयी अवसर होगा।

## जदयू ने साईकिल रैली निकालकर लोगों को किया जागरुक

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा/बेनीपुर/अलीनगर। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर जदयू के जिला अध्यक्ष ईश्वर मण्डल व नगर अध्यक्ष माधव झा के संयुक्त नेतृत्व मे जन जागरूकता साईकिल रैली मनोकामना मन्दिर से रेलवे स्टेशन, दोनार चौक, कपूरी चौक, नाका 6,कोतवाली थाना, मिजार्पुर चौक, होते हुए पुनः मनोकामना मन्दिर तक सैकड़ों साइकिल की संख्या मे आज साईकिल रैली निकाली गई। रैली में जिला संगठन प्रभारी केदारनाथ भण्डारी, नगर संगठन प्रभारी सुधीर राय, मदन प्रसाद राय, कमरे आलम, अशोक सिंह, अजय सत्संगी, राकेश रौशन यादव, रविन्दर यादव, मनोज साह, विजय जलान, श्याम मण्डल, शशि चंद्र पटेल, राजीव कुमार सिंह, नागेंद्र पासवान, राजीव झा लालू,बिट्टू सिंह, सुनील कुमार पप्पू महाशेठ, दीपक ज्योति, गोरी पासवान, विनोदान्द झा जी, प्रदीप महतो जी, मनोज ठाकुर, कन्हैया साह, अवन कुमार राय, मों अशरफ, घनश्याम श्रीवास्तव, मनोज राय, रौशन महतो, इकबाल रायन,तरुण मण्डल, रंजीत झा मौजूद थे। वही बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के शिवराम पंचायत में मतदाता जागरूकता रैली निकल गई। मतदाताओं से शत-प्रतिशत अपना नाम सत्यापन कराने का अपील किया गया। विधायक श्री चौधरी लोगों से अपील किया कि किसी दल के बहकावे में नहीं आए और मतदाता सूची से नाम का सत्यापन उचित पहचान के साथ करवाए। बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म को भरकर समुचित पहचान के साथ मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने आम लोगों से अपील किया कि योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूटे नहीं और अयोग्य मतदाताओं का नाम जुट नहीं पाए। साइकिल रैली में प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद कुमार राय, चंद्रशेखर झा उर्फ बेचन, गोविंद चौधरी, गोपाल चौधरी, लालबाबू झा बाबा, पप्पूझा, सुमित राय, संजयचौपाल, करीलाल देव, राजकुमार राय, कैलाश मिश्रा, हरि नारायण मंडल, शंभू नाथ झा, बाबूराम, जय नारायण झा, अनिल झा, राम उदगार यादव आदि शामिल थे। अलीनगर में जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव राजकुमार झा के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य आम लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और जागरूकता फैलाने को लेकर प्रेरित करना था ।रैली में उप प्रमुख सिद्धार्थ शंकर संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सदस्य अरुण झा पंचायत समिति सदस्य सागर पासवान, संतोष सिंह, ललन जी झा, जदयू के मो राजा,मो मुशरूफ पैक्स अध्यक्ष पंकज झा के साथ जदयू कार्यकर्ता और आम लोगों ने हिस्सा लिया।

## पंचायत उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पंचायत उप निर्वाचन 2025 को लेकर मधुबनी जिला प्रशासन ने पूरी तैयारिया पूरी कर ली हैं। जिला के 10 प्रखंडों में कुल 84 मतदान केंद्रो पर बुधवार, 09 जुलाई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान होगा। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों के आसपास 500 गज की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को सतर्क रखा गया है ।मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु 40 गश्ती सह ईवीएम संग्राहक दंडाधिकारियो 10 जोनल एवं 21 सेक्टर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मतदान दिवस पर वे अपने निर्धारित स्थल पर समय से पहुंचकर नियंत्रण कक्ष को सूचित करें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित करें ।डीएम ने सभी पदाधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का पहले ही जायजा लें एवं रास्तों की भली-भांति जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्यूटी की पूर्णता तब मानी जाएगी जब ईवीएम को सुरक्षित रूप से संबंधित प्रखंड के बज्रगृह में जमा कर दिया जाए। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला मुख्यालय को देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

## लहेरियासराय से सहरसा व मुजफ्फरपुर नई रेल लाइन को शीघ्र मिलेगी स्वीकृति : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का बिहार दौरा मिथिला खासकर दरभंगा के लिए वरदान साबित हुआ ।कल समस्तीपुर मंडल रेल कार्यालय के सभागार में सभी रेलवे अधिकारियों की बैठक में रेल मंत्री ने जिस तरह से लहेरियासराय से सहरसा तक लगभग 95 किलोमीटर तथा लहेरियासराय से मुजफ्फरपुर तक 66 किलोमीटर नई रेल लाइन की शीघ्र मंजूरी देने की सहमति जताई एवं दरभंगा से लखनऊ एवं अमृतसर से दरभंगा होकर सहरसा तक नई अमृत भारत ट्रेन चलाने की घोषणा की गई उससे साबित होता है कि रेल मंत्री का बिहार दौरा दरभंगा के लिए वरदान साबित हुआ। जिसके लिए साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों की ओर से देश के पीएम नरेन्द्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को साधुवाद है। दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने स्थानीय परिसदन में पार्टी नेताओं के साथ रेल के मुद्दे पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में रेल मंत्री के द्वारा जताई गई सहमति तथा घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ।

## पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई मानव धर्म नहीं है : प्रो विनय चौधरी



प्रात : किरण संवाददाता

बहेड़ी (दरभंगा) ।विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई मानव धर्म नहीं है ।वे मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के बघौनी गांव के आंधी तुफान बर्षा से प्रभावित अमर कुमार साह एवं शंकर साह को गृह क्षति अनुदान राशि का चेक देते हुए उक्त बातें कही । इस दौरान उन्हौने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में पिछले दो दशक से बिहार में न्याय के साथ विकास की यात्रा अनवरत जारी है जो आने वाले समय में और तेज गति से जारी रहेगी ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट मानना है कि विकास में सभी वर्गों के समान भागीदारी सुनिश्चित की जाए ।इसके अनुरूप विकास कार्य को गति दी जा रही है ।

# मुख्यसचिव अमृतलाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम मिथिलेश मिश्र के साथ की समीक्षा बैठक

## बैठक में सभी विभागों के अधिकारी रहे मौजूद,मुख्य सचिव ने दिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय! समाहरणालय लखीसराय स्थित ठक्क के सभा कक्ष में मुख्य सचिव, बिहार,अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में सभी जिला के जिला पदाधिकारी एवं प्रमंडलीय आयुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव,बिहार की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा की जाती है ! इस बार द्वितीय मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, श्रम संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर परिषद सूर्यगढ़ा, जीविका इत्यादि की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव,अमृतलाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के क्रम में निदेश दिया कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ हर हाल में आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। यह भी निदेश दिया गया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्य में गति लाएं। दिनांक 11 जुलाई को सामाजिक सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इस दिन मुख्यमंत्री,बिहार, नीतीश कुमार के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत पेंशन की बढ़ी हुई दर से (400रु के स्थान पर 1100रु ) लाभार्थियों को प्रदान किया जाना है। मद्य निषेध विभाग की समीक्षा में गाड़ियों की अधिग्रहण से संबंधित चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी के साथ वरीय उपसमाहर्ता शशि कुमार,जिला खेल पदाधिकारी श्री रवि कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री प्राची कुमारी,सिविल सर्जन लखीसराय बी पी सिन्हा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) वंदना पांडे, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नैंसी मुर्मू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम बनकर पति को जेल से छुड़ाने के नाम पर महिला से 2.01लाख ठगी करने वाला गिरफ्तार

## थाना प्रभारी को धमकी देने के आरोप में जेल जा चुका है फर्जी एडीएम

- हत्या के आरोप में जेल में बंद गणेश राम की पत्नी को बनाया था ठगी का शिकार

प्रात : किरण संवाददाता





लखीसराय !बेगूसराय जिला निवासी एक युवक ने फर्जी एडीएम बनकर हत्या के आरोप में जेल में बंद एक आरोपी को छुड़ाने के नाम पर उसकी पत्नी से दो लाख एक हजार रुपए की ठगी की है !जिसे जिले के कवैया थाना की पुलिस ने फर्जी एडीएम कमलेश कुमार कश्यप को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है !वहीं एसपी अजय कुमार ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि किउल थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदावन ग्राम निवासी गणेश राम जो हत्या के आरोप में लखीसराय मंडल कारा में बंद है उसकी पत्न ी निभा देवी से जमानत कराने के नाम पर बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र निवासी कमलेश कुमार कश्यप के द्वारा लखीसराय जिले का एडीएम बनकर दो लाख एक हजार रुपए की ठगी की गई थी जिस पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है और गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है !बताते चलें की फर्जी एडीएम कमलेश कुमार कश्यप एक थाना प्रभारी को वर्दी उतरवाने की धमकी के आरोप में लखीसराय जेल में बंद था उसी दरमियान हत्या के आरोपी गणेश राम से उसकी दोस्ती हुई थी !जेल से निकलने के बाद कमलेश ने हत्या का आरोपी गणेश राम की पत्न ी से फर्जी एडीएम बनकर पैसे की ठगी की थी !फर्जी एडीएम की गिरफ्तारी जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है !

# सहरसा में जदयू की साइकिल रैली, मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के समर्थन और मतदाता जागरूकता को लेकर जनता दल यूनाइटेड की ओर से मंगलवार को एक साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली व्यवहार न्यायालय गेट से शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए कायस्थ टोला में सम्पन्न हुई। रैली का नेतृत्व मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव ने किया। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है, ताकि सभी लोग अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकें और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समय रहते अपना नाम सूची में पुनरीक्षित जरूर कराएं। जिला जदयू अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी का प्रयास है कि जिले का कोई भी योग्य नागरिक मतदान से वंचित न रह जाए। इस जनजागरूकता रैली में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर शंकरपुर में जदयू कार्यकताओं ने निकली रैली

प्रात : किरण संवाददाता




शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर में जनता दल यूनाइटेड ने चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को विशाल मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली। यह साइकिल रैली प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार तक होते हुए प्रखंड के सभी पंचायतों में रैली पहुंची, इस कार्यक्रम में सिंहेश्वर विधानसभा के पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व कल्याण मंत्री डॉ रमेश ऋषिदेव सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में निकाली गई। जदयू जिलाध्यक्ष सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ रमेश ऋषिदेव ने जानकारी दी कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह रैली पूरे बिहार में एकसाथ आयोजित की गई है। इसका मकसद अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने चुनाव आयोग की पहल का स्वागत किया, घर घर हमलोग जाएंगे मतदाता को जगाएंगे, जदयू कार्यकर्ता ने नारे लगाते हुए साईकिल रैली की शुरूआत कर प्रखंड के नौ पंचायत के सभी गांव, मोहल्ला, गली, कस्बा तक पहुंची। उन्होंने कहा की साईकिल रैली का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं और नए मतदाताओं को मतदान के अधिकार और उसकी महत्ता के प्रति जागरूक करना है। रैली में पूर्व मंत्री सह जदयू जिला अध्यक्ष डॉ रमेश ऋषिदेव, जिला उपाअध्यक्ष नरेश यादव, संजीव कुमार जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष, तेज नारायण यादव जिला महासचिव, विजय कुमार राय जिला महासचिव, तपेश मंडल, अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष, दीपक कुमार किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष, एसटीएससी प्रखंड अध्यक्ष रंजित ऋषिदेव, एसटीएससी जिला अध्यक्ष महेंद्र ऋषिदेव, एसटीएससी जिला उपाध्यक्ष शशि भूषण यादव, डॉ जयकुमार यादव जिला उपाअध्यक्ष, प्रदीप कुमार पंचायत अध्यक्ष, प्रदीप ठाकुर पंचायत अध्यक्ष, रामसुंदर दास पंचायत अध्यक्ष, मोजे लाल यादव पंचायत अध्यक्ष, मो. नूर आलम पंचायत अध्यक्ष, दिबाकर सरदार पंचायत अध्यक्ष, पिंटू कुमार पंचायत अध्यक्ष, मो. नजनूरल अल्फ संख्यक प्रखंड अध्यक्ष, श्रवण ऋषिदेव, राजकुमार यादव, किशोर मंडल, महेंचल मंडल, एवं सभी जदयू कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 11 जुलाई शुक्रवार से होगी सावन मास की शुरूआत मंदिरो में गुंजेंगे हर हर महादेव : पंडित तरुण झा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा ने बताया है की देवाधिदेव महादेव का प्रिय मास सावन की शुरूआत 11जुलाई शुक्रवार को सिद्धि योग से हो रही है और 09 अगस्त को सावन मास का समापन होगा, पहली सोमवारी 14 जुलाई को है और श्रावण सोमवार व्रत के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा विशेष विधि विधान से की जाती है। सोमवार का व्रत करने से सुख समृद्धि और उन्नति एवं मनोकामना पूरी होती है, श्रावण को मनोकामना पूर्ति का महीना भी कहा जाता है, क्योंकि भोलेनाथ ही ऐसे देवता है जिनकी सच्चे मन से पूजा की जाए तो वह बेहद जल्द प्रसन्न हो जाते हैं, मान्यता है की श्रावण सोमवार के दिन भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा जल्द फलित होती है। श्रावण मास के दौरान भगवान शिव को जल एवं गंगाजल के साथ-साथ पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मंदार पुष्प गाय का कच्चा दूध, विजया पत्र, मधु, गुड,इत्र, पंचामृत आदि एवं माता पार्वती की श्रृंगार सामग्री चढ़ाना शुभ माना जाता है, भगवान भोलेनाथ व माँ पार्वती का विधि विधान के साथ पूजा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करना अच्छा माना जाता है। इस विशेष समय में शिव पूजन, पार्थिव पूजन, महामृत्युंजय अनुष्ठान भी अति लाभदायक सिद्ध होगा। संभव हो तो शिव चलीसा ओम नमः शिवाय का जप एवं महामृत्युंजय के मन्त्र का जप अवश्य करें,इसके साथ ही सोलह सोमवार का व्रत भी आरंभ किया जा सकता है। श्रावण मास 2025 का सोमवारी व्रत है :- 1)पहला सोमवार व्रत- 14 जुलाई 2025 2) श्रावण का दूसरा सोमवार व्रत- 21 जुलाई 2025 3) श्रावण का तीसरा सोमवार व्रत- 28 जुलाई 2025 4) श्रावण का चौथा सोमवार व्रत- 04 अगस्त 2025।

# सहरसा नगर निगम की लापरवाही, सुलिंदाबाद सर्वा ढाला सहरसा सिमरीबख्तियारपुर रोड बना कचरे का ढेर



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा नगर निगम क्षेत्र के सर्वा ढाला के पास सहरसा सिमरी बख्तियारपुर रोड आजकल पूरे शहर भर के कचरे से पट चुका है। नगर निगम की गाड़ियाँ हर दिन इस जगह पर खुलेआम कचरा गिरा रही हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जहाँ पहले लोग आराम से आना-जाना करते थे, वहीं अब उस रास्ते से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। चारों ओर बदबू, मच्छर, कीचड़ और काले विषैले धुएं से सांस रुक जाती है दम घटने लगती है, हाल बेहाल है। लोगों को डर है कि अगर जल्द सफाई नहीं हुई तो यह इलाका बीमारियों का अड्डा शिवम कुमार, कक्षा 7, राजकीय विद्यालय सुलिंदा ने बताया रोज स्कूल जाते हैं तो बदबू के मारे नाक बंद करना पड़ता है। कई बार लावारिस कुत्ते का यहां जमावड़ा लगता है एवं दौड़ाते हैं। रास्ता बहुत गंदा हो गया है। अनामिका कुमारी, कक्षा 6 ने बताई कि मम्मी कहती हैं मुंह पर रुमाल रखो, लेकिन कभी-कभी उल्टी जैसी हालत हो जाती है। कई बच्चे बीमार भी पड़ गए हैं। सड़क पर गंदगी काफी फैला हुआ है बहुत बदबूदार होता है, स्कूल आने जाने में बहुत सारा प्रॉब्लम हो रहा है, इसका जल्द उपाय किया जाए। राजेश मंडल, ऑटो चालक ने कहा पूरा रोड गंदा कर दिया गया है। कई बार बाइक और पैदल लोग फिसल चुके हैं। प्रशासन को तो जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ता। मोहम्मद सरवर ने कहा बाजार से लौटते हैं तो पैर और कपड़े सब गंदा हो जाता है। कूड़े में जब आग लगाया जाता है तो काला धुआं बहुत ही बदबूदार होता है, सांस रुक जाती है दम घुटने लगता है, आने जाने में बहुत सारा दिक्कत हो रहा है। इम्तियाज आलम, सेवानिवृत्त शिक्षक ने बताया नगर निगम को शर्म आनी चाहिए। बच्चों और बुजुर्गों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। प्रशासन अब भी खामोश लोगों ने कई बार नगर निगम को शिकायत दी, लेकिन न कोई सफाई हुई, न ही कोई वैकल्पिक डंपिंग जोन तैयार किया गया। अब लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है और इलाके के सुलिंदाबाद निवासी आंदोलन की तैयारी में हैं। लोगों की प्रमुख मांगें तत्काल कचरा हटाया जाए, रोड किनारे डंपिंग बंद हो, शहर से बाहर डंपिंग जोन निर्धारित हो, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव हो।

# पत्नी की गला दबाकर पति ने किया हत्या, पति और सास घर छोड़ फरार



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के दीदारगंज पंचायत अंतर्गत गोविंदपुर गांव में अपनी पत्न ी के गला दबाकर हत्या कर दी पत्नी की हत्या के बाद पति और सास घर से फरार हो गए ,इधर सोमवार की सुबह चचेरे देवर ने इसकी सूचना पुलिस और महिला के मायके वालों को दी इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ,हालांकि अब तक महिला के द्वारा इसे लेकर कोई आवेदन नहीं दिया गया है, पुलिस मामले के हर पहलु पर जांच में जुट गई है बताया गया है कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ही दुगार्पुर निवासी 29 वर्षीय मधु कुमारी का विवाह 2019 में गोविंदपुर गांव निवासी राहुल कुमार के साथ हुई थी ,मधु कुमारी के भाई प्रिंस कुमार ने बताया कि उसकी बहन को 3 वर्ष का पुत्र है शादी के कुछ महीने बाद राहुल दहेज के लिए उसकी बहन मधु को प्रताड़ित करने लगा मधु ने इसी वर्ष शिक्षक परीक्षा में उतारिक किया है, जबकि उसका पति राहुल बांका में डीएलएड कर रहा है मधु घर पर ही बच्चों को ट्यूशन पढ़ते थे ,बांका में राहुल का किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था ,घर आने पर उस लड़की से मोबाइल पर बातचीत करता था ,जिसका मधु विरोध करती थी दो-तीन दिन पूर्व इसी बात पर राहुल ने मधु के साथ मारपीट भी की थी वही सुभाष 6:30 बजे राहुल के चचेरे भाई शुभम ने मोबाइल पर बहन की मौत की सूचना दी ,जब वह पहुंचा तो वहां अपने कमरे में फर्श पर मृत पड़ी थी उसके गले पर निशान भी थे जिससे पता चलता है कि राहुल ने गला दबाकर मधु की हत्या की और घर से फरार हो गया सूचना पर गोविंदपुर पहुंचे डीएसपी सिंदूर शेखर सिंह ने कहा कि अब तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है मामला हत्या का लग रहा है प्राथमिक दर्ज होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सहरसा एवं मधेपुरा के 10 वांछित अपराधियों पर रखा गया है इनाम, गुप्त सूचना देने पर दी जाएगी सुरक्षा : एसपी

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा एसपी ने जिले के 10 कुख्यात फरार और वांछित अपराधियों की सूची जारी की। इनकी गिरफ्तारी में मदद करने वालों को इनाम देने की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार ने कहा है कि सूचना देने वाले या गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति या पुलिसकर्मी की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सूची में पहला नाम बिहरा थाना क्षेत्र के मकुना निवासी कारी यादव के पुत्र प्रवीण कुमार यादव का है। इस पर लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट के चार मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी में सहयोग करने पर 25 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। दूसरा मधेपुरा जिला के ग्वालापाड़ा निवासी चमरू ऋषिदेव का पुत्र मंजीत ऋषिदेव है। इस पर स्नेचिंग और डकैती के दो मामले दर्ज हैं। इस पर भी 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। तीसरा सदर थाना क्षेत्र के हकपाड़ा निवासी मो इजराइल का पुत्र मोहम्मद मोनाजिर है। इस पर हत्या और आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। इस पर 15 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। चौथा मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा निवासी गिरजु ऋषिदेव का पुत्र घातल ऋषिदेव उर्फ गणेश कुमार है। इस पर डकैती और स्नेचिंग के दो मामले दर्ज हैं। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पांचवां नवहट्टा थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर निवासी राम प्रसाद यादव का पुत्र दीपक यादव है। इस पर हत्या का एक मामला दर्ज है। इस पर 15 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। छठा बनगांव थाना क्षेत्र के बनगांव निवासी स्व विश्वेश्वर खां का पुत्र सुदर्शन खां है। इस पर लूट का एक मामला दर्ज है। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। सातवां मुरलीगंज थाना क्षेत्र के परमानंदपुर, नयानगर निवासी नित्यानंद यादव का पुत्र अमरदीप कुमार उर्फ अमरजीत कुमार है। इस पर लूट के तीन मामले दर्ज हैं। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। आठवां बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के खजूरी निवासी महेश्वर यादव का पुत्र बेचन यादव है। इस पर हत्या, डकैती और पुलिस से मारपीट के दो मामले दर्ज हैं। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। नौवां सदर थाना क्षेत्र के गौरवगढ़ निवासी भूपेंद्र यादव का पुत्र रविंद्र यादव है। इस पर हत्या का एक मामला दर्ज है। इसके ऊपर 15 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। दसवां सदर थाना क्षेत्र के बटयहा निवासी अशोक सिंह का पुत्र संतोष सिंह है। इस पर मारपीट और हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज है। इसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इन अपराधियों की सूचना देकर गिरफ्तारी में सहयोग करें। सूचना देने वालों को इनाम के साथ सुरक्षा भी दी जाएगी।

# श्रावण मेला का स्थालीय जांच कराने बाद आयुक्त ने जिला पदाधिकारी को सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी के साथ समीक्षा कर सभी कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। कांवरिया पथ पर चल रहे श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर अवनीश कुमार सिंह द्वारा गठित दो सदस्यीय टीम द्वारा पूरे कांवरिया क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कराया गया। जांच में कुछ स्थलों पर साफ-सफाई की कमी तथा विद्युत आपूर्ति परिलक्षित नहीं होने पर उनके द्वारा जिला पदाधिकारी, मुंगेर को सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्रंडलीय आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर के निदेशानुसार श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराये जानेवाली सुविधाओं की स्थलीय जाँच दो सदस्यीय टीम द्वारा सोमवार को कराया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय कमराय स्थल पर पी०एच०डी० द्वारा संचालित शौचालय, स्नानागार एवं पीने का पानी की व्यवस्था की जाँच की गयी। स्थल पर साफ-सफाई की कमी तथा विद्युत कनेक्शन नहीं पाया गया। इस संबंध में वहां उपस्थित कार्यपालक अभियंता, पी०एच०डी० द्वारा बताया गया कि टेस्ट कर लिया गया है, श्रावणी मेला के एक दिन पूर्व कनेक्शन लिया जाता है तथा स्थल की साफ-सफाई पूर्ण कराने की बात कही गयी। जांच में श्रावणी मेला पथ पर कुल 38 जगह पर शौचालय (पुरूष/महिला) की व्यवस्था की गयी है। रंग-रोगन किया गया है, परन्तु लगभग 40 प्रतिशत जगहों पर साफ-सफाई की आवश्यकता बताई गई है। साथ हीं कुछ जगहों पर पीने के पानी की व्यवस्था हेतु लगे हुए नल में टोटी की आवश्यकता है, जिसके संबंध में उपस्थित कार्यपालक अभियंता, पी०एच०डी० को निदेशित किया गया है। कांवरिया धर्मशाला तारापुर में भी साफ-सफाई की कमी देखी गयी तथा धर्मशाला के सामने बिछे हुए बालू को समतलीकरण करने का निदेश दिया गया। टीम द्वारा सरकारी रैन शैल्टर मौजमा ग्राम मड़वा तारापुर (पर्यटन विभाग द्वारा संचालित) तारापुर मे साफ-सफाई की कमी को भी पूर्ण करने की बात कही गयी है। वहां उपस्थित केयर टेकर ने बताया कि बेड मंगलवार शाम तक आ जायेगा। पंखे बिजली की समुचित व्यवस्था पायी गई। शौचालय एवं स्नानागार चालू हालत में थे, परन्तु साफ-सफाई की कमी पायी गयी। परिसर में पी०एच०डी० द्वारा संचालित शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था है, परन्तु स्टार्टर नहीं रहने के कारण संचालित नहीं है। साथ ही पीने के पानी के नल में टोटी नहीं पायी गयी। खैरा एवं धोबई में टेन्ट सिटी बनाया जा रहा है, खैरा में स्ट्रेक्चर खड़ा है तथा फिनीशिंग कार्य प्रगति पर पायी गयी, जबकि धोबई में स्ट्रेक्चर खड़ा किया जा रहा है, तथा साफ-सफाई का कार्य भी प्रगति पर पाया गया। यहां पी०एच०डी० द्वारा संचालित शौचालय एवं स्नानागार में साफ-सफाई की आवश्यकता तथा पेयजल के लिए लगे नल में टोटी की आवश्यकता पायी गयी। श्रावणी मेला स्थल पर जगह-जगह इलेक्ट्रीसिटी से संबंधित कार्य प्रगति पर पाए गए, परन्तु लूज तारों को सुरक्षात्मक दृष्टि से जाँच किये जाने की बात टीम द्वारा बताई गई। वहीं श्रावणी मेला मार्ग पर पी०एच०डी० द्वारा अधिष्ठापित लगभग सभी चापाकल चालू अवस्था में पाये गए। इस बाबत प्रमंडलीय आयुक्त ने टीम द्वारा दिए गए स्थलीय जांच प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी, मुंगेर को सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए कांवरिया पथ पर कांवरिया/श्रद्धालुओं के लिए चल रहे बचे हुए कार्यो को पूर्ण कराने की बात कही गयी। आयुक्त ने कहा कि आगामी 11 जुलाई से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का शुभारंभ होने वाला है, इसके तहत कांवरिया पथ पर चल रहे तैयारियो को 9 जुलाई तक शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने इस मेला को अत्यंत ही भक्तिमय माहौल में संपन्न कराने के लिए विधि व्यवस्था संधारण मे पाई गई कमियों सहित अन्य सभी चीजो की गहनता से जांच कर पूर्ण कराने के निदेश दिए।

# जदयू ने साइकिल रैली निकाल कर मतदाता को किया जागरूक



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जद(यू ) मुंगेर की तरफ से जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंड, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचयात एवं पंचायतों में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकला गया। इसका मुख्य उदेश्य मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करवाना है. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा की लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह अवश्यक है की सही मतदाता चुनाव में भाग लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिहार में न्याय के साथ विकास के संकल्प को टूटने नहीं देना है, इसलिए एक एक सही मतदाता का नाम जोड़ेंगें. पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्त्ता एक एक मतदाता के घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग कर रहा है. मुंगेर के गरीब दलित, अतिपिछड़े, पिछड़े, अगड़े सहित समाज के सभी वर्गों को सहयोग देने के लिए पार्टी कृत संकल्पित है, ये अभियान लोकतंत्र की शाखायों को मजबूती प्रदान करेगा. जिला प्रवक्ता विमलेन्दु राय के कहा की सुबह गार्डन बाजार स्तिथ कार्यालय से पार्टी के प्रदेश सचिव सह मुंगेर नगर निगम की महपौर कुमकुम देवी द्वारा साइकिल रैली को झंडा दिखा रवाना किया गया जो बड़ी बाजार, गोला रोड, शादीपुर, बेकापुर, पटेल चौक, कोतवाली थाना रोड, नीलम चौक, गाँधी चौक से बाजार होते हुए नगर निगम के सभी वार्ड के तरफ प्रस्थान किया. आगे लगातार पार्टी के निर्देश के अनुसार कार्यक्रम चलाये जायेंगें और सभी मतदाताओं तक पहुँचा जायेगा. इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कृष्णचंद्र उर्फ बाबुल दा, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राकेश रंजन कुशवाहा, सत्यजीत प्रकाश, तूफानी राउत, हीरो यादव, राणा मंडल, तौकिद अहमद, गौतम दास, आदित्य कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# रोजगार मेला आयोजन को लेकर युवा कांग्रेस नें युवाओं का किया मार्गदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सहरसा में युवा कांग्रेस कमिटि द्वारा मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका एक ही मुख्य उद्देश्य था कि आगामी 19 जुलाई 2025 को पटना के ज्ञान भवन में भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा बेरोजगार लोगों को रोजगार देने की व्यवस्था की गई है। जिसमें 225 कंपनियां बिहार में आ रही है और यहां मैट्रिक पास इंटर पास स्नातक पास तथा अन्य कैटिगरी के युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है। इससे पूर्व भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर दिल्ली और राजस्थान में बेरोजगार युवाओं को रोजगार की व्यवस्था की गई। जिसमें करीब 7000 से अधिक युवाओं को नौकरी मिल गई है। इसके लिए बिहार के युवाओं से भी विनम्र निवेदन किया गया है कि अपने-अपने कागजात के साथ ज्ञान भवन पटना पहुंचे और अपना-अपना रजिस्ट्रेशन करा कर कंपनियों के सामने इंटरव्यू दे। प्रेस वार्ता के दौरान एआईआईसीसी ऑब्जर्वर राजू बहादुर निषाद, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीरज निराला ने कहा देश में बढ रहे बेरोजगारी के कारण युवा नौकरी के लिए दरबदर की ठोकर खा रहे है। युवा कांग्रेस नें रोजगार मेला के माध्यम सें युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्री प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस रामशरण कुमार, डेविड यादव, विवेक कुमार यादव, रविकांत राजा, पुसकर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# बचपन को अखबारों में जगह क्यों नहीं?

रविवार की सुबह थी। मन हुआ कि बेटा प्रज्ञान गोद में आए और हम दोनों मिलकर अखबार में से कोई रोचक कहानी पढ़ें-ताकि आधुनिक स्क्रीन युग में भी शब्दों की मिठास उसे मिल सके। परंतु खेदजनक आश्चर्य हुआ कि प्रतिष्ठित अखबारों में बच्चों के लिए एक भी कहानी, चित्रकथा, या बाल संवाद उपलब्ध नहीं था। इस पीड़ा से उपजा यह सवाल एक सामूहिक चिंतन की मांग करता है – जब हम अपने अखबारों में बच्चों के लिए छापते ही कुछ नहीं, तो हम उनसे पढ़ने की उम्मीद किस अधिकार से करते हैं? बाल मनः एक रिक्त पन्ना हमारी शिक्षा व्यवस्था, अभिभावक वर्ग और समाज तीनों ही अक्सर एक स्वर में कहते हैं कि आज के बच्चे किताबें नहीं पढ़ते। वे मोबाइल, इंस्टाग्राम और गेमिंग की दुनिया में खो चुके हैं। पर कोई ये क्यों नहीं पूछता कि उन्हें क्या पढ़ने के लिए दे रहे हैं हम? अखबार, जो एक समय में हर घर की सुबह का हिस्सा हुआ करता था-अब बच्चों के लिए पूरी तरह से एक ह्लवयस्कों का युद्धक्षेत्रह्व बन चुका है, राजनीति के झगड़े, नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप, बलात्कार, हत्याएं, भ्रष्टाचार, क्रिकेट, फिल्में और योगा टिप्स। कहाँ हैं राजा की बात, हाथी की सवारी, विज्ञान की कल्पना, चाँद की कविता, और जीवन मूल्य सिखाती छोटी कहानियाँ? जब बच्चे दिखते ही नहीं आज के समाचार पत्रों में बच्चे सिर्फ दो तरह से दिखते हैं-जब कोई बच्चा यौन हिंसा या हत्या का शिकार होता है। या जब कोई बच्चा बोर्ड परीक्षा में 99.9% अंक लाकर मीडिया का ताज बन जाता है। क्या इतने सीमित संदर्भों में बच्चे होने का अनुभव समझा जा सकता है? अखबारों ने बच्चों को समाज से अलग करके एक ऐसी चुप्पी में डाल दिया है, जहां उनका न तो रचनात्मक स्वर सुनाई देता है, न जिज्ञासु आंखें दिखाई देती हैं। संपादकीय दूरदर्शिता की अनुपस्थिति किसी भी अखबार का मुख्य उद्देश्य होता है समाज को जागरूक बनाना और उसकी सोच को दिशा देना। तो फिर एक पूरे समाज की नींव यानी बच्चों के लिए कोई पन्ना क्यों नहीं? क्या आज का संपादक इतना व्यस्त हो गया है कि उसे यह भी याद नहीं कि उसकी जिम्मेदारी अगली पीढ़ी तक संस्कार और विचार की मशाल पहुँचाने की भी है? एक समय में बाल-जगत, बाल प्रभा, बाल गोष्ठी, बाल मेल जैसे खंडों से अखबार बच्चों को भी संवाद में शामिल करते थे। आज वे या तो बंद हो गए या ऑनलाइन लिंक की बेगानी भीड़ में खो गए। विज्ञापन और बाजारवाद का हमला बच्चे आज अखबार के लिए ग्राहक नहीं हैं। वे शैंपू या रेफ्रिजरेटर नहीं खरीदते। इसी कारण बाजार की भाषा में उनकी कोई विज्ञापन वैल्यू नहीं है। और जहाँ विज्ञापन की भाषा नीति तय करने लगे, वहाँ बचपन बेमानी हो जाता है। प्रत्येक अखबार का लगभग 40% भाग विज्ञापनों से भरा रहता है-रियल एस्टेट, कपड़े, कोचिंग सेंटर, हॉस्पिटल, ब्रांडेड घड़ियाँ... कहीं भी यह नहीं दिखता कि कोई अखबार यह पूछ रहा हो। बच्चों को हम क्या पढ़ा रहे हैं? जब बाल साहित्य का विलोपन होता है बाल साहित्य केवल मनोरंजन नहीं है –यह बच्चों को सोचने, सवाल करने, कल्पना करने और समाज से जुड़ने की प्राथमिक पाठशाला है। एक कहानी जिसमें एक पेड़ अपने फल देता है, एक चिड़िया घोंसला बनाती है, एक बच्चा अपने दोस्त के साथ पक्षियों को पानी पिलाता है –ये सब बच्चों को मानवता का बीज देते हैं। जब ये कहानियाँ हट जाती हैं, तो वहां केवल ड्रामा, सनसनी, और डाटा बचता है। और यही संवेदनहीनता आने वाली पीढ़ी में पनपती है। क्या पढ़ाई और ज्ञान सिर्फ स्कूल का काम है? हमारे समाज ने बच्चों के ज्ञान का ठेका सिर्फ स्कूलों को दे रखा है। अखबार, जो कभी ह्यघर की पाठशाला हुआ करता था, अब स्वयं को वयस्कों की गॉसिपह्ल तक सीमित कर चुका है। क्या बच्चे समाचारों के योग्य नहीं? क्या विज्ञान, पर्यावरण, नैतिकता, और समाज की बातें उन्हें नहीं बताई जानी चाहिए? यदि हम चाहते हैं कि बच्चे समझदार नागरिक बनें तो हमें उन्हें शुरूआत से ही संवाद और सवालों से जोड़ना होगा-और अखबार इसकी सशक्त जगह हो सकती है।

# सनातन का चुनावी महाकुंभ

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में, कुछ दिन पहले, एक मंच सजा था, जिससे वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने और ह्यशरिया लाओह्ल की हुंकारें भरी गई थीं। एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया गया था। वह वैचारिक कम और राजनीतिक अधिक आयोजन था। अब उसी मैदान में भगवान परशुराम के जन्म-महोत्सव की आड़ में एक और मंच सजा है-ह्यसनातन महाकुंभ। ह्ल इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे थे। यदि इस मंच से सनातन धर्म पर कुछ उपदेश दिए जाते, विचार रखे जाते और सनातनियों के लिए संदेश दिए जाते, तो आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक माना जा सकता था। जगद्गुरु रामभद्राचार्य मुख्य अध्यक्ष थे और बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री मुख्य आकर्षण थे। हालांकि बाबा ने स्पष्ट कहा कि वह राजनीति के लिए नहीं, रामनीति के लिए आए हैं। जब भारत ह्यहिंदू राष्ट्रह्ल बनेगा, तो बिहार उसका पहला हिंदू-राज्य होगा। बाबा ने आह्वान किया कि बिहार के पागलो! यह गांठ बांध लो कि हमें ह्यगजवा-ए-हिंदह्ल के स्थान पर ह्यभगवा-ए-हिंदह्ल देश बनाना है। हम सब हिंदू एक हैं। हिंदुओं को जातियों में मत बांटो। ह्लह्ल बाबा ने फिर यह साफ किया कि जिस-जिस पार्टी में हिंदू हैं, हम उन सभी पार्टियों के साथ हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद बाबा पदयात्रा करेंगे। क्या बाबा बागेश्वर के कथनों और आह्वानों से स्पष्ट नहीं होता कि वह किस पार्टी के प्रचार के लिए आए थे? क्या धर्मगुरु का काम धर्म के नाम पर वोट मांगना ही रह गया है? जगद्गुरु रामभद्राचार्य बाबा बागेश्वर से बहुत आगे निकल गए। उन्होंने लालू यादव का नाम लिए बिना ही ह्यचारा घोटालेह्ल का उल्लेख किया। उन्हें भारत सरकार ने इसी वर्ष ह्यपद्मविभूषणह्ल से अलंकृत किया है। उन्हें ह्यज्ञानपीठह्ल पुरस्कार भी मिला है। कथावाचकों को भी ह्यपद्मह्ल सम्मान मिलने लगा है, किसी ने यह टिप्पणी की होगी, तो जगद्गुरु ने पलटजवाब दिया-ह्यकमोबेश हम पशुओं का चारा नहीं खाते। ह्ल रामभद्राचार्य ने भविष्यवाणी-सी की है कि इस बार राष्ट्र-विरोधियों, हिंदू-विरोधियों और राम-विरोधियों को सत्ता नहीं दी जाएगी। सत्ता उन्हें ही मिलेगी, जो हिंदुओं के लिए संघर्ष करेंगे, क्रांति करेंगे। रामभद्राचार्य ने लगभग हुंकार के अंदाज में यह भी कहा-ह्यजो सनातन को बांटना चाहेगा, वह स्वयं बंट जाएगा। जो काटना चाहेगा, वह स्वयं कट जाएगा। जो सनातन को मिटाना चाहेगा, वह स्वयं मिट जाएगा। हम राष्ट्र-विरोधियों का दमन करेंगे। ह्लह्ल क्या ये शब्द किसी साधु-संत के प्रतीत होते हैं? क्या ये शब्द उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान सरीखे समानार्थी नहीं हैं? जगद्गुरु विचारोत्तेजक लगे, आक्रोशित लगे। यह मुद्रा जगद्गुरु की नहीं हो सकती। भगवान परशुराम पर कुछ शब्द भी समर्पित नहीं किए गए। रामभद्राचार्य और धीरेंद्र शास्त्री के वक्तव्य राजनीतिक बिंदुओं के इर्द-गिर्द केंद्रित रहे। क्या धमार्चार्यों की भूमिका भी बिल्कुल राजनीतिक हो गई है? दोनों साधु-संत भाजपा के प्रमुख प्रचारक की भूमिका में प्रतीत हुए। लिहाजा स्पष्ट लगता है कि चुनाव हिंदू-मुसलमान ध्रुवीकरण के आधार पर लड़े जाएंगे। आयोजन में अनेक साधु-संत उपस्थित थे। मुस्लिम राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खां और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी मंच पर मौजूद थे। किसी भी वक्ता ने बिहार की गरीबी, अनपढ़ता, पिछड़ेपन, पलायन आदि बुनियादी समस्याओं पर एक भी शब्द नहीं बोला। आयोजन को ह्यमहाकुंभह्ल नाम देकर इस शब्द का अपमान किया गया। बिहार में जो ह्यजंगलराजह्ल 20 साल पहले था, कमोबेश वह आज भी मौजूद है। इसी साल अभी तक 116 कत्ल किए जा चुके हैं। बलात्कार, डकैती, फिरौती आदि अपराधों को तो भूल ही जाएं। तब मुख्यमंत्री लालू यादव या राबड़ी देवी होते थे, बीते 20 साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। सरेआम हत्याएं आज क्यों हो रही हैं? साधु-संतों के सरोकार सामाजिक भी होते हैं। यदि उन्होंने ऐसे मुद्दे भी छुए होते, तो विचार व्यापक लगते। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने ह्यजातीय गणनाह्ल का भी विरोध किया।

# बुढ़ापे में भी बनते हैं नए न्यूरॉन्स

**पहले परीक्षण में 14 में से 9 लोगों के मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स बनने के प्रमाण मिले और दूसरे परीक्षण में 10 में से सभी 10 लोगों में न्यूरॉन्स बनने के संकेत मिले। इस शोध में मशीन लर्निंग तकनीक का प्रयोग बायोलॉजिकल डाटा के विशाल सेट को प्रोसेस करने और सही निष्कर्ष निकालने के लिए किया गया। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के सेल न्यूक्लियस की संरचना, आकार और व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए एल्गोरिद्म तैयार किया। इसके माध्यम से यह जाना गया कि किन कोशिकाओं में जीवन भर विभाजन और विकास की प्रवृति बनी रहती है। इस तकनीक के फायदा है कि मैन्युअल विश्लेषण की तुलना में कहीं अधिक सटीकता रहती है। तेजी से प्रोसेसिंग और विशाल डाटा का विश्लेषण होता है।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

बढ़ती उम्र के साथ हमारा दिमाग थकने लगता है? हम बूढ़े होते ही सीखना, समझना और याद रखना बंद कर देते हैं? दशकों से वैज्ञानिक और आम लोग इस बहस में उलझे हुए हैं। लेकिन अब स्वीडन के वैज्ञानिकों ने एक नई खोज के माध्यम से यह साबित कर दिया है कि इंसानी दिमाग, विशेषकर हिप्पोकैंपस क्षेत्र, उम्र बढ़ने के बाद भी नए न्यूरॉन्स बना सकता है। यह खोज न केवल विज्ञान की दृष्टि से एक नई क्रांति है, बल्कि यह मानसिक रोगों जैसे अल्जाइमर, डिमेंशिया और डिप्रेशन के इलाज के नए दरवाजे भी खोल सकता है। इस शोध में मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म की मदद से 78 साल तक के लोगों के मस्तिष्क ऊतकों की जांच की गई और चौंकाने वाले परिणाम सामने आया। हिप्पोकैंपस मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो स्मृति (याददाश्त), सीखने और भावनात्मक प्रतिक्रिया को नियंत्रित करता है। यह वह क्षेत्र है जहां नई जानकारी संसाधित होता है और दीर्घकालिक स्मृति में परिवर्तित होता है। यदि इस हिस्से में जीवन भर नए न्यूरॉन्स बनता हैं, तो यह मानव मस्तिष्क की सप्लाई चेन की तरह है, जो हर समय अपडेट होता रहता है। इसका अर्थ है कि मस्तिष्क शिक्षा, अनुभव और भावनात्मक विकास में हर उम्र में सक्षम बना रहता है। न्यूरॉजनिसिस वह प्रक्रिया है जिसमें मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स (तंत्रिका कोशिकाएं) बनती हैं। आम धारणा रहता है कि यह प्रक्रिया केवल शैशवावस्था (ल्लांल्लू८) और बचपन में ही होता है। जैसे ही व्यक्ति वयस्क होता है, यह प्रक्रिया धीमा हो जाता है और अंततः रुक जाता है, यही मान्यता अब तक प्रचलित थी। लेकिन हालिया शोध इस मान्यता को गलत साबित करता है। स्वीडन के कैरोलिस्का इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने मशीन लर्निंग तकनीक के मध्यम से यह सिद्ध कर दिया है कि मानव मस्तिष्क में बुढ़ापे तक भी न्यूरॉन्स बनता रहता है। इस शोध का नेतृत्व कर रही वैज्ञानिक मार्टा पैटरलिनी और उनकी टीम ने यह खोज कर विज्ञान की दशकों पुरानी बहस का समाधान प्रस्तुत कर दिया है। इस शोध की मुख्य बातें है, शोध में 78 साल तक के लोगों के दिमागी ऊतकों की जांच की गई। चार लाख से अधिक कोशिकाओं के न्यूक्लियस का मशीन लर्निंग से विश्लेषण किया गया। पहले परीक्षण में 14 में से 9 लोगों के मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स बनने के प्रमाण मिले और दूसरे परीक्षण में 10 में से सभी 10 लोगों में न्यूरॉन्स बनने के संकेत मिले। इस शोध में मशीन लर्निंग तकनीक का प्रयोग बायोलॉजिकल डाटा के विशाल सेट को प्रोसेस करने और सही निष्कर्ष निकालने के लिए किया गया। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के सेल न्यूक्लियस की संरचना, आकार और व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए एल्गोरिद्म तैयार किया। इसके माध्यम से यह जाना गया कि किन कोशिकाओं में जीवन भर विभाजन और विकास की प्रवृत्ति बनी रहती है। इस तकनीक के फायदा है कि मैन्युअल विश्लेषण की तुलना में कहीं अधिक सटीकता रहती है। तेजी से प्रोसेसिंग और विशाल डाटा का विश्लेषण होता है और न्यूरॉन्स की पहचान में उच्च संवेदनशीलता दिखता है। 1998 में कैंसर के मरीजों पर हुए शोध में पहली बार यह प्रमाण मिला था कि वयस्क मस्तिष्क में भी नए न्यूरॉन्स बनता है।

2013 में कैरोलिस्का इंस्टीट्यूट ने ही एक शोध में दावा किया था कि इंसान के दिमाग में हर दिन करीब 700 नए न्यूरॉन्स बनता हैं। लेकिन उस समय वैज्ञानिक समुदाय में इस पर सहमति नहीं बन पाई थी। 2024-25 का शोध अब अत्याधुनिक मशीन लर्निंग तकनीक की मदद से यह दावा पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो चुका है और वैज्ञानिक समुदाय में इसे व्यापक स्वीकृति मिल रहा है। इस खोज से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज में क्रांति आ सकता है। जब यह साबित हो गया है कि मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स बनने की प्रक्रिया चलती रहती है, तो कई बीमारियों के लिए नए ट्रीटमेंट मॉडल तैयार किया जा सकता है। इसके संभावित फायदा है अल्जाइमर- याददाश्त खोने की बीमारी के लिए न्यूरॉजनिसिस को बढ़ाने वाली थेरेपी तैयार किया जा सकता है। डिप्रेशन- नई न्यूरॉन्स की कमी भी डिप्रेशन से जुड़ा हो सकता है, जिससे इलाज की दिशा बदला जा सकता है। ट्रॉमा या स्ट्रोक- मस्तिष्क क्षति के बाद रिकवरी में सहायता मिल सकता है। यदि मस्तिष्क में उम्रभर न्यूरॉन्स बनता हैं, तो इस प्रक्रिया को तेज या सक्रिय कर सकते हैं। इसके लिए रोजाना शारीरिक गतिविधि जैसे तेज चलना, दौड़ना, योग करना आवश्यक है, ऐसा करने से न्यूरॉजनिसिस बढ़ता है। मानसिक व्यायाम के लिए पहेली हल करना, नई भाषा सीखना, संगीत वादन करना जरूरी है ताकि मस्तिष्क सक्रिय रहे। पर्याप्त नीद न्यूरॉन्स के पुनर्निर्माण में सहायक होता है। स्वस्थ आहार लेने जैसे ब्लूबेरी, मछली, हरी सब्जियां से ब्रेन हेल्थ सुधरता है। यह खोज उत्साहजनक है, लेकिन अभी भी कई प्रश्न अनुत्तरित हैं। क्या हर व्यक्ति में न्यूरॉजनिसिस की दर एक समान होती है? कौन से कारक इस प्रक्रिया को बाधित करता हैं? क्या मानसिक तनाव और प्रदूषण जैसे बाहरी कारक न्यूरॉजनिसिस को धीमा कर सकता हैं? इन प्रश्नों का उत्तर भविष्य के शोध में मिलेगा, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट हो गया है कि दिमाग उम्रभर पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में संलग्न रहता है। स्वीडन के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि उम्र चाहे 20 की हो या 78 की, मस्तिष्क सीखने और बदलने की क्षमता रखता है। यह खोज विज्ञान, चिकित्सा और जीवनशैली की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल मेडिकल फील्ड को प्रभावित करेगा, बल्कि आम लोगों के जीवन जीने के तरीके को भी।

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।**






**ललित गर्ग**
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ ह्यकायरतापूर्णह्ल आतंकवादी हमला भारत की ह्यआत्मा, पहचान और गरिमाह्ल पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राजील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया। भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरूआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरूआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, ह्यबीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं।

**सोनम लववंशी**

# वन्यजीव संकटः टूटती पारिस्थितिकी की कड़ी!

हमारे देश में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला ह्यवन महोत्सवह्ल केवल औपचारिकता बन कर न रह जाए, इसके लिए अब गहराई से चिंतन की आवश्यकता है। इस उत्सव का मूल उद्देश्य वनों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है। क्या एक सप्ताह की सक्रियता हमारे घटते वनों की पीड़ा को शांत कर सकती है? भारत एक समय हराभरा देश था। आज ये हरियाली लगातार सिकुड़ती जा रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वन क्षेत्र लगभग 80.73 मिलियन हेक्टेयर है, जो कि भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24.62 प्रतिशत है। यह आंकड़ा सुनने में बड़ा प्रतीत होता है। जब यह ज्ञात होता है कि इसमें से 12 फीसदी से अधिक क्षेत्र केवल स्क्रब, झाड़ियाँ या क्षतिग्रस्त वन भूमि है, तब स्थिति की गंभीरता स्पष्ट हो जाती है। वैश्विक औसत के मुकाबले भारत वन आच्छादन में अब भी पीछे है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, किसी देश का कम से कम 33 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित होना चाहिए। हमारा लक्ष्य अब भी अधूरा है। वन केवल हरियाली नहीं हैं, ये एक जटिल परिस्थकीय तंत्र का हिस्सा हैं। वन पृथ्वी के फेफड़े हैं, जो वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड लेकर हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वनों के कारण वर्षा होती है, मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, भूजल स्तर संतुलित रहता है और जैव विविधता संरक्षित होती है। भारत जैसे देश में जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है, वहां वनों का विनाश सीधे तौर पर किसान की आजीविका से जुड़ा होता है। वन कटने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है। जल स्रोत सूखने लगते हैं। इसका असर खाद्य उत्पादन, पशुपालन और ग्रामीण जीवन की स्थिरता पर गहरा पड़ता है। आर्थिक विकास के नाम पर सड़कें, रेललाइन, बिजली परियोजनाएं और उद्योग वनों को निगल रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत में विकास परियोजनाओं के चलते 14, 000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र साफ किया गया है। कई बार यह कटाई उस पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देती है, जिसे बनने में सैकड़ों साल लगे थे। उदाहरण के तौर पर मध्य भारत के जंगलों में पाए जाने वाले बाघ, हाथी, गौर, और अन्य कई प्रजातियों का आवास क्षेत्र सीमित होता जा रहा है। जैव विविधता का यह संकट केवल वन्यजीवों का नहीं, मानव जाति का भी है। बढ़ती वन कटाई और अवैध शिकार का एक दर्दनाक प्रमाण देश में बाघों की लगातार हो रही मौतें हैं। वर्ष 2025 के पहले छह महीनों में ही 107 बाघ अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 20 मासूम शावक भी शामिल हैं।

# मानसिक बीमारी से कैसे बचा जाए



**अंकित श्रीवास्तव**

आज की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। मानसिक बीमारियों से बचाव के लिए सबसे पहले जरूरी है कि हम अपनी भावनाओं, सोच और व्यवहार को गंभीरता से समझें और समय-समय पर आत्ममंथन करें। संतुलित जीवनशैलीः स्वस्थ भोजन, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। जंक फूड से बचें और फलों, सब्जियों तथा प्रोटीनयुक्त भोजन को प्राथमिकता दें। तनाव प्रबंधनः योग, ध्यान (मेडिटेशन), और प्राणायाम जैसे उपाय तनाव को कम करने में प्रभावी होते हैं। किसी भी स्थिति में खुद को शांत रखना सीखें और समय-समय पर ब्रेक लें।सकारात्मक सोच विकसित करेंः नकारात्मक विचारों की जगह सकारात्मक सोच को अपनाएं। खुद पर विश्वास रखें और असफलताओं को सीखने का अवसर समझें। सामाजिक संपर्क बनाए रखेंः अच्छे दोस्त, परिवार और सहकर्मी मानसिक सहारा बन सकते हैं। अकेलापन मानसिक रोगों को जन्म दे सकता है, इसलिए लोगों से जुड़े रहें और अपने मन की बात साझा करें। डिजिटल डिटॉक्सः मोबाइल, सोशल मीडिया और स्क्रीन टाइम को सीमित करें। तकनीक का अत्यधिक प्रयोग तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। मानसिक लक्षणों को नजरअंदाज न करेंः अगर लंबे समय तक उदासी, चिड़चिड़ापन, अकेलापन या डर महसूस हो रहा हो, तो मनोचिकित्सक से सलाह अवश्य लें। समय पर इलाज से मानसिक बीमारियों को रोका जा सकता है। इस प्रकार, यदि हम अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करें और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाएं, तो मानसिक बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है।

# भिखारी ठाकुर के सम्मान में सांसद रूडी की पहल, पद्म भूषण की मांग

## सांसद रूडी ने कहा: भिखारी ठाकुर को पद्म भूषण से अलंकृत करना राष्ट्र की कृतज्ञता होगी

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि भोजपुरी के महान लोकनाटककार, समाजचेतक और पिछड़े वर्ग के गौरव स्व. भिखारी ठाकुर जी को मरणोपरांत ह्लपद्म भूषणह्व से अलंकृत करना राष्ट्र की सच्ची कृतज्ञता होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री श्री अमित शाह को अलग-अलग पत्र भेजकर यह अनुशंसा की है। साथ ही अपनी ओर से इसे भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन भी सबमिट किया है। इस संदर्भ में सांसद श्री रुडी ने कहा कि स्व. भिखारी ठाकुर जी को मरणोपरांत पद्म भूषण दिलाने के इस प्रयास को वे संसद के आगामी सत्र में लोकसभा में भी पुरजोर ढंग से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए बिहार के सभी माननीय सांसदों से मिलकर उनके हस्ताक्षर भी लेंगे ताकि इसे एक संयुक्त प्रस्ताव के रूप में भारत सरकार के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी राजनीतिक दलों के सांसद इस सांस्कृतिक आग्रह में सहभागी बनकर भिखारी ठाकुर जी को यह गौरव दिलाने में सहयोग करेंगे। सांसद श्री रूडी ने कहा कि भोजपुरी लोककला और संस्कृति के क्षितिज पर स्व. भिखारी ठाकुर वह अद्वितीय दीपशिखा हैं, जिन्होंने अपनी कलम और मंच की तपिश से समाज की कुरीतियों को झुलसा दिया और लोकमानस में जागरूकता की मशाल प्रज्वलित कर दी। उनके नाटक, ह्यबिदेसियाह्ल, ह्यबेटी-बेचवाह्ल, ह्यगबर घिचोरह्ल, ह्यविधवा विलापह्ल केवल मनोरंजन नहीं थे, बल्कि दहेज प्रथा, नारी उत्पीड़न, प्रवासी जीवन की वेदना और सामाजिक विद्रूपताओं पर तीखे प्रहार भी थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भिखारी ठाकुर जी ने उस युग में भोजपुरी भाषा को साहित्य और मंच की गरिमा दी, जब इसे केवल जनभाषा माना जाता था। उन्होंने अपनी मंडली के साथ गाँव-गाँव जाकर लोकमंच को परिवर्तन का तीर्थ बना दिया। उनके गीतों व नाटकों में करुणा की कोमलता और सुधार की कठोरता साथ-साथ गूँजती रही। सांसद श्री रूडी ने कहा कि ऐसे लोकमर्मज्ञ, समाज सुधारक और भोजपुरी की अमर विभूति को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित करना न केवल उनके प्रति कृतज्ञ राष्ट्र की श्रद्धांजलि होगी, बल्कि हमारी लोकसंस्कृति को चिरंजीवी बनाए रखने की ऐतिहासिक पहल भी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निर्णय भोजपुरी समाज के करोड़ों लोगों के आत्मगौरव को भी नया संबल देगा।

# संस्थागत प्रसव कराने वाली माताओं को मिल रहा है जच्चा बच्चा किट

## किट में घी, दलिया, प्रोटीन पाउडर व अन्य सामग्री है उपलब्ध

● पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित टीकाकरण आवश्यक

प्रात: किरण संवाददाता




बेतिया, सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत प्रसव कराने वाली माताओं को समुचित उपचार के साथ-साथ अब पोषण से सम्बन्धित वस्तुओं वाली जच्चा-बच्चा किट दिया जा रहा है। लाभार्थी को जच्चा-बच्चा किट देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठकराहां के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ परवेज आलम ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव कराने वाली माताओं को डिस्चार्ज के दौरान जच्चा-बच्चा किट दिया जा रहा है। इस किट में उन्हें घी, खिचड़ी प्रीमिक्स, नमकीन दलिया प्रीमिक्स, राइस खीर प्रीमिक्स, सुधा ठेकुआ तथा बेसन बर्फी दिया जा रहा है। पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित टीकाकरण आवश्यक सीएस डॉ विजय कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के साथ ही प्रसूता माताओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके, इसके लिए महिलाओं के पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय समय पर नियमित टीकाकरण कराना बहुत जरूरी है। इससे जच्चा बच्चा सुरक्षित रहता है। उसमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है। संस्थागत प्रसव को मिलेगा बढ़ावा डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि सरकार के इस पहल से जिला सहित राज्य में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा और मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को कम किया जा सकेगा। जच्चा बच्चा किट के उपलब्ध होने से महिलाओं का अब प्रसव के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की तरफ रूचि बढ़ेगी। आयरन, कैल्शियम के टैबलेट के साथ-साथ इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। लाभार्थियों के बेहतर जानकारी के लिए मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन से संबंधित पम्पलेट भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### साईकिल रैली में शामिल हुए जदयू कार्यकर्ता



गड़खा (सारण) सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार बिहार प्रदेश बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, अध्यक्ष प्रदेश जेडीयू मॉनिटरिंग सेल के नेतृत्व में गड़खा प्रखंड क्षेत्र के रामपुर, मुहम्मदपुर एवं मीठेपुर पंचायत में मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली बड़े धूम धाम से निकाला गया। साइकिल रैली में जिला जदयू के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, जिला महामंत्री गणेश प्रसाद सिंह के साथ रामपुर पंचायत के पंचायत अध्यक्ष शिवकुमार सिंह के साथ साथ सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मशाल कार्यक्रम का प्रखड़ स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



बनियापुर। बिहार सरकार की खेल के विभींन्न मेघाओ मे विधालय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक बच्चो को मौका देने और उन्हे प्रोत्साहित करने वाला कार्यक्रम मशाल का आज प्रखड़ स्तरीय कार्यक्रम का समापन किया गया, जिस प्रतोयोगिता मे शामिल छात्र छात्राओं को अब जिला स्तरीय प्रतियोगता के लिए चयन कर लिया गया है, इस चिलचीलाती धुप मे बच्चो ने अपनी हार नही मानते अपनी मेघा का परिचय देते प्रथम द्वितीय तृतीय का खेताब हासिल कर अपना स्थान बनाया, जहा चयन समिति के समन्वयको व शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम को अंतिम रूप देते, चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।मौके पर श्रीकांत पाण्डेय प्रफुल कुमार गुड्डू सिंह शैलेन्द्र पाण्डेय राम लाल राम अरविन्द कुमार अरविन्द सिंह त्रिपुरी सिंह कौशर अली गुड्डू कुमारी नसरुद्दीन शकील अहमद अविनाश कुमार सद्दाम हुएं नजीर हुसैन सहित सभी समन्वयक सहित प्रींतिनियुक्त सभी विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे।

### डीएम के निर्देश पर चल रहा है सघन वाहन चेकिंग अभियान



छपरा। जिलाधिकारी के निर्देश पर सारण जिला में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सारण जिलान्तर्गत अलोनी एवं इसके आस पास के मार्ग में परिवहन विभाग की टीम द्वारा गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध लगभग 4 लाख 55 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

# अवैध खनन भंडारण से डिमांड पर बालू और गिट्टी सप्लाई बदस्तूर जारी



बगहा। वीटीआर सेफ्टी जोन में अवैध खनन कर भंडारण से खनन माफियाओं द्वारा डिमांड के अनुसार चोरी छिपे बालू और गिट्टी की सप्लाई बदस्तूर की जा रही है। सूत्रों की माने तो वाल्मीकिनगर नगर थाना क्षेत्र में कई जगहों पर खनन कर बालू और पत्थर का भंडारण किया गया है।जिसमे कुछ भंडारण पर पुलिस प्रशासन और खनन विभाग द्वारा कर्यवाई की गई है।कइयों को नामजद कर एफआईआर दर्ज भी किया गया है।लेकिन कुछ भंडारण अब भी ऐसे है जो खनन विभाग की आंखों से बचे हुए है जहां से स्थानीय लोगों को मांग पर बालू और गिट्टी का सप्लाई पुलिस प्रशासन के आंखों में धूल झोंककर किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि एक ट्रैक्टर ट्रॉली जिसमे लगभग 120 सीएफटी बालू या गिट्टी होता है जिसे 4 हजार से 5 हजार रुपये में बेचा जा रहा है। वहीं इस गोरखधंधा से वीटीआर के सेफ्टी जोन स्थित पर्यावरण को भारी नुकसान भी पहुंच रहा है।


# लायंस क्लब ने चुप्पी तोड़ो, खुल कर पूछो खुल के जानो कार्यक्रम का किया आयोजन

## डॉ सीमा सिंह ने बच्चियों को किया मासिक धर्म पर जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।लायंस क्लब छपरा टाऊन ने शहर के सेंट जोसफ स्कूल में मासिक धर्म के बारे सीनियर लड़कियों के लिए एक अवेयरनेस कैम्प लगाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निर्देशक लायन अभिषेक सिंह ने किया। इस कैम्प में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा सिंह ने उपस्थित छात्राओं को मुश्किल दिनों में होने वाली मुश्किलों और उनसे बचाव के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि औरतो खासकर युवा लड़कियों को इस दिनों में साफ सफाई का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कैसे हम इन दिनों में तनाव पर नियंत्रण रखकर खुश रह सकते हैं। हमे आपस में मिलकर इस बारे में बात करके झिझक को दूर करना चाहिए।आज भी समाज में इस बारे में झिझक और शर्म हैं जोकि महिलाओं और आदमियों को आपस में बात करके खत्म होनी चाहिए।क्लब के सचिव लायन मनीष कुमार ने बताया कि हमारे क्लब का ये सिग्नेचर प्रोजेक्ट है और लायंस इंटरनेशनल के जिलापाल प्रदीप खेतान के दिशा निर्देश पर मिशन शक्ति के तहत ये कार्यक्रम अनेक स्कूलों में किया जाएगा, साथ ही सेनेटरी पैड्स की वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर लायंस लियो क्लब की लक्ष्मी सिंह, स्कूल की प्राचार्य रोशनी सिंह के द्वारा लड़कियों को सेनेटरी पैड्स भी दिये गये। लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिषेक किशोर ने स्कूल ने अतिथियों का स्वागत पौधा दे कर किया, वही स्कूल की प्रिंसिपल रौशनी सिंह ने डॉक्टर और सभी लायंस क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में निरन्तर होते रहना चाहिए इससे समाज जागरूक होगा। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिषेक किशोर, गोविंद सोनी, कुंवर जायसवाल, चंदन सिंह, अली अहमद, लियो अध्यक्ष अमित सोनी, लियो सचिव उज्जवल मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

# सियार के हमले से बाल बाल बचे स्कूली बच्चे राहगीरों ने दूर खेतों में भगाया सियार को



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के संतपुर सोहरिया पंचायत में उस वक़्त अफरातफरी मच गई जब स्कूली बच्चों पर सियार ने हमला बोल दिया।हल्लागुल्ला सुन हमलावर सियार को राहगीरों ने दूर धान व गन्ने की खेत मे भाग दिया।बतादें की यह घटना कनघुसरी और शिवनाहा गांव के बीच मुख्य सड़क स्थित तीखे मोड पर हुई है।कनघुसरी निवासी चंद्रभान शर्मा ने बताया कि ये बच्चे शिवलाहा सरकारी विद्यालय में जा रहे थे तभी सियार ने इन पर हमला कर दिया।गनीमत रही कि उसी समय कुछ राहगीर साइकिल से आ पहुंचे। बच्चों के शोर करने पर राहगीरों का ध्यान उस तरफ गया और सियार को बच्चों से दूर खेतों में भगा दिया। उन्होंने आगे बताया कि ये सियार जंगलों से निकल कर गांव के करीब मंडराते रहते है ताकि गांव के पालतू जानवरों, मुर्गा, मुर्गी, खरगोश, बत्तख, मेमने आदि को अपना शिकार बना सके हैं।

# नव विवाहित युवक की सड़क हादसे में हुई मौत, सवार महिला गम्भीर रूप से घायल

प्रात: किरण संवाददाता




बगहा। बगहा में सड़क हादसे में नव विवाहित युवक की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि बाइक पर पीछे सवार एक महिला को गंभीर हालत में जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया है। घटना चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-727 मुख्य सड़क पर हुई जब कोर्ट में किसी मुकदमे की सुनवाई के बाद अपने चाची को लेकर संदीप पड़ित घर लौट रहा था। दरअसल सोमवार की देर रात भीषण सड़क हादसे में हरदी नदवा गांव निवासी 24 वर्षीय संदीप पंडित की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार उसकी चाची रेखा देवी (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं है। यह हादसा चौतरवा के बहुअरवा कांटा के पास हुआ, जब बाइक और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों के मुताबिक ट्रक तेज रफ्तार में आ रहा था और अचानक सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहें संदीप पंडित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी चाची रेखा देवी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद चौतरवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में रेखा देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्स्कों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसीएच) रेफर कर दिया। बेतिया में भी महिला की स्थिति में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया है। परिजनों ने बताया कि संदीप की शादी करीब ढाई महीने पहले रामनगर के पकड़ी गांव में हुई थी। संदीप चार भाइयों में सबसे बड़ा था और पूरे परिवार का भरण-पोषण वहीं करता था। शादी के बाद संदीप की पत्नी के हाथों की मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था लेकिन अब उसकी मांग हीं उजड़ गईं। बताया जा रहा है कि संदीप अपने परिजनों के साथ किसी पुराने केस की सुनवाई के सिलसिले में कोर्ट गया हुआ था। कोर्ट से वापस लौटते समय बहुअरवा कांटा के पास ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस मामले में चौतरवा थानाध्यक्ष ज्योतिपुंज ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। जबकि ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# विधायक के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली, सैकड़ों युवा हुए शामिल

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। जदयू नेता व विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साइकिल पर सवार हो रैली में निकले विधायक के साथ सैकड़ो युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान चौक चौराहे पर रूक कर विधायक ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने एवं मताधिकार से होने वाले फायदे की जानकारियां दे, उन्हें जागरूक किया। इसकी जानकारी देते हुए विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारत का नागरिक होने के नाते हमें अपने मताधिकार का उपयोग करने का पूरा अधिकार प्राप्त है। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर, विकास के लिए सरकार बनाने का काम करें।वाल्मीकिनगर में विकास का पहिया कितना तेज दौड़ा है, यह कहने की जरूरत नहीं है।मतदाताओं ने खुद देखा है। इस बार भी विकास के लिए सरकार चुनने का काम मतदाता ही करेंगे, इसलिए अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें जागरूक होना पड़ेगा। मतदाता जागरूकता रैली में विशेष रूप से जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा उर्फ लड्डू शर्मा, पूर्व बीडीसी वीरेंद्र साह, रमन सिंह, विजय झा, रंजन कुमार, आनंद कुमार सिंह एवं समाज सेवी संतोष रौनियार शामिल रहे।

# शुरूआती स्टेज में कैंसर की पहचान से शत-प्रतिशत इलाज संभव

## बचाव हेतु लोगों कों जागरूक करना एक अहम मुद्दा

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लौरिया में डा मुतुर्जा अंसारी एनसीडीओ एवं डा. दिलीप कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। एनसीडी स्क्रीनिंग, ट्रीटमेंट, कैंसर इत्यादि बीमारियों की जाँच एवं उसके बारे में स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक करने की बातें बताई गई। एनसीडीओ डॉ मुर्तजा अंसारी ने बताया कि भारत में मौतों का 63 प्रतिशत वजह गैर संचारी रोग होता है। डॉ मुर्तजा ने कहा कि गुटका जनित मुँह के कैंसर से प्रतिवर्ष लगभग 3.50 लाख लोगों की मौत हो रही है। इसमें अधिकतर 30 साल से उपर वाले लोग शामिल होते हैं। ऐसे संदिग्ध लोगों की स्क्रीनिंग की जाए। बीपी, शुगर, ओरल, ब्रेस्ट कैंसर या बच्चेदानी के मुँह के कैंसर की शुरूआत में ही जाँच कराकर टेली मेडीसिन या रेफरल मैनेजमेंट से इलाज सुनिश्चित कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसे जानलेवा बीमारी की भी पहचान अगर शुरूआती स्टेज में हो जाए तो शत-प्रतिशत इलाज संभव होता है। इस तरह लोग असमय मौत, सामाजिक-आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि आशा के द्वारा अनुमानतः 1000 की जनसंख्या में 370 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक राहुल कुमार, एफएलसी कन्हैया, बीसीएम रीना मोदी, ब्रजेश कुमार तिवारी एवं एएनएम मौजूद थीं।

# भारत स्काउट और गाइड ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत दलित/महादलित टोलों में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत स्काउट और गाइड सारण ने शहर के प्रभुनाथ नगर स्थित दलित व महादलित टोलों में जागरूकता अभियान चलाया।इस अभियान का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को सूची में नाम जोड़वाने, सुधार करवाने एवं मतदान की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी दी और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ नामांकन हेतु प्रेरित किया।खासकर युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और पहली बार मतदान करने वालों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने बताया की इलेक्शन ऑफिस से मिले जागरूकता पर्चे के मदद से जानकारी दी गई कि नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन और स्थानांतरण की प्रक्रिया कैसे पूरी की जा सकती है।और जागरूकता पर्चे को घर घर वितरण किया गया ताकि पूर्ण रूप से नही समझ पाने के स्थिति में लोग जागरूकता पर्चे के माध्यम से आसानी से समझ जायेगे। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों जावेद इकबाल, कला संस्कृति पदाधिकारी डॉ० विभा भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सभापति भारत स्काउट और गाइड सारण निशांत किरण ने भी सहयोग किया और भारत स्काउट और गाइड के प्रयासों की सराहना की।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने कहा कि समाज के वंचित तबकों में इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियाँ लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कला संस्कृति पदाधिकारी डॉ० विभा भारती के बताया कि भारत स्काउट और गाइड संगठन आगे भी लगातार जिले के विभिन्न दलित/महादलित वस्तियो में इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक लोकतांत्रिक अधिकारों की जानकारी पहुंचाता रहेगा। इस अभियान का नेतृत्व भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला प्रशिक्षक प्रणव सिंह ने किया। अभियान में शामिल स्काउट और गाइड के जिला आयुक्त (स्काउट) अरूण परासर एवम स्काउट और गाइड के सक्रिय स्वयंसेवक सोनू कुमार गुप्ता, मनीष कुमार, आशुतोष कुमार, खुशी कुमारी, चांदनी कुमारी और अन्य ने भाग लिया।इन युवाओं ने टोलों में जाकर जनसंवाद किया, जागरूकता पर्चे वितरित किए और कुछ स्थानों पर पोस्टर के माध्यम से संदेश पहुंचाया।

# जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने जिला के सभी मतदाताओं से किया अपील

## जिला के सभी पंचायतो में जदयू ने मतदाता जागरूक साइकिल रैली निकाली

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला से लेकर प्रखंड पंचायत बूथ स्तर तक के जदयू कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता साइकिल रैली में हुए शामिल प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के निर्देश पर जिले के सभी पंचायत में समर्पित कार्यकर्ता साथियों के साथ मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने मढ़ौरा नगर पंचायत में मतदाता जागरूक साइकिल रैली में भाग लिया जदयू जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि मतदाता जागरूकता रैली निकालने का मुख्य उद्देश्य है कि एक भी मतदाता छूटे नहीं फर्जी मतदाता जुटे नहीं इस संबंध में पार्टी निरंतर सभी पंचायत वार्ड बूथ स्तर पर मतदाताओं के बीच में जाकर जागरूक कर रही है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी पंचायत में पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में मतदाता जागरूक साइकिल रैली निकाली गई पार्टी के बीएलए को निर्देशित किया गया है कि बीएलओ को सहयोग करेंगे मुख्य रूप से संजय गिरी गामा सिंह, संदेश महतो, अरशद परवेज मुन्नी, सुधाकर भारद्वाज, कुसुम देवी, ईङ्क प्रभास शंकर, बृजेश कुमार, रामबाबू सिंह, अनिल सिंह अजय प्रसाद, रियाजउद्दीन मंसूरी, दिवाकर चौबे, रमेश किशन कुशवाहा, चांदनी कुशवाहा, संजय सिंह चंदन मिश्रा सभी विधानसभा प्रभारी, प्रखण्ड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं समर्पित कार्यकर्ता साथी सम्मिलित रहे।

# राजद गठबंधन का चक्का जाम आज

छपरा कार्यालय। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के खिलाफ राजद महागठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों के द्वारा जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में संपूर्ण चक्का जाम रहेगा। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग केंद्र की एनडीए सरकार के इशारे पर गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आम जनता ये जिन ग्यारह दस्तावेजों को मांगा जा रहा है वो सीमित समय में संभव नहीं है। राजद प्रवक्ता ने चुनाव आयोग के मंसूबे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, वोटर आई कार्ड कार्ड भारत सरकार के द्वारा बनवाए गए हैं, तब क्यों दूसरे दस्तावेजो की मांग की जा रही है ? क्या चुनाव आयोग मानता है कि 2024 में लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची गलत थी ? क्या 2024 का लोकसभा चुनाव गलत था? क्या चुनाव आयोग मानता है कि 2003 के बाद बिहार में हुए सभी चुनाव गलत वोटर लिस्ट पर हुए ? क्या चुनाव आयोग मानता है कि फरवरी में उसने जो वोटर लिस्ट प्रकाशित वह सही नहीं है? राजद प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि मतदाता गहन समीक्षा के फैसले के पहले विपक्षी दलों से परामर्श क्यों नहीं किया गया। दरअसल गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एनडीए सरकार और चुनाव आयोग की मंशा करोड़ों बिहारियों जो रोजी रोटी कमाने दूसरे प्रदेशों में गए हैं, उन्हें एवं गरीब, वंचित, आदिवासी व अल्पसंख्यकों के बड़ी आबादी को मतदाता सूची से नाम काट कर मतदान तथा अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित करने वाला है, जिसे राजद गठबंधन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। चक्का जाम कार्यक्रम से एंबुलेंस, दूध, एवं दवा आपूर्ति वाहनों को मुक्त रखा गया है, ताकि गंभीर रूप से बीमार रोगियों, बच्चों के ऊपर असर न पड़ें।

# 9 जुलाई के आम हड़ताल एवं बिहार बंद को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन



छपरा कार्यालय। महंगाई, बेरोजगारी पर रोक लगावे, श्रमिक अधिककारों के खिलाफ 4 केंद्रीय कानूनों को रद्द करने तथा कार्य अवधि 8 घंटा से 12 घंटा के खिलाफ को रद्द करने, मतदाता सूची के पुनरीक्षण को बिहार में स्थगित करने, किसानों के पैदावार का मुनासिब दाम तय करने, किसानों खेत मजदूरों एवं ग्रामीण दस्तकारों को पेंशन निर्धारित करने, एम एस पी को कानूनी दर्जा देने आदि मांगो के समर्थन में 9 जुलाई को देश व्यापी आम हड़ताल एवं बिहार बंद का ऐलान किया गया है जिसे छपरा शहर में सफल बनाने के लिए श्यामदेव नगर भगवान बाजार में विभिन्न संगठन के नेता एवं भाकपा नेताओं की एक बैठक सुरेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उक्त आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया और शहरवासियों से बंद को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में रामबाबू सिंह सी पी आई जिला सचिव शिक्षक नेता सुरेन्द्र सौरभ , सीनियर अधिवक्ता सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, प्रो कामेश्वर सिंह, चूल्हन प्रसाद सिंह, बिजली मजदूर नेता जवाहर मिश्र , कर्मचारी नेता रमेश ठाकुर, बाल कटाई मजदुर नेता मनोज ठाकर , भदई राम (निर्माण मजदुर नेता ), खुदरा व्यवसाई नेता लक्ष्मण सिंह, पत्रकार एवं अधिवक्ता दिलीप वर्मा , आदि प्रमुख से शामिल थे ।

# आरएसए ने मनाया स्थापना दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। मंगलवार को आर एस ए की स्थापना दिवस लक्की पैलेस छपरा में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता रणवीर सिंह, प्रिंस सिंह, राकेश सिंह, उज्जवल कुमार सिंह, मनीष पांडे मिंटू, विशाल सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक आशीष यादव उर्फ गुलशन यादव ने किया. कार्यक्रम का संचालन संयोजक विकास सिंह सेंगर ने किया। जबकि स्वागत भाषण प्रमेन्द्र सिंह कुशवाहा ने की। धनबाद ज्ञापन परमजीत सिंह कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम प्रारंभ अतिथियों के स्वागत में आर एस ए की छात्रा इकाई ने स्वागत गीत गाकर किया। वक्ताओं ने कहा कि आर एस ए 16 वर्षों से छात्र-छात्राओं के मूल समस्या को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। आर एस ए की पहचान भ्रष्ट पदाधिकारी के विरुद्ध संघर्ष करके हैं। संगठन लगातार प्रवेश, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और उसमें सफलता भी मिली है। अभी वर्तमान में जो विश्वविद्यालय प्रशासन कार्य कर रहा है वह कहीं से सारण प्रमंडल के छात्र-छात्राओं के हित में कार्य नहीं कर रहा है। लगभग डेढ़ वर्षों में विश्वविद्यालय के इंटरनल फंड से 17 करोड़ रूपया का निकासी हुआ है लेकिन विश्वविद्यालय के विभाग में एवं महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं का ताला नहीं खुला. प्रयोगशालाएं धूल फांक रहा है महाविद्यालय में खेल के और संगीत की घंटी बजना बंद हो गए।

# आंगनबाड़ी सेविका की पहुंच हर घर तक होती है अभियान को सफल बनाने में करें सहयोग: डीडीसी

## पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ के सहयोग के लिए वॉलंटियर के रूप में लगाया गया

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा। आंगनबाड़ी सेविका प्राशासनिक इकाई के रूप में काम करती हैं, आपकी पहुंच हर घर तक होती है, आपके सहयोग से विभिन्न योजनाओं और अभियान का कार्यान्वयन सफल हो पाता है। उक्त बातें उप विकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के निमित भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में आयोजित आंगनबाडी सेविका, पोषण अभियान समन्वयक और महिला पर्यवेक्षिका के प्रशिक्षण सह उन्मुखिकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि यह अभियान वृहद है और समय कम है। जिसमें आपका सहयोग महत्वपूर्ण है। आपको गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ के सहयोग के लिए वॉलंटियर के रूप में लगाया गया है। आपका लक्ष्य है कि आपके पोषक क्षेत्र का एक भी मतदाता छुटने नहीं पाए। सभी लोगों का गणना फॉर्म अवश्य जमा हो जाए। आपका काम घर -घर फॉर्म बांटना, भरने में सहयोग करना और कलेक्ट करना है। उप विकास आयुक्त ने गहन पुनरीक्षण अभियान का परिचय, उद्देश और प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने 2003 की मतदाता सूची में नाम के साथ अन्य मान्य कागजात की जानकारी देते हुए कहा कि कागज के लिए फॉर्म को विलंबित नहीं किया जाएगा। भरे हुए साईंड फॉर्म जमा किया जाए। एक अगस्त को ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद कागजात की जरूरत हुई तो मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि फॉर्म बहुत सरल है। केवल चार बॉक्स को भरना है और साइन करना है। उन्होंने मौके पर मौजूद आईसीडीएस की प्रभारी डीपीओ चंद्रकांती देवी को दैनिक रिपोर्टिंग प्रपत्र बनाने का निर्देश दिया। जबकि सभी एलएस को आदेश दिया कि वे अपने अधीन सेविका से प्रतिदिन फॉर्म डिस्ट्रीब्यूशन और कलेक्शन की रिपोर्ट प्राप्त कर मुझे और जिलाधिकारी को भेजें। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# विशेष साप्ताहिक ट्रेन का संचलन 21 से

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05193/05194 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा वाया गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 21 एवं 28 जुलाई, 2025 दिन सोमवार को तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) से 23 एवं 30 जुलाई, 2025 दिन बुधवार को 02 अतिरिक्त फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।05193 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) साप्ताहिक विशेष गाड़ी 21 एवं 28 जुलाई, 2025 को छपरा से 14.00 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 14.12 बजे, मशरख से 15.02 बजे, दिघवा दुबौली से 15.34 बजे, थावे से 17.05 बजे, तमकुही रोड से 17.37 बजे, पडरौना से 18.10 बजे, कप्तानगंज से 19.35 बजे, गोरखपुर से 20.55 बजे, खलीलाबाद से 21.31 बजे, बस्ती से 21.59 बजे, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 01.18 बजे, सीतापुर से 03.10 बजे, शाहजहाँपुर 06.06 बजे, बरेली से 07.14 बजे, मुरादाबाद से 08.47 बजे, लक्सर जं. से 10.47 बजे, रूड़की से 11.09 बजे, सहारनपुर से 12.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 12.57 बजे, अम्बाला कैंट से 14.20 बजे, ढंडारी कलां से 15.56 बजे, जलंधर कैंट से 17.05 बजे, पठानकोट कैंट से 19.10 बजे, कठुआ से 19.50 बजे तथा जम्मूतवी से 21.00 बजे छूटकर शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) 23.05 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 05194 शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी 23 एवं 30 जुलाई,2025 को शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) से 00.10 बजे प्रस्थान कर जम्मूतवी से 01.20 बजे, कठुआ से 02.22 बजे, पठानकोट कैंट से 03.10 बजे, जलंधर कैंट से 05.00 बजे, ढंडारी कलां से 06.10 बजे, अम्बाला कैंट से 08.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 09.20 बजे, सहारनपुर से 10.50 बजे, रूड़की से 11.27 बजे, लक्सर जं. से 12.07 बजे, मुरादाबाद से 14.30 बजे, बरेली से 16.02 बजे, शाहजहाँपुर 16.58 बजे, सीतापुर से 19.10 बजे, बुढ़वल से 21.17 बजे, गोंडा से 22.20 बजे, बस्ती से 23.50 बजे, दूसरे दिन खलीलाबाद से 00.27 बजे, गोरखपुर से 01.20 बजे, कप्तानगंज से 02.17 बजे, पडरौना से 02.57 बजे, तमकुही रोड से 03.32 बजे, थावे से 04.45 बजे, दिघवा दुबौली से 05.42 बजे, मशरख से 06.15 बजे तथा छपरा कचहरी से 07.20 बजे छूटकर छपरा 08.00 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय/सामान्य द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 05 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 10 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे इस आशय की जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी,वाराणसी अशोक कुमार ने दी।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर बीएलओ पर हुई कार्रवाई

दरियापुर स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 144 के नवनियुक्त बीएलओ को निर्वाचन कार्य में लापरवाही करना महंगा साबित हो गया इस संबंध में स्थानीय बीडीओ दीनबंधु दिवाकर के द्वारा अविलंब निलंबित करते हुए कठोर कार्रवाई करने की वरीय अधिकारियों को अनुशंसा की गई है इस संबंध में बताया गया कि इस मतदान केंद्र के बीएलओ का अन्य विद्यालय में स्थानांतरण हो जाने पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय यादोपुर के शिक्षक युगेश्वर मांझी को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया था परन्तु उनके द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य करने से इनकार कर दिया गया जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों द्वारा कई बार फोन एवं भौतिक रूप से भी संपर्क करने की कोशिश की गई इसके बावजूद संपर्क नहीं हो सका इसके साथ ही उनके द्वारा स्पष्टीकरण का भी जवाब नहीं दिया गया जिससे पुनरीक्षण कार्य प्रभावित हो गया।

# बिहार में युवा आयोग के गठन एवं अन्य ऐतिहासिक निर्णय पर युवाओं में हर्ष




प्रात: किरण संवाददाता

आरा । बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा आज के कैबिनेट बैठक में युवाओं के चिर प्रतीक्षित मांग युवा आयोग के गठन करने के निर्णय पर मुहर लगने के बाद बिहार के युवा वर्ग में काफी खुशी का माहौल है। जदयू नोखा विधानसभा प्रभारी अभय विश्वास भट्ट ने कहा कि नीतीश कुमार का इस निर्णय से युवाओं को जोश उत्साह दोगुना हो जाएगा यह बिहार के युवा वर्ग का पुरानी मांग था जो आज पूरा हो रहा। युवाओं के आर्थिक, समाजिक विकास के लिए यह जरूरी था। इन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के युवा आयोग के गठन के घोषणा के बाद विपक्षी दलों मे बेचैनी बढ़ गई है। अब जाकर युवाओं का सपना युवा आयोग पूरा हो रहा इन्होंने बताया कि मैं कई बार इस संदर्भ में मांग पत्र के माध्यम से पार्टी एवं सरकार के अन्य नेताओं से किया था जो आज पूरा हो रहा। वही बिहार की स्थानीय महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण देना भी महिलाओं के पुराने मांग को पूरा करता है जिससे युवा महिला वर्ग में काफी खुशी है। इससे बिहार के स्थानीय महिलाओं को और ज्यादा लाभ मिलेगा। वही कैबिनेट के अन्य निर्णय भी समाज के लिए ज्यादा जरूरी था जिसका ख्याल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। इस निर्णय के बाद आज बिहार के महिला एवं युवा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिए और मुख्यमंत्री का सभी ने आभार जताया

# मनोज कुमार झमन के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता साइकिल रैली



प्रात: किरण संवाददाता

आरा । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर आज जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के भोजपुर जिलाध्यक्ष श्री मनोज कुमार झमन ने किया। रैली का उद्देश्य आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था इस अवसर पर श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष शशिभूषण यादव, नवलकिशोर शर्मा, दिनानाथ यादव, पप्पू यादव, अखिलेश महतो, मुकेश कुमार, अमोद कुमार, झीरकुट यादव, अंशु कुमार एवं अनिश कुमार सहित अनेक अन्य कार्यकताओं ने भी रैली में भाग लिया।

रैली के दौरान सड़कों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगाए गए और लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता की भागीदारी जरूरी है।

जिलाध्यक्ष मनोज कुमार झमन ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। समाज के हर वर्ग को इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस तरह के जागरूकता अभियान आगे भी चलता रहेगा इस रैली को स्थानीय नागरिकों ने भी खूब सराहा और बड़ी संख्या में लोगों ने इसे देखा और सराहना की। संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# भू-जल संकट के मद्देनजर चैंबर ने कार्यपालक पदाधिकारी को दिया ज्ञापन



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भू-जल संकट के मद्देनजर नगरपरिषद रक्सौल के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ.मनीष कुमार को अध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा एवं महासचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया के संयुक्त तत्वावधान व उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप साह, सहसचिव गिरधारी लाल श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम परियोजना सह-संयोजक विश्वनाथ प्रसाद की उपस्थिति मे ज्ञापन देते हुए नगरपरिषद अंतर्गत सभी वार्डों मे शुद्ध पेयजल की निरंतर उपलब्धता हेतू निम्नांकित सुझावों जैसे नल-जल योजनाओं द्वारा आपूर्ति किए जा रहे पेयजल के समयावधि मे विस्तार व प्रत्येक दिन नियमित रूप से सभी वार्डों मे साफ-सुथरे टैंकर द्वारा सुबह-शाम पेयजल की उपलब्धता के साथ साथ स्थाई समाधान हेतु प्रत्येक वार्ड के आवासीय क्षेत्रों मे चिन्हित जगहों पर समरसेबुल बोरिंग कराकर प्रत्येक घरों तक पाइप लाइन द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। जिसकी जानकारी देते हुए महासचिव सह मिडिया प्रभारी शम्भु प्रसाद चौरसिया ने बताया कि चैंबर ने मानवीय जीवन एवं पशु-पक्षियों के अस्तित्व रक्षार्थ हेतु सौंपे गए ज्ञापन पर कार्यपालक पदाधिकारी ने सुक्षमता से अध्ययन करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण से त्वरित संज्ञान लिया और भू-जल संकट के मद्देनजर नगरवासियों को टैंकर से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए अनन्य सुझावों पर भी अविलंब कारवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही अध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन कुमार के नेतृत्व मे बिहार के जाने-माने प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं व्यवसायिक गोपाल खेमका के निर्मम हत्या पर क्षोभ व्यक्त करते शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# सेव अर्थ मिशन ने की वैश्विक विजन अनावरण की घोषणा

दुगार्पुर। एक पेड़ मां के नाम के बैनर तले सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से ज्यादा पेड़ लगाने की अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद सेव अर्थ मिशन ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है और वैश्विक जलवायु जागरूकता को प्रेरित किया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने वाले इस अभियान में भारत भर से बड़े पैमाने पर भागीदारी देखी गई, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया गया। अब संगठन ने आधिकारिक तौर पर अपने अब तक के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सेव अर्थ मिशन ग्लोबल विजन अनावरण की घोषणा की है, जो 2040 तक 30 बिलियन पेड़ लगाने और दुनिया को शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने की सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरूआत को चिह्नित करेगी। सेव अर्थ मिशन के इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा कि कार्यक्रम बीते 3 जुलाई की शाम आईएसटी पर अहमदाबाद के प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस स्थान को वैश्विक सार्वजनिक मतदान प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया था, जहां शॉर्टलिस्ट किए गए शहरों अबू धाबी, दुबई, गोवा, बैंकॉक और अहमदाबाद को मिशन के वैश्विक समुदाय के सामने प्रस्तुत किया गया था।

## बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर युवक की पिटाई

आरा। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर ( भकुरा ) गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर ( भकुरा ) गांव निवासी बच्चू राम का 30 वर्षीय पुत्र धनेश राम है। इधर, जख्मी युवक की पत्नी गीता देवी ने बताया कि उपेंद्र के लड़के द्वारा उसके बेटे को मार दिया गया था। इसी बात को लेकर जब उसके पति धनेश राम उपेंद्र के घर पर इसकी शिकायत करने गए तो उपेंद्र एवं उसके भाइयो ने मिलकर लाठी-डंडों से उसके पति की पिटाई कर दी। वहीं दूसरी तरफ जख्मी धनेश राम की पत्नी गीता देवी ने उपेंद्र व उसके भाई रविंद्र एवं दर्शन पर बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर अपने पति धनेश राम को मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है।

## अंग्रेजी शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

आरा। टाउन थाना पुलिस द्वारा अंग्रेजी शराब के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस में उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के आरण्य देवी मोहल्ले से सोमवार की शाम की। उसके पास से पुलिस ने साढ़े आठ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। गिरफ्तार कारोबारी टाउन थाना क्षेत्र के आरण्य देवी मोहल्ला निवासी संजीव कुमार चौरसिया की पत्नी रिंकू देवी है। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि आरण्य देवी मोहल्ले में एक महिला द्वारा शराब की खरीद बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत टाउन थाना पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात टाउन थाना में पुलिस ने उसके खिलाफ बिहार मधनिषेध अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## स्नातकोत्तर के छात्र की ट्रेन से गिरकर मौत



आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ एवं बिहिया स्टेशन के बीच सोमवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृत छात्र जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नगर सदर बाजार महावीर स्थान वार्ड नंबर-12 निवासी गुप्तेश्वर प्रसाद केसरी का 21 वर्षीय पुत्र विशाल केसरी है। कि वह पीजी का छात्र था। इधर, मृत छात्र के चचेरे भाई दीपक कुमार केसरी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह बिहिया स्टेशन से ट्रेन पकड़कर अपनी बहन शिल्पी केसरी के ससुराल आरा शहर के नाला रोड जाने के लिए निकला था। इस बीच यह घटना घट गई।

# राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की जागरूकता को लेकर जिला जज ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कोर्ट बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज पुनीत कुमार गर्ग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह ए सीजीजेएम बृजेश कुमार ने राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की जागरूकता को लेकर व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं 12 मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ बैठक की।

जिला जज ने कहा कि अगर हम सब मुकदमे बाजी से और मुकदमे में होने वाले खर्च एवं समय से बचना चाहते हैं तो एक बार मुकदमा करने के पूर्व आपस मे मध्यस्थता की बात अवश्य करनी चाहिए जिससे आम जनता मुकदमा या केस के बाद होने वाले परेशानियों से बच सकते है ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत मध्यस्थता की सुविधा निशुल्क रखी गई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव बृजेश कुमार ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से हम शादी पति-पत्नी के विवाद, दुर्घटना के क्लेम से संबंधित, डोमेस्टिक वॉयलेंस के मामले , चेक बाउंस ,कमर्शियल डिस्प्यूट, सर्विस मैटर तथा सुलहनीय क्रिमिनल केस उपभोक्ता से संबंधित मामले, बटवारा के मुकदमे ,इविक्शन के केस लैंड एक्विजिशन तथा अन्य दीवानी मुकदमा को दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करके सुलझाया जा सकता है। जिससे समय की बचत होगी। मध्यस्थता जागरूकता बैठक में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं न्याय रक्षक पूर्णेन्दु रंजन सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के 12 मध्यस्तता करने वाले अधिवक्ता भी उपस्थित थे। 1 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक सभी न्यायालय में मध्यस्थता के माध्यम से बाद को समाप्त करने वाले वादों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। उसके बाद उन मामलों को दोनों पक्षों के साथ मध्यस्थता कर के समाप्त करने की कोशिश की जाएगी।

# बिहार बंद के समर्थन में प्रचार रथ रवाना और मशाल जुलूस निकला जगदीशपुर में : भाई दिनेश




आरा। ठभाई दिनेश पूर्व विधायक जगदीशपुर भोजपुर द्वारा बिहार बंद के समर्थन में प्रचार रथ का रवाना किया गया। यह प्रचार रथ जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर नुक्कड़ सभा कर आम जनता से बिहार बंद में शामिल होने की अपील किया प्रचार रथः समय 3 बजे से बिहिया स्टेशन से रवाना हुआ और बिहिया बाजार,जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया मशाल जुलूस*: शाम 6:30 बजे जगदीशपुर नया टोला मोड़ से वीर कुंवर सिंह किला गेट तक मशाल जुलूस निकाला गया।

भाई दिनेश पूर्व विधायक जगदीशपुर भोजपुर ने आम जनता से अपील की है कि कल बिहार बंद में शामिल हों और अपने मतदान के अधिकार को बचाने के लिए सड़क पर उतरें। उन्होंने कहा कि यह बिहार बंद आपके मताधिकार को बचाने के लिए हो रहा है और सभी लोगों का समर्थन आवश्यक है बिहार बंद का उद्देश्य चुनाव आयोग द्वारा गरीब और वंचित वर्गों के वोटों को दबाने की साजिश के विरुद्ध आवाज उठाना है। आइए, इस आंदोलन में शामिल हों और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हों। कार्यक्रम में उमाशंकर सिंह,हृदयानंद सिंह,लाल बहादुर सिंह,सुबास यादव, टुनटुन सिंह,नायक सिंह,बिरेंद्र सिंह, श्याम बाबू सिंह, राजू यादव,मो जमील खा,रबी यादव, अंजनी सिंह,कमलेश सिंह,रोहित कुमार ,देवेंद्र ठाकुर,रमेश राम, गुंजन शर्मा आदि थे।

# ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि का किया जोरदार स्वागत

## रूडी के प्रयास से सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

प्रात: किरण संवाददाता



चपरा कार्यालय सारण जिला के दरियापुर प्रखंड के सुतिहार मठिया मे सुतिहार कटसा रोड का चौड़ीकरण की स्वीकृति मिलने पर छपरा जाने के क्रम मे प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा कृष्णानंद पांडेय का गाजे बाजे बड़ा माला और अंग वस्त्र से जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मंडल सहयोजक मोनू सिंह महामंत्री सुमंत बाबा भाजपा नेता पंकज सिंह बिनोद शर्मा वार्ड अनिल गुप्ता गुड्डू सिंह संतोष सिंह उमेश महतो अमन कुमार सोनू सिंह जीतेन्द्र शर्मा मुन्ना सिंह कामेश्वर गुलाम विनीता देवी अनीता देवी उमा देवी रमेश सिंह ध्रुपनाथ पाण्डेय मनोज पंडित राजेश कुमार भोला तिवारी बमबम अमित कुमार सहित बड़ी संख्या मे स्थानीय लोग मौजूद रहे ज्ञात हो की यह रोड लगभग 30 करोड़ की लागत से बनेगा ।

इसके बनने से कई पंचायत सहित पूरे जिले के लोगो को इससे बनने से लाभ होगा ग्रामीणों का काफी दिन से सांसद राजीव प्रताप रूडी से रोड चौड़ीकरण का मांग था जिसको उन्होंने गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री से बात कर कार्य को कराने की बात की थी जिसके बाद आज उनके अथक प्रयास से आज रोड का मुख्यमंत्री सड़क योजना से स्वीकृति मिलने पर छेत्र मे खुशी का माहौल है सभी लोगो ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सांसद राजीव प्रताप रूडी को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

# रोटरी क्लब आरा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। रोटरी क्लब आफ आरा का वर्ष 2025 -2026 के नवनियुक्त अधिकारियों के पद ग्रहण समारोह का आयोजन स्थानीय होटल आरा ग्रांड में किया गया। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना से पधारी रोटेरियन नम्रता, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं रोटेरियन मनोज कुमार सिंह असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से की गई तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। रोटरी क्लब आफ आरा के पूर्व अधिकारियों द्वारा पटना से पधारे मुख्य अतिथि रोटेरियन नम्रता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं रोटेरियन मनोज कुमार सिंह असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का फ्लावर बुके देकर स्वागत किया गया। विगत वर्ष की गतिविधियों का लेखा-जोखा विगत वर्ष के सेक्रेटरी रोटेरियन निशिकांत ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रेसिडेंट श्री राम कुमार सिंह ने विगत वर्ष के समस्त कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

वर्तमान सत्र के नए सदस्यों का परिचय करवाते हुए नए पदाधिकारियों के रूप में रोटेरियन मनजीत आनंद को क्लब प्रेसिडेंट, रोटेरियन नीरज कुमार को क्लब सेक्रेटरी, रोटेरियन अखिलेश प्रसाद को क्लब ट्रेजरर का पदभार ग्रहण करवाया गया। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रेसिडेंट रोटेरियन मनजीत आनंद ने क्लब के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सब ने मुझमें जो विश्वास प्रदान किया है और वर्तमान सत्र की जिम्मेदारी सौंपी है, मैं पूरी निष्ठा एवं दायित्व से इसे निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। वर्तमान में हमारी प्राथमिकता कुछ नए क्लब बनाना,विश्व शांति में सहयोग देना, एवं पर्यावरण की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की होगी। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पूर्व की भांति आप सभी का समर्थन और सहयोग मुझे भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर अभी बताया गया कि रोटेरियन संजीव गुप्ता एवं रोटेरियन पंकज प्रभाकर, श्री राम कुमार सिंह एवं श्री अवधेश पांडे को बिहार और उड़ीसा का चेयरमैन बनाया जा चुका है तथा क्लब के विकास की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। आज की कार्यक्रम में अपने संबोधन में रो नम्रता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने रोटरी क्लब का हर की क्रियाकलापों की सराहना करते हुए कहा कि इस क्लब के सदस्यों की सक्रियता इस क्लब के सदस्य कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर समाज के विकास में योगदान देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो बहुत ही प्रसंसनीय है। अपने आरा विजिट तथा पद ग्रहण समारोह के पूर्व आर आगमन पर डिग्री नम्रता के द्वारा रोटरी क्लब आफ आरा के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का भी निरीक्षण किया गया सर्वप्रथम उन्होंने डॉक्टर एस एम ईसा के द्वारा अपने सत्र में गोद लिए गए आदर्श मध्य विद्यालय नवादा का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था की भुरी भुरी प्रशंसा की। तत्पश्चात जागृति सेंटर स्टेशन रोड आरा में गई जहां पर उन्होंने रोटरी क्लब आफ आरा के द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम सिलाई, कंप्यूटर कोर्स, एवं ब्यूटीशियन कोर्स को देखा । डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यक्रमों के द्वारा महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता को बढ़ाना और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने विद्यालय में बालिकाओं के लिए सेनेटरी नेपकिन मशीन को लगाने के लिए सहयोग देने काआशवासन भी दिया। उन्होंने बच्चों के स्कूल में क्लब बनाने के बाद की जिससे बच्चों में सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता फैले और इनमें सेवा की भावना जागृत हो।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, बुधवार, 09 जुलाई 2025




# राजद सुप्रीमो ने हर वर्ग का शोषण किया एवं डराया है, किसी प्रकार प्रलोभन एवं झांसे में नही आए: उप मुख्यमंत्री

### सितामढी में माता सिता का भव्य मंदिर स्थापित करेंगे

**प्रातः किरण संवाददाता**



मानपुर (गयाजी)। गया - नवादा रोड स्थित कानिंर्वाल रिसोर्ट मे डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने प्रियदर्शी सम्राट अशोक सम्मान समारोह में शामिल हुए हैं। इस समारोह में कुशवाहा समाज जाति के लोग शामिल हुए थे। विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री डॉ सुनील कुमार मौजूद हुए हैं। कमलेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता मे किया गया है। एवं संचालनकर्ता राजु कुशवाहा ने किया। अपने संबोधन में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि 2015 से बिहार में तेजी से विकास कि रफ़्तार बढ़ा है। लेकिन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव राजनीति के गब्बर है। इन्होंने हर समाज को डराने-सताने काम किया है।आने वाले इनके लोगों के द्वारा सचेत रहने की जरुरत है।इनके लोग झांसे में लेना का काम करेगे, उनसे बचकर रहना है। आगे कुशवाहा समाज को एकता दिखानी होगी, अगर किसी कुशवाहा समाज के लोगों को टिकट चाहिए तो उस विधानसभा में पुरी तरह से मेहनत करनी होगी और काम करके दिखाना होगा, उनके पकड़ के हिसाब से ही टिकट मिल सकता है। उन्होंने पिछली गलती नही दौहराने के बात याद दिलाते हुए याद किजीए गुरुआ,बेला,कुर्था विधानसभा चुनाव में क्या हुआ था, उन्होंने विपक्षी पार्टी पर जमकर निशाना करते हुए कहा कि उन लोगों ने वोटरो को खरिद लिए थे।जो आप सभी की लपरावही से सिट गावनी पड़ी लेकिन इस बार होसियार होकर मतदान करेंगे। चुनाव के आचर संधिता लगने से पहले बिहार के पचास हजार बेरोजगार को रोजगार या नोकरी देंगे,अगर आपके युवाओं को रोजगार नहीं दिए तो वोट मांगने नही आएगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में स्वर्णिम काल के लिए एनडीए को ही वोट करें अपने ही उम्मीदवार को आप लोग हराते हैं तो यह चलेगा क्या भाजपा के पास कुशवाहा समाज जाति का उम्मीदवार आता ही नहीं है तो ऐसे में हिस्सेदारी ना देने की बात कहनी भी बीमारी है।सोने चांदी का मुकुट लौट दिया, कहा महिलाओं के लिए पायल बनवा दीजिए। वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सोने और चांदी के मुकुट से सम्मानित किया गया सम्मानित होने के बाद उन्होंने कहा कि मैं आगरहा करूंगा कि यह मुकुट वापस ले लें और बहनों का पायल बनवा दें हमें जनता का आशीर्वाद चाहिए सोने और चांदी का मुकुट मेरे लिए कोई भी मायने नहीं रखता है।

सोच लो किसको बैठाना है चारा चोर को की, विकास यात्रा को आगे बढाने वाली को, बिहार में स्वणीम काल है आप सभी एणडीए सरकार को आगमी विधानसभा चुनाव में लाए,कोई गलत फेमी मे नही रहिएगा,समय को बदलीए,मगध सम्राट को देखना चाहते हैं। या सुशासन और विकसित बिहार को बढना, आगे कहा कि सिर्फ अपना नही सभी जात को जोडना होगा, उत्तर प्रदेश सरकार ने और प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश में भगवान राम को स्थापित किया है उसी तरह मुख्यमंत्री एवं हमारी सरकार सितामढी में मां।जानकी मा सिता का भव्य मंदिर बनाने का काम कुंगा। प्रभारी मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा की हम पाँचवी बार विधायक बने हैं। कुशवाहा समाज को एनडीए सरकार ने भरपूर सहयोग किया है। विपक्ष पार्टियों पर कटाक्ष करते हुए प्रभारी मंत्री ने बताया की चुनाव मे शिकारी आएंगे, तो जाल बिछाएंगे। इन्होने कहा अतीत को याद कीजिये आरजेडी के सरकार मे क्या होता था। कहा अंधकार का बिहार था, गढ़ो का बिहार था, गुंडाराज का बिहार था, भूराबाल का बिहार था। कुशवाहा जाति को एनडीए को सहयोग कर सत्ता को मजबूत बनाए। इस मौके पर उपस्थित कौशल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिटु,हरे राम सिंह, गोपाल पटवा,अजय कुशवाहा,रंजीत कुशवाहा,विनय कुशवाहा, छोटु कुशवाहा,अनिल मेहता, राजेश मेहता, पिंकी कुशवाहा, डॉ रामकुमार मेहता, विनीता सिन्हा फुलवा देवी, सुशील कुमारी, सारिका वर्मा, डॉ रूबी कुमारी, गोरेलाल कुशवाहा,नागेंद्र मेहता, संजय कुमार, राजेश कुमार, अशोक कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, चन्दन कुशवाहा,मनोज मेहता,माया दांगी, रिंकी देवी सहित कई लोग मौजूद रहें हैं।

# जदयू ने मतदाताओं को जागरूक करने को ले निकाली साइकिल रैली

### कुर्था के इब्राहिमपुर, पिंजरावां समेत कई गांव में चला जागरुकता अभियान

**प्रातः किरण संवाददाता**



कुर्था (अरवल) कुर्था विधानसभा अंतर्गत इब्राहिमपुर एवं पिंजरावां पंचायत में जनता दल यूनाइटेड द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व जदयू जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने की।

रैली में विशेष उपस्थिति जदयू जिला संगठन प्रभारी प्रभात रंजन उर्फ दीपक सिंह की रही इसके अलावा कई प्रमुख नेता एवं पदाधिकारी भी रैली में शामिल हुए, जिनमें शामिल हैं जदयू जिला महासचिव साकेत कुमार उर्फ टूटू शर्मा,जदयू छात्र जिलाध्यक्ष सुजीत मौर्या,जदयू जिला मुख्यालय प्रभारी विजय सिंह,जदयू जिला प्रवक्ता चांद मलिक,व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता,वरिष्ठ नेता राजनारायण चौधरी,जदयू नेता मिथलेश कुशवाहा,सनी कुमार,इब्राहिमपुर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा सिंह रैली में बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता, युवा साथीगण और आमजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे समय पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड,जन्मतिथि प्रमाण, निवास प्रमाण आदि निर्वाचन पदाधिकारी के पास जमा करें और वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाएं।इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक की भागीदारी हो।

सभी मतदाता समय रहते अपने दस्तावेज जमा करना सुनिश्चित करें ताकि उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ा हो वहीं जदयू जिला संगठन प्रभारी प्रभात रंजन उर्फ दीपक सिंह ने भी विशेष अपील करते हुए कहा: यह अभियान सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सशक्त करने की दिशा में कदम है। हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है।

# सौरव गांगुली न सिर्फ एक शानदार क्रिकेटर रहे हैं बल्कि एक प्रेरणादायी नेता भी हैं:मनीष पकंज

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी। पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान, बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष, भारत के सफलतम कप्तानों में गिने जाने वाले, आईसीसी ट्रॉफी के विजेता तथा पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सौरव गांगुली को उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सौरव गांगुली न सिर्फ एक शानदार क्रिकेटर रहे हैं, बल्कि एक प्रेरणादायी नेता भी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नया आत्मविश्वास दिया है। उनके नेतृत्व में भारत ने कई ऐतिहासिक जीतें दर्ज कीं और एक आक्रामक, निर्भीक और विजयी मानसिकता के साथ खेलने की परंपरा की शुरुआत की है। डॉ. मिश्रा ने गांगुली जी के जन्मदिन को विशेष रूप से मनाते हुए बच्चों के बीच मिठाइयाँ, एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने सौरव गांगुली के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही और बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने कहा कि सौरव गांगुली जी का जीवन युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। चाहे वो कप्तान के रूप में विदेशी धरती पर जीत हो या बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में भारतीय क्रिकेट का नेतृत्व, उन्होंने हर भूमिका को गरिमा और कर्तव्यनिष्ठा से निभाया है। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, तेजस सिन्हा नेहा कुमारी सपना राजमणि श्याम किशोर मिश्रा कल्पना झा आकाश कुमार महेश मिश्रा इंदु भूषण मिश्रा पूनम कुमारी सुधीर कुमार अशोक कुमार दिनेश कुमार संतोष कुमार सुनील मिश्रा राजू मिश्रा डॉ मिहिर कुमार आदि।

# गरीब, दलित, पिछड़े या अति पिछड़े किसी भी वर्ग के व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा: राजू वर्णवाल

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।गयाजी जिले में चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने को लेकर जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गयाजी राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू वर्णवाल अपने सैकड़ों जदयू समर्थित वरिष्ठ नेताओं, जदयू महानगर के पदाधिकारीयों एवं कार्यकताओं के साथ एक विशाल मतदाता जागरूकता साइकिल रैली नगर के वार्ड नंबर-44, माड़नपुर गयाजी से निकाली गई है। नगर जदयू अध्यक्ष राजू बर्नवाल ने जानकारी दी कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह रैली पूरे बिहार में एक साथ आयोजित की गई है.।इसका मकसद अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।

रैली में संगठन प्रभारी अरमान उर्फ गुड्डू, प्रदेश व्यवसायिक प्रकोष्ठ सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, महानगर इकाई के सदस्य और सैकड़ों की संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल हुए, सभी ने मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए शहर भर में रैली निकाली और लोगों से अपील की कि वे अपना नाम समय पर मतदाता सूची में दर्ज कराए। वर्णवाल ने भरोसा दिलाया कि गरीब, दलित, पिछड़े या अति पिछड़े किसी भी वर्ग के व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा। जदयू इस भ्रम को दूर करने के लिए पूरे बिहार के नगर निकायों व हर पंचायतों में साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करने का काम करेगी।इस साइकिल रैली में लालजी प्रसाद , डॉ सुनील , दिवाकर और पुद्दू , नीरज , सुबोध , मिंता देवी, अनिल पटेल , संजू , गोपाल प्रसाद ,अमर चंद्रवंशी, छोटू , महेंद्र , अर्जुन राम , मानिकचंद गुप्ता , बमबम चंद्रवंशी पर सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों की मौजूदगी दर्ज की गई।

# डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन कर अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित रखने का दिया निर्देश

### गया जिले में 6 हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया जी।सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग जनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून 2025 से 400 प्रतिमाह से बढ़ाकर1100 प्रति माह किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है जिससे उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत गया जिला में कुल 464368 से ऊपर की संख्या में लाभार्थी हैं। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 202564 लाभार्थी, बिहार निशक्तता पेंशन योजना के तहत 43250 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 48981 लाभार्थी , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन के तहत 1161 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 16751 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 151661 लाभार्थी है।

11 जुलाई को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पटना में कार्यक्रम आयोजित कर जून माह से लाभार्थियों को बढ़े हुए दर पर मिलनेवाली राशि को डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में अंतरित किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय, पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी गया श्री शशांक शुभंकर ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारियों, कल्याण विभाग इत्यादि के जिला स्तर, सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर पंचायतवार होने वाले कार्यक्रम के स्थलों की सूची एवं हर स्थल के लिए प्रभारी नामित करने निर्देश दिया है। विदित हो कि पूरे गया जिले में 6000 से अधिक लोकेशंस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा मुख्यमंत्री बिहार के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लाभुकगण सुनेंगे तथा लाभान्वित होंगे। हर पंचायत,वार्ड में 6 से 7 स्थलों पर कार्यक्रम होना है । प्रत्येक केंद्र पर न्यूनतम 100 व्यक्ति तथा प्रखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में न्यूनतम 300 व्यक्ति शामिल होंगे।

# डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का किया गया उद्घाटन

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।विधायक कोची अनिल कुमार एवं डाक निरीक्षक पिंटू कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डाक निरीक्षक ने अंग वस्त्र गुलदस्ता मोमेंटो देकर माननीय विधायक का स्वागत किया है। अपने संबोधन में डॉ अनिल कुमार ने डाक विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की प्रशंसा की तथा सुकन्या समृद्धि योजना ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं के बारे में विभाग की प्रशंसा की। वही डाक निरीक्षक ने डाक विभाग की योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक डाक चौपाल के माध्यम से पहुंचने पर बल दिया है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ के सचिव विकास कुमार ने किया साथ में राघवेंद्र प्रसाद सिंह डाककर्मी बीपीएम अमरजीत कुमार और एबीपीएम अजय कुमार मौजूद रहे हैं।शाखा डाकपाल संत जयदीप ने कहा कि पोस्ट ऑफिस में जाम से संबंधित कई योजनाएं चल रही है जिनका लाभ लोगों को उठाना चाहिए।

डाकघर में डाक सेवाएं मनी ऑर्डर और बीमा सेवाएं उपलब्ध है (शाखा डाकपाल ने पीपीएफ अकाउंट महिला सम्मान निधि अकाउंट किसान विकास पत्र पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस , रूरल पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस पर प्रकाश डाला है।

डाक के इतिहास एवं पोस्ट ऑफिस के विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं अनेक योजनाओं पर प्रकाश डालने का काम विधायक अनिल ने किया है ( इस मौके पर डाक निरीक्षक पिंटू एवं विधायक अनिल कुमार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना खाते खोलने वाले अभिभावकों को पासबुक देकर प्रतसोहन किया है इसके साथ में स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया जो लेखन एवं कला में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए

# नीतीश सरकार द्वारा युवा आयोग के गठन का निर्णय ऐतिहासिक है: पटेल

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की युवा आयोग का गठन का निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार के स्पष्ट विजन को दशार्ता है।इस पहल के लिए मैं गया जी की ओर से और गया जी के तमाम युवा साथियों की तरफ से मुख्यमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।युवा अयोग का गठन हमारी कई वर्षों की पुरानी मांग थी। जिसको एणडीए की सरकार ने पूरा किया है। सरकार के इस निर्णय से आने वाले समय में राज्य के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के नये-नये द्वार खुलेंगे। अतएव एनडीए के सभी नेताओं को साधुवाद, धन्यवाद। बिहार के युवाओं को हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं।आभार व्यक्त करने वाले जदयू नेता विनोद कुमार, अरुण राव, अरविंद प्रियदर्शी, धनंजय शर्मा, अजीत शर्मा, सुरेश राव, मुन्ना पटवा, राजकुमार शाह, श्रीकांत प्रसाद, दिवाकर कुमार, पूनम कुशवाहा, सोनम दास, ज्योति दांगी, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# सात दिवसीय जन्माष्टमी पूजा महोत्सव 16 अगस्त से मनाई जाएगी


औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के गौड बाबा द्वारा स्थापित प्राचीन श्री राम जानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर के प्रांगण में जन्माष्टमी पूजा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समाजसेवी जितेन्द्र गुप्ता एवं जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी के गरिमामई उपस्थिति में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अशोक प्रसाद शौंडिक ने किया।बैठक में सभी सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं जन्माष्टमी पूजा महोत्सव धूमधाम से बनाने का निर्णय लिया।16 अगस्त से लेकर 22 अगस्त तक सात दिवसीय जन्माष्टमी पूजा महोत्सव के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी कार्यक्रम प्रायोजक विधि से करने का निर्णय लिया गया।

# जिला कोंग्रेस द्वारा बिहार बंद सफल बनाने के लिए कि गई बैठक

गया।प्रस्तावित इंडिया गठबंधन के द्वारा आयोजित 09 जूलाई को बिहार बंद कराने के कार्यक्रम को लेकर राजेन्द्र आश्रम मे बैठक किया गया है।जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने किया और गया जिला के जनता से आग्रह किया गया कि बंदी को सफल बनाने मे भागीदारी बने,गया जिला कांग्रेस कमिटी के जिला मुख्यालय में बैठक संपन्न हुई है। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष शाहाब उद्दीन रहमानी, उदय मांझी,रामउदय प्रसाद, चन्द्रिका यादव,सुमंत कुमार, शशि शेखर सिंह, गगन मिश्रा, डा देविका सरियार,विशाल कुमार, बुद्ध रामसेवक, युगल किशोर सिंह, विजय कुमार मिट्ठु, प्रतिभा रानी,प्रदीप शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, नैना कुमारी, विधा शर्मा, देविका सरियार, दामोदर गोस्वामी, ओंकार शक्ति, असाहब अंसारी, बाबूलाल प्रसाद, शिवकुमार चौरसिया, अजहरुद्दीन, अब्दुल रकीब, केदार प्रसाद, डॉ कुमारी गीता,लालसा देवी,राजीव कुमार, कृष्ण मुरारी, साहिल गुप्ता रंजीत कुमार सिंह अमित कुमार, विनोद कुमार आदि थे।

# रेलवे स्टेशन रोड से लेकर प्रवेश द्वार तक अतिक्रमण कर लगी है कई दुकानें

**देवव्रत मंडल**



गया जी ।शहर की सड़के अतिक्रमण के आगोश में है। बाकी सभी खामोश हैं अतिक्रमण कर दुकानें चलाना मुश्किल काम नहीं, यहां बहुत ही आसान है। लेकिन साहेब के नजर से बच के। साहेब की मर्जी होगी तो लगेगी दुकानें, मर्जी नहीं है तो हट जाती है दुकानें।

### फुटपाथ पर दुकानें लगी हुई हैं

गया जी शहर के स्टेशन रोड का नजारा आपको इस रिपोर्ट के साथ लगी तस्वीरों में देखने को मिल जाएंगे। एक नहीं, कई दुकानें नजर आएगी। जो मजे से चल रही है। ये खुली आँखों से देखे जा सकते हैं। बताने की जरूरत नहीं।

### साहेब आते हैं तो मेरी मर्जी से दुकानें हटा लेना

हां! इस बात का ख्याल रखने का अघोषित निर्देश है इन दुकानदारों को कि जब साहेब आते हैं तो मेरी मर्जी से दुकानें हटा लेना, नहीं तो दंड के भागी आप दुकानदार होंगे, हम नहीं।

### फुटपाथ पर है दुकानें, लोग सड़क पर चलते हैं पैदल

स्टेशन रोड के रेलवे से सटे बाउंड्री वाल है। इसी बाउंड्री वाल से सटे पैदल चलने वाले लोगों के फुटपाथ बनाया गया है। जब नजरों को दौड़ाएंगे तो पाएंगे कि फुटपाथ पर दुकानें हैं और पैदल चलने वाले लोग सड़क पर चलने को मजबूर हैं।

रेल क्षेत्र में भी लगी है कई दुकानें अब सिविल एरिया से आते हैं रेल एरिया में। अजातशत्रु होटल के ठीक सामने गया जंक्शन का प्रवेश द्वार है। यहां भी देख सकते हैं कि दुकानें दोनों ओर लगी हुई है। यहां दुकानें किसकी मर्जी से लगती है, ये बताने की जरूरत नहीं। सबकुछ शीशे की तरह साफ है।

### आखिर इस अतिक्रमण के लिए जिम्मेवार कौन?

अतिक्रमण के लिए जिम्मेवार कौन? ये दुकानदार तो नहीं हो सकते हैं क्योंकि इनमें इतनी हिम्मत नहीं कि साहेब की बात नहीं मानेंगे। क्योंकि इन दुकानदारों का पेट चलता है। परिवार के लोगों के लिए इन्हें सबकुछ सहना पड़ता है।

### मौसम विभाग की तरह पूर्व सूचना मिल जाती है इन्हें

जब हवा आंधी के रूप में आने की बात होती है। यानी साहेब के आने की पूर्व सूचना मौसम विभाग की तरह इन दुकानदारों को मिल जाती है। इसके पहले की आंधी आए, इनकी दुकानें बंद हो जाती है और स्थान साफ हो जाते हैं।

# डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि आवासन स्थल एवं सफाई व्यवस्था ठीक से करवाएं

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सिंतबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर 2025 तक आयोजित रखेगा। इस वर्ष पिछले वर्ष के अपेक्षा और अधिक तीर्थयात्रियों की आने की पूरी संभावना है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से किये जा रहे तैयारियों का समीक्षा जिला पदाधिकारी गया श्री शशांक शुभंकर ने कोषांगवार किया है। डीएम ने हर कोषांग की तैयारी एवं क्या क्या काम किया जाना है, उसकी क्या प्रगति है, से संबंधित साप्ताहिक समीक्षा कोषांग वार की जा रही है। उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभी से ही अपने कोषांग में अधीनस्थ पदाधिकारी, अभियंता एवं संबंधित नामित स्वमं सेवी सम्मानित व्यक्तियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए, जो भी कमियां पायी जाती है उसे युद्धस्तर में ठीक करवाये, ताकि मेला अवधि में पितृपक्ष मेला की खूबसूरती में और चार चांद लग जाये। आज मुख्य रूप से मेल क्षेत्र के आवासन कोषांग, जलापूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग के कार्यो पर किये गए तैयारी संबंधित साप्ताहिक समीक्षा की गई।

आवासन कोषांग की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि अब तक 50 आवासन स्थल जिसमे 26 यात्री आवासन स्थल एवं 24 पुलिस आवासन स्थल चिन्हित किये गए हैं, जो पिछले वर्ष भी आवासन स्थल में सम्मिलित थे। इसके अलावा 10 अन्य आवासन स्थल पिछले सप्ताह चिन्हित हुए हैं जिनमे 5 सरकारी भवन एवं 05 निजी संस्था के भवन हैं। डीएम ने कहा कि जिस आवासन स्थल में जो कमी है, उसको ठीक करवाये। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आवासन स्थल की रंगाई पोताई का कार्य करवाना प्रारम्भ करें। जिस आवासन स्थल में बिजली कनेक्शन की आवश्यकता है, वहां बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाए। आवासन स्थलो कि पूरी निगरानी के लिये जोन बनाते हुए प्रभारी नामित करे। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि आवासन स्थल के सेफ्टी टैंको की सफाई कार्य तेजी से करवाये। अब तक 07 आवासन स्थल के सेफ्टी टैंक को साफ करवाये भी जा चुके हैं। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस बार भी गांधी मैदान में 2500 क्षमता वाले टेंटी सिटी का निर्माण करवाने के लिये पर्यटन विभाग बिहार सरकार को पत्र भेजी गई है। निगमा मोनास्ट्री बोधगया में 2 हजार की संख्या में आवासन की पूरी व्यवस्था के लिये पर्यपत रूम एलोकेट की व्यवस्था की जांच कर ले। पेयजल एवं स्वच्छता कोषांग के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थल पर अभी से ही घूम घूम कर पितृपक्ष मेला में किए जाने वाली व्यवस्थाओं का आकलन कर लें। उन्होंने कहा कि आवासन स्थलों पर पहले से स्थापित टॉयलेट तथा पेयजल की व्यवस्था जो स्थापित है उसे मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम : जिला जज



**प्रातः किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राज कुमार के प्रकोष्ठ में जिला जज द्वारा जिला विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के सभी पदधारी अधिवक्ताओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत सफलता के साथ-साथ अपने ही कीर्तिमान को स्थापित करते हुए लक्ष्य हासिल करें। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल उपस्थित रहें। जिला जज के प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय सचिव, जगनारायण सिंह तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय सिंह एवं सचिव, श्री सिद्धेष्वर विद्यार्थी सहित कार्यकारिणी के अन्य पदधारी अधिवक्ता उपस्थित रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आगामी 13 सितम्बर, को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कार्यकारिणी के सभी पदधारी अधिवक्ताओं के साथ बैठक का मुख्य उद्देष्य था कि स्वयं अधिवक्ता के साथ-साथ उनके साथ काम करने वाले अधिवक्ताओं का इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सक्रीय भागीदारी से अपेक्षा से अधिक परिणाम मिलने की संभावना प्रबल है जिसके लिए सभी का पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए सहयोग मांगा गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन तथा इसकी सफलता सामुहिक प्रयास का प्रतिफल होता है और यह क्रम आगे भी जारी रहें इसके लिए सभी का सहयोग इसके निरंतरता के लिए आवश्यक है। इस बैठक में दोनों अधिवक्ता संघ के पदधारियों द्वारा यह विश्वास दिलाया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु दोनों संघ यथा सभव अपने स्तर से प्रयास करते हुए पुराने राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्तारण हुए वादों से अधिक वाद का निस्तारण कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

### मध्यस्थता विशेष अभियान का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें, जिला जज

विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, सचिव के साथ-साथ सभी कार्यकारिणी सदस्यों को जिला जज द्वारा यह भी बताया गया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, सर्वोच्च न्यायालय के सहयोग से मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय और माननीय न्यायमूर्ति सह कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, और अध्यक्ष एमसीपीसी के मार्गदर्शन में विशेष मध्यस्थता अभियान- मध्यस्थता राष्ट्र के लिए पुरे भारत में चलाया जा रहा है जो तालुका न्यायालयों, जिला न्यायालयों, और उच्च न्यायालयों में लम्बित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने के लिए 90 दिनों का गहन अभियान है जिसके तहत वैवाहिक विवाद मामलें, दुर्घटना दावा मामलें आदि हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में आठवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

केवटी(दरभंगा)। नवोदय विद्यालय दरभंगा में आठवीं कक्षा के एक छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र की पहचान जितिन गौतम के रूप में हुई है, जो केवटी पंचायत की मुखिया रूबी देवी का पुत्र था। मिली जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही छात्र के परिजन विद्यालय पहुंचे और वहां जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर रैयाम और केवटी थाना की पुलिस भी पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। मृतक छात्र के पिता संतोष कुमार ने बताया कि उनका बेटा नवोदय विद्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार सुबह करीब दस बजे विद्यालय के प्राचार्य ने फोन कर विद्यालय बुलाया। जब वे स्कूल पहुंचे तो शिक्षकों ने उनके बेटे का शव हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका हुआ दिखाया। परिजनों का आरोप है कि घटना के संबंध में जब उन्होंने शिक्षकों से जानकारी लेनी चाही तो विद्यालय प्रशासन ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### नशीली दवा कारोबार के जूर्म में दस साल की सश्रम कारावास व एक लाख अर्थदण्ड

दरभंगा। सिविल कोर्ट दरभंगा के जिला एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार पांडेय की अदालत ने मंगलवार को सहारा इंडिया गली दोनार के मोहम्मद राजीक को नशीली दवा कारोबार के जूर्म में दस साल की सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। एन डी पी एस के स्पेशल पी पी चमकलाल पंडित ने बताया कि मोहम्मद राजीक के मकान से 23 मई 2021 को नशा में उपयोग करने वाली दवा बरामद किया गया था। जिसे लेकर बेंता ओ पी के स अ नी उमेश उरांव की सूचना पर लहेरियासराय थाना में प्राथमिकी संख्या 268 /2021संस्थित किया गया। इस मामले का ट्रायल जीओ 22/2021के तहत की गई। अभियोजन पक्ष से छह गवाहों की गवाही करायी गयी। न्यायाधीश श्री पांडेय ने मंगलवार को दस साल की सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड भुगतान नहीं करने पर तीन माह का कारावास भुगताने का निर्णय सुनाई गई है। स्पेशल पी पी श्री पंडित ने बताया कि सभी सजायें साथ साथ चलेंगी।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर से पुलिस ने शराब के साथ एक धंधेबाज को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार धंधेबाज सैदपुर निवासी नरेश दास का पुत्र राजीव कुमार बताया गया। शराब की कुल मात्रा 900 एम एल बताया गया।

### संदिग्ध परिस्थिति में हुई किशोरी की मौत

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव में एक किशोरी की मौत संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की पहचान गांव के ही अमरेश ठाकुर के 14 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई है।वैसे लोगों के मुताबिक घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है। मिरतिका की दादी स्वर्गीय सुरेश ठाकुर की पत्नी इन्दु कुमारी ने थाना में आवेदन देकर पड़ोस के तीन लोगों को आरोपित किया है। वहीं अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि दिए गए आवेदन के आधार पर पंचों उपरांत आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### विधायक अजय कुमार ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

विभूतिपुर/समस्तीपुर। विभूतिपुर विधानसभा स्थानीय विधायक सीपीएम विधायक दल के नेता अजय कुमार के द्वारा क्षेत्र में विकास की गति को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। इसी विकास के दौर में मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के महिषी पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या 3 में मुख्यमंत्री विकास योजना के अंतर्गत खलीफा बाबा स्थान में सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर महिषी पंचायत के पूर्व मुखिया अरुण प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अजय कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से जो हमने वादा किया था कि जनता के सवालों पर सदन से सड़क तक संघर्ष करूंगा जिसके परिणाम स्वरूप आज जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पंचायत में बनना शुरू हो गया। वृद्ध विकलांग विधवा को मिलने वाली पेंशन की राशि सरकार ने 1100 रूपए कर दिया। इस प्रकार हमने जनता के सवालों पर खड़ा उतरने तथा विकास की गति को आगे बढ़ाने का काम किया।आज के दौर में चुनाव आयोग गरीबों का नाम छाटने की साजिश कर रही है इसके लिए हमारी पार्टी तथा महा गठबंधन में शामिल सभी दलों ने 9 जुलाई को पूरे देश में आम हड़ताल का समर्थन कर रही है सभा को उमेश कुमार सिंह, महेंद्र दास, कन्हैया प्रसाद सिंह, रामप्रीत सिंह, अरविंद कुमार दास आदि ने संबोधित किया।

# भारत के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार ने मुंगेर एवं खगड़िया में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम का समीक्षा बैठक किया

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 को मंगलवार के दिन समाहरणालय सभागार में संजय कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जिला मुंगेर एवं खगड़िया के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुंगेर एवं खगड़िया जिले में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण 2025 के गणना पत्र प्रिंटिंग, वितरण, संग्रहण तथा उसके अपलोडिंग के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गयी की प्रगति पर उन्होंने संतोष प्रकट करते हुए इसे ससमय शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, मुंगेर अरविन्द कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी,खगड़िया नवीन कुमार, नगर आयुक्त मुंगेर शिवाक्षी दीक्षित, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, मुंगेर जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र के ई.आर.ओ आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुंगेर द्वारा उप निर्वाचन आयुक्त को मुंगेर की बड़ी मां दुर्गा की तस्वीर उपहार स्वरूप दी गयी। बैठक में गणना प्रपत्र वितरण, उसके संग्रहण तथा पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में समीक्षा की गयी। समीक्षा में सभी कार्यों की प्रगति को संतोषजनक पाया गया। उप निर्वाचन आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी अधिकारियों सहित बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण तथा पोर्टल पर अपलोडिंग के कार्यों की रोज समीक्षा करें तथा निर्धारित समय तक शत प्रतिशत दोनों जिले के सभी विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं का नाम गणना प्रपत्र में भरवा कर संबंधित दस्तावेज के साथ पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

# दिलीप जायसवाल को प्रशांत किशोर से ईमानदारी का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं : राजीव रंजन

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधान पार्षद डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को न तो अपनी ईमानदारी का कोई सर्टिफिकेट चाहिए और न ही उनकी छवि को कोई बदनाम कर सकता है। राजीव रंजन साह ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया, किशनगंज और अररिया जैसे मुस्लिम बहुल इलाकों से डॉ. जायसवाल लगातार तीन बार विधान परिषद के लिए निर्वाचित हुए हैं। यह उनकी निष्कलंक छवि, समर्पित सेवा और जनविश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि डॉ. दिलीप जायसवाल मानव सेवा ही सबसे बड़ी इबादत है को अपने जीवन का मूलमंत्र मानते हैं और एम जी एम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के माध्यम से हजारों गरीबों को मुफ्त इलाज और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। यह सेवा जात-पात, धर्म और राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर की जा रही है। राजीव रंजन साह ने स्पष्ट कहा कि सीमांचल और उत्तर बिहार ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र के भी सभी दलों के जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र के मरीजों को एम जी एमअस्पताल भेजते हैं, जहां डॉ. जायसवाल बिना किसी भेदभाव के मानवता की सेवा करते हैं। प्रशांत किशोर द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताते हुए भाजपा जिला मंत्री ने कहा कि यह सब लोकप्रियता हासिल करने का एक प्रयास है। डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अपनी मेहनत और अथक प्रयास से मेडिकल कॉलेज चलाया। आज वहां छात्र देश और विदेशों में सफल चिकित्सक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। यह जायसवाल के नेतृत्व, संघर्ष और दूरदृष्टि का प्रतिफल है। राजीव रंजन साह ने अंत में कहा कि सीमांचल की जनता जागरूक है। आने वाले चुनाव में प्रशांत किशोर को जनता जबाब देगा।

# रसूलपुर के योगिया सीआरसी की बालिकाएं मशाल कबड्डी की बनी विजेता




रसूलपुर ।एकमा बीआरसी स्तर पर मंगलवार को हुई खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं अपनी प्रतिभा का परचम लहराया ।प्रखंड कार्यालय मुख्यालय में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में रसूलपुर थाना क्षेत्र के योगिया हाईस्कूल सीआरसी की बालिकाएं विजेता बन जिला स्तरीय खेल में भागीदार बनने का रास्ता प्रसस्त कर लिया ।कबड्डी की विजेता टीम में शामिल आर एन हाईस्कूल योगिया और असहनी मध्य विद्यालय की छात्राए खुशबू ,आर्या , इसरत,कल्पना,अदिति, जोनी,गुड़िया, खूशबू शामिल थीं ।प्रधानाचार्य लाल बाबू यादव ने बताया कि खेल शिक्षक विहीन स्कूल छात्राओं ने लाइब्रेरियन कपुर्री ठाकुर व युवा रात्रिप्रहरी शिवकुमार यादव द्वारा विशेष प्रशिक्षण के बल पर पहले घुरापाली और एकसार सीआरसी की छात्राओं को शिकस्त देते हुए फाइनल में परसागढ़ हाईस्कूल को रौंद डाला ।मौके पर सीआरसी से शिक्षिका कामिनी सिंह, कुसुम , कुमार प्रिंस ,आसिफ इकबल ,रामेश्वर गोप,प्रदीप ,प्रत्युष मिश्रा ,अनवर आदि शिक्षक -शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# राज्य स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे जिलाधिकारी व अफसर

## योजनाओं की गई समीक्षा, दिए गए दिशा- निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सभी जिला के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। सारण के जिलाधिकारी वन पदाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। राज्य स्तर पर पर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में निर्वाचन विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम संसाधन विभाग, योजना एवं विकास विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव तस तथा सचिव द्वारा सभी जिलों को योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा -निर्देश दिया गया। नगर संवाद, महिला संवाद एवं डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त आकांक्षाओं -आवेदनों के तार्किक निष्पादन हेतु सभी जिलों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया ।जबकि मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया।

# बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी देना मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण कदम : पप्पू सिंह



अलीनगर(दरभंगा)। बिहार में बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी मिलने पर दरभंगा पूर्वी जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पु सिंह ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है ।उन्होंने कहा कि यह निर्णय युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है ।श्री सिंह ने कहा, बिहार युवा आयोग के गठन से युवाओं को अपने अधिकारों की मांग करने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। यह आयोग युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा, जहां वे अपनी बात रख सकें और अपने अधिकारों की मांग कर सकें। उन्होंने आगे कहां इस निर्णय के अलावा,बिहार सरकार ने एक और महत्वपूर्ण फैसला लिया है । राज्य की सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35प्रतिशत आरक्षण देना। इस निर्णय से राज्य की महिलाओं को अपने अधिकारों और अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी ।महासचिव श्री सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय युवाओं एवं महिलाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# भोजपुरी फिल्म हमार नाम बा कन्हैया के प्रमोशन पर छपरा पहुँचे सुपरस्टार निरहुआ, कहा बिहार में फिल्म सिटी की है जरूरत

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार एवं उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से पूर्व भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ मंगलवार को अपनी फिल्म हमार नाम बा कन्हैया के प्रमोशन के सिलसिले में छपरा पहुंचे। जिला मुख्यालय स्थित पंकज सिनेमा हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बिहार में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। यहां की प्राकृतिक लोकेशन, संस्कृति और विशाल दर्शक वर्ग इसे एक आदर्श शूटिंग डेस्टिनेशन बनाते हैं। निरहुआ ने कहा, बिहार जैसे सांस्कृतिक राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा मिलना चाहिए। यहां लोकेशन की कोई कमी नहीं है, और सबसे अहम बात यह है कि बिहार में सबसे ज्यादा लोग फिल्में देखते हैं। ऐसे में बिहार में फिल्म सिटी की स्थापना न केवल समय की मांग है, बल्कि यह फिल्म इंडस्ट्री के विकास का आधार बन सकती है। सरकार द्वारा फिल्म सिटी की दिशा में उठाया गया कदम सराहनीय है। अपनी फिल्म हमार नाम बा कन्हैया के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को एक नई पहचान देने का प्रयास है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री पर अक्सर अश्लीलता के आरोप लगते रहे हैं। इसी छवि को बदलने के लिए हमने एक साफ-सुथरी, पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों से जुड़ी फिल्म बनाई है, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सकते है। निरहुआ ने कहा कि यह फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं बल्कि भोजपुरी सिनेमा की सोच में परिवर्तन का प्रतीक है। ्जहाँ भी प्रमोशन के लिए जा रहा हूँ, वहाँ दर्शकों से अपार स्नेह और प्रेम मिल रहा है। इससे यह साबित होता है कि दर्शक भी अब बदलाव चाहते हैं। मैं दर्शकों से अपील करता हूँ कि इस फिल्म को अवश्य देखें और भोजपुरी सिनेमा में हो रहे सकारात्मक बदलाव को समर्थन दें। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों द्वारा जब बिहार में बढ़ते अपराध पर सवाल किया गया, तो निरहुआ ने कहा, बिहार पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। कानून का राज स्थापित करने में पुलिस की भूमिका सराहनीय है। अपराधी चाहे कहीं भी हों, बच नहीं सकते। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक विशाल वर्मा, खलनायक संजय पांडेय, और अन्य कलाकारों ने भी फिल्म के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमार नाम बा कन्हैया एक पारिवारिक क्राइम-सस्पेंस थ्रिलर है, जो भोजपुरी सिनेमा में एक नया प्रयोग है। फिल्म दर्शकों को नई सोच और रोचक कथानक के साथ मनोरंजन भी प्रदान करती है। फिल्म के प्रमोशन कार्यक्रम में पंकज सिनेमा के संचालक अरविंद पांडेय, ब्रजकिशोर प्रसाद धूमन सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं फिल्म जगत से जुड़े कई लोग उपस्थित थे। मशाल कार्यक्रम का प्रखड़ स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न बनियापुर। बिहार सरकार की खेल के विभींन्न मेघाओ मे विधालय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक बच्चो को मौका देने और उन्हे प्रोत्साहित करने वाला कार्यक्रम मशाल का आज प्रखड़ स्तरीय कार्यक्रम का समापन किया गया,जिस प्रतोयोगिता मे शामिल छात्र छात्राओं को अब जिला स्तरीय प्रतियोगता के लिए चयन कर लिया गया है,इस चिलचीलाती धुप मे बच्चो ने अपनी हार नही मानते अपनी मेघा का परिचय देते प्रथम द्वितीय तृतीय का खेताब हासिल कर अपना स्थान बनाया ,जहा चयन समिति के समन्वयको व शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम को अंतिम रूप देते ,चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया ।मौके पर श्रीकांत पाण्डेय प्रफुल कुमार गुड्डू सिंह शैलेन्द्र पाण्डेय राम लाल राम अरविन्द कुमार अरविन्द सिंह त्रिपुरी सिंह कौशर अली गुड्डू कुमारी नसरुद्दीन शकील अहमद अविनाश कुमार सद्दाम हुएं नजीर हुसैन सहित सभी समन्वयक सहित प्रीतिनियुक्त सभी विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे।

# मताधिकार बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ नारों के साथ किया जागरूकता प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता




खगड़िया। केंद्र की मोदी सरकार एवं बिहार की नीतीश सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग द्वारा गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कर अघोषित एनआरसी लागू करने की प्रयास है। उक्त बातें अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने स्टेशन चौक पर जागरूकता प्रदर्शन नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मनमाने तरीके से वोटर लिस्ट की जा रही है तैयार। बड़ी आबादी को वोट देने की अधिकार से किया जा रहा है वंचित। वोट की अधिकार ही नहीं तो फिर नागरिकता का क्या होगा महत्व। जन्म प्रमाण पत्र देने के नाम पर छंटनी करने का है साजि। मांगा जा रहा है प्रमाण पत्र, जो न बन पाएगा, ना दे पाएगी जनता। ना रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी, ना राधा को 9 मन घी होगा ना राधा नाचेगी, कहावत चरितार्थ। चुनाव आयोग चल रही है मोदी के इशारे पर। नोटबंदी के तरह किया जा रहा है वोट बंदी। महाराष्ट्र के तर्ज पर बिहार में वोट में की जाएगी धांधली। इवीएम आयोग वोट एवं मतदाता सूची कर ली गई है हैक। जनता की सभी अधिकार छीनने की प्रयास की जा रही है। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि समाजसेवी राजनीतिक कार्यकताओं आम जनता को करना पड़ेगा बड़ा आंदोलन। अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के मतदाता सूची पुनरीक्षण आदेश से वंचित गरीब अल्पसंख्यक शोषित पीड़ित तबकों के लाखों मतदाताओं के बेदखली की संभावना है। महासचिव उमेश ठाकुर ने कहा है कि बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत के चुनाव आयोग के द्वारा बिहार के मतदाता सूची का गहन पुनरिक्षण हेतु गत 24 जून को जो आदेश दिशा निर्देश दिया गया है, वह नये - पुराने मतदाताओं से जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र की मांग करना दलित, अतिपिछड़ा, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और गरीब विरोधी कार्य है। पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि आयोग के निदेश के अनुसार जो लोग एक जुलाई 1987 से पहले जन्म लिए हैं उनको अपना जन्म प्रमाण पत्र देना होगा। जो लोग 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्म लिए हैं उनको अपना और अपने मां-बाप में से किसी एक की जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र देना है। जो लोग एक जुलाई 1987 से पहले जन्म लिए हैं उनको केवल अपना जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र देना है। दो दिसंबर 2004 के बाद जन्मे लोगों को अपना और अपने मां-बाप दोनों का जन्म और आवासीय प्रमाणपत्र देना है। इससे बड़ी आबादी को उनके वोट देने के संवैधानिक और मानव अधिकार से बेदखल करने वाला एवं लोकतंत्र तथा सामाजिक न्याय की धज्जियां उड़ानें वाला कर्ज है। अभियान के संयोजक संजय सरफरोश ने कहा है कि चुनाव आयोग के इस आदेश के पीछे मोदी-नीतीश सरकार की गहरी साज़िश है।

# बरियारपुर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज



प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर ( मुंगेर )। प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को महदेवा मध्य बिद्यालय के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम मे बिष्ट अतिथि मुकेश कुमार सिंह प्रखंड बिकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षाप्रसार पदाधिकारी स्वेता कुमारी, अंचलाधिकारी रविना गुप्ता ने दीप प्रज्वालित कर शुभारंभ किया ।इस अबसर पर 11सी आर सी के संकुल संसाधन केंद्र के 32 प्राथमिक विद्यालय 31मध्य बिद्यालय के साथ 11 उच्चस्तरीय बिद्यालय के बच्चों एवम बच्चीया ने भाग लिया सभी बालक व बालिकाओं के दो भाग उम्र 14/16वर्षों के अलग अलग 60 मीटर/100 मीटर के दोड़ मे अलग अलग प्रथम -द्वितीय-तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के चिन्हित कर सभी प्रतिभागियों को एक एक मैडल दे सम्मानित किया गया।11बी आर सी के बैनरों के साथ फुटवाल मैदान के भ्रमण कर लाईन अप हो 60मीटर बालक वर्ग के दोड़ में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने बाले छात्रो को चिन्हित कर पुनः बालिकाओं के प्रथम,द्वितीय, तृतीय श्रेणी के चयन किया गया।

# उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, मुंगेर अरविंद कुमार वर्मा के सघन मॉनिटरिंग में मुंगेर जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के सत्यापन के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, स्वीप नोडल सुनीरा प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत पदाधिकारियों सहित अन्य कर्मियों द्वारा लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मतदाता इसे समझें और बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए अपने अपने गणना प्रपत्र को भर कर उन्हें शीघ्र उपलब्ध करा दें। इसी कड़ी में आज मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ को भी रवाना किया गया है, जो जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर आमजन/ मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरन के लिए जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि जिले में कुल दस लाख पचास हजार मतदाता हैं, जिनका गणना प्रपत्र भरा जाना है। विगत 27 जून से प्रारंभ इस मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य काफी तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं और अब तक लगभग चार लाख से अधिक गणना प्रपत्र भरकर अपलोड किया जा चुका है। शेष बचे गणना प्रपत्र को भी तीव्र गति से भरने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने आमजन/मतदाताओं से अपील किया है कि वे अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ से गणना प्रपत्र प्राप्त कर उसे शीघ्र भरकर उन्हें ही उपलब्ध करा दें। यदि गणना प्रपत्र से संबंधित सभी दस्तावेज मतदाता के पास उपलब्ध हों तो वो गणना प्रपत्र के साथ ही उपलब्ध कराएं और यदि तत्काल दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो तो दो तीन दिनों में सभी संबंधित दस्तावेज भी अपने अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें, ताकि आपके दस्तावेज सही तरीके से संलग्न कर उसे पोर्टल पर अपलोड किया जा सके और मतदाता प्रारूप में आपका नाम दर्ज हो सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस लिंक अथवा इससे संबंधित जारी किए गए क्यू.आर. कोड पर जाकर मतदाता ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करना और भी सुविधाजनक है, जिसे मतदाता अपने मोबाइल अथवा लैपटॉप पर भी आसानी से भर सकते हैं। आप सभी मतदाता इस जागरूकता रथ के माध्यम से और अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पिकअप और कार से बरामद हुआ 13 लाख का 435 लीटर कोरेक्स कफ सिरफ, तीन कारोबारी गिरफ्तार

सहरसा । जिले के बनगांव थाना अध्यक्ष पिंकी कुमारी को गुप्त सूचना पर सोमवार की देर रात सड़क पर वाहन जांच आयोजित कर दो गाड़ी चार चक्का वाहन को जब्त किया गया। जिनमें से 4 हजार 350 बोतल में कुल 435 लीटर कोरेक्स कफ सिरफ बरामद किया गया। वही डिक्की लदे पिकअप भान में 60 पीस डिक्की भी बरामद हुई थी। मौके से ही तीन कोरेक्स कारोबारी को गिरफ्त में लिया गया था। जिनकी तीन मोबाइल भी जब्त की गई थी। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि एसपी हिमांशु के निर्देश पर इन दोनों अवैध शराब और नशे के कारोबार को लेकर लगातार छापामारी की जा रही है। सोमवार की देर शाम बनगांव थाना अध्यक्ष पिंकी कुमारी को गुप्त सूचना मिली की गौरहो पुल की तरफ से मनेर पुल की ओर दो चार चक्का वाहन जा रही है। जिस पर भारी मात्रा में कोरेक्स कफ सिरफ लोड है। फिर उक्त सूचना के बाद सड़क पर वाहन जांच आयोजित किया गया। इस दौरान गौरहो पुल की ओर से आ रहे एक पिकअप भान संख्या - बीआर 11 जीएफ 7882 और एक बलेनो कार संख्या - बीआर 38 के 9790 पुलिस गस्ती टीम को सड़क पर देख घूमा कर भगाने का प्रयास किया। जिन्हें घेराबंदी कर रोका गया। जिनमें सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया गया था। उन्होंने आगे बताया कि दोनों गाड़ी की जांच करने पर उनमें डिक्की के आर में छिपा कर रखे गए कुल 4350 बोतल यानी कुल 435 लीटर कोरेक्स कफ सिरफ बदामद हुआ। उक्त कोरेक्स कफ सिरफ की अनुमानित कीमत 13 लाख बताई जा रही है। जिसको लेकर बनगांव थाना कांड संख्या - 107/25 दर्ज की गई। गिरफ्तार कोरेक्स कारोबारी बनगांव थाना क्षेत्र के रहुआमणि गांव, वार्ड नंबर - 3 निवासी स्व बिंदेश्वरी सहनी के पुत्र अजीत कुमार और सदर थाना क्षेत्र के बैजनाथपट्टी, वार्ड नंबर - 4 निवासी स्व विपिन यादव के पुत्र सत्यम कुमार और अरविंद यादव के पुत्र विपुल कुमार थे। गिरफ्तार कोरेक्स कारोबारी विपुल पर पूर्व से ही सदर थाना कांड संख्या - 903/22 दर्ज है। उक्त मामला भी अवैध शराब को लेकर दर्ज किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार कोरेक्स कारोबारी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिक की तलाश की जा रही है। छापामारी टीम में बनगांव थाना अध्यक्ष पिंकी कुमारी, पुलिस अवर निरीक्षक पूनम कुमारी, अमरेश कुमार, कृष्ण मोहन झा के अलावे जिला आसूचना इकाई के पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं बनगांव थाना पुलिस बल शामिल थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलसंडी डीह में हुआ शिक्षा समिति का गठन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के अंतर्गत बेलसंडी डीह स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को शिक्षा समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार ने किया। वहीं संकुल समन्वयक चंद्रकांत देखरेख कर रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने सभी लोगों से बेहतर ढ़ंग से स्कूल संचालित करने पर जोड़ दिया। जिसका सभी लोगों से समर्थन किया। वहीं सर्वसम्मति से आरती कुमारी को सचिन के रूप में चयन किया गया ।बताया जाता है कि यह स्कूल विभूतिपुर प्रखंड के अंतर्गत अन्य विद्यालयों से सभी मामले में अच्छे ढ़ंग से शिक्षा दी जा रही है साथ ही साथ स्वच्छ वातावरण देखने को मिलता है। शिक्षा समिति के गठन के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार के अलावा संकुल समन्वयक चंद्रकांत, काजल कुमारी, एकता , कंचन कुमारी, नौशाबा खातून, वहीदा खातून, मंजू कुमारी, खुशबू कुमारी, सुधा कुमारी, दीपक यादव, शिक्षा सेवक राजा राम महतो के अलावा विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य मंतोरनी देवी, सचिव आरती कुमारी, सदस्यों में काजल कुमारी, अर्चना कुमारी, आशा देवी, ऊषा देवी, आरती कुमारी, पूनम देवी, रिंकू देवी, पूजा देवी, मीणा देवी, संध्या भारती, अंजू कुमारी सहित सैकड़ो अभिभावक उपस्थित थे।

# श्री व्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे सहरसा के सैकड़ों अनुयायी

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा । आगामी गुरुवार को पटना के गर्दनीबाग स्थित गेट पब्लिक लाइब्रेरी एंड इंस्टिट्यूट परिसर में श्री शिव शक्ति योग पीठ के द्वारा विराट श्री व्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ होगा। उक्त आयोजन उत्तरतोताद्रिमठ विभीषण कुंड अयोध्या उत्तर प्रदेश के उत्तराधिकारी एवं श्रीशिव शक्ति योग पीठ के पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के उपस्थिति में संपन्न होगा। उत्सव समिति के सदस्य ज्योति कुमार सिंह ने बताया कि बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान समारोह का उद्घाटन करेंगे। जिसमें देश-विदेश से स्वामी आगमानंद जी महाराज के हजारों शिष्य के पहुंचने की संभावना है। सहरसा जिले से भी उनके सैकड़ों अनुयायी शामिल होंगे। साथ ही उत्सव समिति के सैकड़ों अनुयायी बुधवार रात जनहित एक्सप्रेस से पटना के लिए रवाना होंगे। मौके पर गायक डॉ हिमांशु मोहन मिश्र दीपक, शिवशक्ति योगपीठ कलाकार एवं अन्य भजनों की अमृतवर्षा करेंगे। जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो सकेंगे। पटना जाने वाले प्रमुख अनुयायियों में संजय कुमार राणा, रामकुमार सिंह, कामिनी सिंह, विप्लव रंजन, पिंकी सिंह, अर्पणा, विनय शंकर सिंह, रंजू देवी, पल्लवी कुमारी, आचार्य मनमोहन पंडित, गुड्डू तिवारी, बबली तिवारी, पिंटू तिवारी, आर्या, शोभ्या, शांभवी, सोनू कुमार सिंह, रेखा देवी, पंकज झा, अमर किशोर पोद्दार, रानी देवी, अजीत कुमार प्रितम, रेवती रमन सिंह, अर्चना सिंह, आशीष रंजन, अजय कुमार सिंह, शबनम देवी, स्नेह लता कुमारी, प्रभा कुमारी, गुंजेश कुमार सिंह, अनुराधा सिंह, राजेश तिवारी, वंदना देवी, डॉली कुमारी, सुभाष कुमार सिंह, रानी कुमारी, दीपक कुमार सिंह, सुनैना देवी, कुंदन शाह, खुशबू कुमारी, अद्वैत सिंह, देवांश सिंह, तेजू, राहुल कुमार, रुमन सिंह, प्रियांशु कुमार सिंह, दिव्याम कुमार सिंह, आदित्य आनंद, उर्मिला देवी, विनोद कुमार सिंह, पूनम सिंह, संतोष कुमार सिंह, वंदना सिंह, रवि आनंद, खुशबू प्रिया, शालू प्रिया, आर्यन आनंद समेत कई श्रद्धालु सम्मिलित होंगे।

# वियान मुल्डर ने क्यों नहीं तोड़ा लारा का रिकॉर्ड




## बोले- वे एक लीजेंड प्लेयर, इस रिकॉर्ड को बनाए रखने के हकदार

**बुलावायो (एजेंसी)।**


साउथ अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर के पास जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में ब्रायन लारा के 400* के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। दूसरे दिन जब लंच हुआ तब मुल्डर 367 के स्कोर पर नाबाद पवेलियन लौटे थे, लेकिन ब्रेक के दौरान उन्होंने पारी डिक्लेयर कर दी। वे लारा का रिकॉर्ड इसलिए तोड़ने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगा कि यह रिकॉर्ड लारा के ही नाम रहना चाहिए।

### अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं ऐसा ही करूंगा

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सुपरस्पोर्ट पर शॉन पोलक को दिए इंटरव्यू में मुल्डर ने कहा, सबसे पहले मैंने सोचा कि हमने पर्याप्त रन बना लिए हैं और अब हमें बॉलिंग करनी चाहिए। और दूसरी बात यह कि ब्रायन लारा एक लीजेंड प्लेयर हैं। उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है। मैंने शुक्स (साउथ अफ्रीका हेड कोच शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं लारा का रिकॉर्ड नहीं तोड़ूंगा। लारा टेस्ट पारी में 400 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने यह स्कोर 2004 में एंटीगुआ में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था।



**वियान मुल्डर**
**367* रन**
बॉल - 334
स्ट्राइक रेट 109.88
4|6 - 49|4



**ब्रायन लारा**
**400* रन**
बॉल - 582
स्ट्राइक रेट - 68.72
4|6 - 43|4

### मुल्डर ने 297 गेंदों में ट्रिपल सेंचुरी पूरी की

बतौर कप्तान अपना पहला टेस्ट खेल रहे मुल्डर ने वीरेंद्र सहवाग के बाद सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी लगाई। सहवाग ने 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों में यह कारनामा किया था। मुल्डर ने अपनी पारी में 49 चौके और 4 सिक्स भी लगाए।

### मार्क टेलर ने भी डॉन ब्रैडमैन के लिए किया था ऐसा

मार्क टेलर 16 अक्टूबर 1998 को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए थे। वे पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 334 रन बनाकर नाबाद रहे, जो कि सर डोनाल्ड ब्रैडमैन के बेस्ट टेस्ट स्कोर की बराबरी थी, जिसके बाद कप्तान मार्क टेलर ने ऑस्ट्रेलिया की पारी घोषित कर दी थी जिससे वो ब्रैडमैन के बेस्ट टेस्ट स्कोर से आगे न निकल सकें।

### साउथ अफ्रीका के लिए सबसे बड़ा स्कोर

मुल्डर, हाशिम अमला के बाद ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले दूसरे साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज बने। उन्होंने अमला के 311 रन के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। मुल्डर ने ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद को कवर के जरिए बाउंड्री मारकर अमला का रिकॉर्ड पार किया।

# जोकोविच 16वीं बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



## ऑस्ट्रेलिया के मिनॉर को हराया, भारत के युकी-गैलोवे की जोड़ी मेंस डबल्स से बाहर

**सर्बिया (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विम्बलडन-2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सोमवार रात को राउंड ऑफ 16 मैच में ऑस्ट्रेलिया के 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। 38 साल के जोकोविच ने 16वीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। अब उनका मुकाबला इटैलियन स्टार फ्लावियो कोबोली से होगा। जोकोविच के अलावा, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज, रूस के कारेन खचानोव, ब्रिटेन के कैमरून नोरी और स्पेन के कार्लोस अल्काराज भी टॉप-8 में पहुंच गए हैं। विमेंस कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका, जर्मनी की लौरा सीजमंद, अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव, स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच, रूस की लुडमिला सैमसोनोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। साथ ही भारत के युकी भांबरी को उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ मेंस डबल्स कैटेगरी में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

### टेलर फ्रिट्ज को वॉकओवर मिला

मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ वॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फ्रिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हरा दिया। ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने चिली के निकोलस जैरी 6-3, 7-6, 6-7, 6-7, 6-3 से और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आंद्रे रुबलेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराते हुए टॉप-8 में प्रवेश किया।

### सबालेंका ने मर्टेंस को सीधे सेट में हराया

वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। जर्मनी की लौरा सीजमंद ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव ने चेक रिपब्लिक की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6, 6-4 से और रूस की लुडमिला सैमसोनोवा ने स्पेन की जेसिका बूजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराया।

### मेंस डबल्स में भारत के यूकी भांबरी हारे

भारत के युकी और गैलोवे की 16वीं वरीय जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन नतीजा पक्ष में नहीं रहा। इस जोड़ी को दो घंटे नौ मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-7 (10) से हार मिली। युकी के बाहर होने के साथ विम्बलडन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। इससे पहले, अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6 (15-13) के अंतर से हराया। वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को भी उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया।

# कोहली बोले- वर्ल्डकप जैसे दबाव में खेलते हैं टेनिस खिलाड़ी

## प्लेयर्स की मानसिक मजबूती काबिल-ए-तारीफ, जोकोविच का मैच देखने गए थे

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेनिस खिलाड़ियों की मानसिक ताकत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि टेनिस खिलाड़ी जिस तरह हर हफ्ते दबाव में खेलते हैं, वह भारत के वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले या नॉकआउट मैचों के दबाव जैसा होता है। विंबलडन देखने लंदन पहुंचे कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ थे और उन्होंने पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज से बातचीत में ये बातें कहीं।



**टेनिस प्लेयर में दबाव अच्छे से हैंडल करते हैं** -विराट कोहली ने मैच के बाद इंटरव्यू में कहा, जब हम वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं या सेमीफाइनल-फाइनल जैसे बड़े मैच होते हैं, तो पैरों में कांप महसूस होती है। लेकिन टेनिस खिलाड़ी शायद क्वार्टरफाइनल से लेकर फाइनल तक हर मैच में ऐसा दबाव झेलते हैं।

### क्रिकेट और टेनिस में अंतर

कोहली ने बताया कि क्रिकेट और टेनिस दोनों के अपने-अपने चैलेंज होते हैं। क्रिकेट में कभी-कभी बहुत देर तक इंतजार करना पड़ता है कि आपकी बल्लेबाजी कब आएगी। वहीं टेनिस में आपको पता होता है कि किस समय मैच है और कब कोर्ट में उतरना है। उन्होंने कहा कि टेनिस में खिलाड़ी के पास वापसी का मौका होता है, लेकिन क्रिकेट में एक गलती पूरे मैच से बाहर कर सकती है।

# लॉर्ड्स टेस्ट में बुमराह की वापसी तय

## ● सुंदर की जगह शार्दूल को मौका संभव ● इंग्लैंड से आर्चर-एटकिंसन खेल सकते हैं

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने बर्मिंघम टेस्ट को 336 रन से जीतकर वापसी की। इससे पहले भारत को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। 5 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में 10 से 14 जुलाई तक खेला जाएगा। क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस मैदान की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, लेकिन पिछले महीने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के आखिरी तीन दिन बैटर्स को भी मदद मिली थी। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलियन बॉलर्स के खिलाफ 3 सेशन में 282 रन का टारगेट चेज करके वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का टाइटल जीता। 11 से 14 जून के बीच खेले गए इस मुकाबले के शुरुआती ढाई दिनों में तीन पारियां खत्म हो गईं। इसके बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती गई। भारत-इंग्लैंड तीसरे टेस्ट के लिए भी इसी तरह के कंडीशंस देखने को मिल सक्बैटिंग में बदलाव की गुंजाइश नहीं, 4 बैटर्स 200+ रन बना चुके भारतीय बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की गुंजाइश न के बराबर है।



सीरीज में चार भारतीय बैटर्स 200 से ज्यादा रन बना चुके हैं। ओपनर्स अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। पिछले दो मैचों में भारत की ओपनिंग जोड़ी 456 रन बना चुकी हैं। यशस्वी जायसवाल ने एक शतक और एक फिफ्टी के सहारे 220 रन बनाए हैं, जबकि केएल राहुल ने 236 रन बनाए हैं। उनके नाम भी एक शतक और एक अर्धशतक है। इन दोनों के अलावा, कप्तान शुभमन गिल 3 शतक के सहारे 585 रन बनाकर सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उप कप्तान ऋषभ पंत ने दो शतक सहित 342 रन बनाए हैं।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत-** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्‍डी, वॉशिंगटन सुंदर/शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**इंग्लैंड -** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गॉस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर और शोएब बशीर।

### लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले बोले एंडरसन

## आपको आर्चर को खिलाना ही होगा, यह बहुत महत्वपूर्ण मैच है

**लंदन (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि इंग्लैंड को भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के आगामी तीसरे टेस्ट में अनुभवी खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर को खिलाना चाहिए, जो गुरुवार 10 जुलाई से प्रतिष्ठित लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जाएगा। आर्चर ने चार साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में बर्मिंघम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल होने से पहले ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी स्तर पर लाल गेंद से वापसी की। इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ 336 रनों से हार का सामना करना पड़ा जिससे पांच मैचों की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई है।

# यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

## वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके; सीरीज 3-2 से भारत ने जीती

**वॉर्सेस्ट (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

**भारत की खराब शुरुआत, कप्तान आयुष एक रन ही बना सके** - भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन ) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला।



यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए।

### बेन मेयर ने नाबाद 82 रन बनाए

इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82 रन, बीजे डॉकिन्स के 66 रन और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के लिए लेग-स्पिनर नमन पुष्पक ने 65 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने अपने सात ओवरों में 34 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

# भारतीय तेज गेंदबाज यश दयाल पर लगे गंभीर आरोप, दर्ज हुआ यौन शोषण का मामला

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी 'बहू' के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है, 'पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा।



### आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में

# नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर दीप्ति शर्मा

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई।

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नए अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।



भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया था।

## मराठवाड़ा में बढ़ गए किसानों की खुदकुशी के मामले, 6 महीने में 520 ने दे दी जान

**मराठवाड़ा, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों में इस साल जनवरी महीने से 26 जून तक 520 किसानों ने आत्महत्या की है। यह संख्या पिछले साल इसी अवधि में दर्ज आत्महत्या के 430 मामलों से 20 प्रतिशत अधिक है। राज्य के राजस्व विभाग की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मध्य महाराष्ट्र क्षेत्र में बीड जिले में आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाएं हुईं जहां पहली छमाही में 126 किसानों ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में जनवरी से जून के बीच मराठवाड़ा के आठ जिलों में 430 किसानों ने आत्महत्या की थी, जबकि वर्ष 2025 की समान अवधि में इस क्षेत्र के 520 किसानों ने आत्महत्या की। इस प्रकार किसानों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी-जून 2024 के दौरान भी आत्महत्या के सर्वाधिक मामले बीड जिले में ही थे, जब 101 किसानों ने अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। इसमें कहा गया कि इस वर्ष मुआवजा योग्य 313 मामलों में से 264 में प्रभावित परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है, जबकि 146 मामले पड़ताल के दायरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 61 मामले मुआवजे के लिए अयोग्य पाए गए, जो पिछले साल जनवरी-जून में हुए 20 ऐसे ही मामलों से तीन गुना अधिक है। इस साल जनवरी से जून तक बीड में 126, छत्रपति संभाजीनगर में 92, नांदेड़ में 74, परभणी में 64, धाराशिव में 63, लातूर में 38, जालना में 32 और हिंगोली में किसानों की आत्महत्या के 31 मामले सामने आए। किसानों की खुदकुशी के मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हर किसान कर्ज में डूबा जा रहा है।

## 25 साल की जेल अभी खत्म नहीं हुई, राहत मांगने पहुंचे अबू सलेम से बोला हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को गैंगस्टर अबू सलेम को राहत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि प्रथम दृष्टया उसकी राय है कि उसने (सलेम) पुर्तगाल से प्रत्यर्पण की शर्तों के तहत भारत की जेल में अभी तक 25 साल पूरे नहीं किए हैं। सलेम ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उसे जेल से रिहा करने का अनुरोध किया है। उसने दलील दी है कि अगर अच्छे आचरण के लिए छूट को शामिल किया जाए, तो वह पहले ही 25 साल के कारावास की सजा काट चुका है। याचिका में कहा गया है कि जब सलेम को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था, उस समय भारत सरकार ने आश्वासन दिया था कि उसे किसी भी मामले में मौत की सजा नहीं दी जाएगी और उसे 25 साल से अधिक की जेल की सजा भी नहीं दी जाएगी। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की पीठ ने सोमवार को सलेम की याचिका स्वीकार कर ली, लेकिन कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, सलेम की गिरफ्तारी अक्टूबर 2005 में हुई थी और इसलिए प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि 25 साल की अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर अंतिम सुनवाई उचित समय पर करेगी।

## बिलासपुर में बाढ़ में फंस गए 17 ग्रामीण, 10 घंटे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष, बची जान

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग में इन दिनों भारी बारिश हो रही है। बारिश से किसानों को राहत है तो कईयों के लिए आफत भी बन जा रही है। कोरबा जिले में रविवार की शाम हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मूसलाधार बारिश से कहीं बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं तो कहीं हादसे की स्थिति बन गई है। पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा और पोंडी के लब्दापारा में खेती करने गए 17 ग्रामीण अचानक बाढ़ के पानी में फंस गए। हालात इतने गंभीर हो गए कि जान पर बन आई। ग्रामीण घंटों अपनी जान बचाने जद्दोजहद करते रहे, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। आखिरकार 10 घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाढ़ से बाहर निकाल लिया गया। खासकर उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में भारी बारिश हो रही है। खेती किसानी करने गए पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा और लब्दापारा के 17 ग्रामीण भारी बारिश से आई बाढ़ में फंस गए। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में राजस्व विभाग, थाना पाली, जिला आपदा प्रबंधन, नगर सेना कोरबा और राज्य आपदा प्रतिक्रिया टीम बिलासपुर की संयुक्त टीम ने रविवार रात को ही रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया।

# बिहार चुनाव के बीच ठाकरे बंधुओं ने चला मराठी दांव

**मुंबई , एजेंसी।** मराठी अस्मिता के मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं यानी शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज के एकजुट होने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से लेकर बीएमसी यानी बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव समेत कई मुद्दे इसकी वजह बताए जा रहे हैं। फिलहाल, इसे लेकर कांग्रेस आलाकमान की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खबर है कि शनिवार को मुंबई में हुए ठाकरे बंधुओं के कार्यक्रम से कांग्रेस ने दूरी बनाई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र कांग्रेस का मानना है कि ठाकरे बंधुओं का साथ आने का असर मुंबई में क्ल्स्ष्ट चुनाव तक सीमित होगा। खास बात है कि कांग्रेस ऐसे हालात में मंच साझा करती नजर नहीं आना चाहती, वहीं वह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी नाराज करने का जोखिम नहीं उठा सकती।

अखबार से बातचीत में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता बताते हैं, वो अधूरे मन से दिया गया न्योता था। हमारे नेताओं को बुलाया गया था। एनसीपी कार्यक्रम में गई थी, लेकिन उनका अपमान किया गया। उनके नेताओं को बोलने के लिए भी नहीं बुलाया गया। ठाकरे मराठी आंदोलन का पूरा क्रेडिट लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है कि हम नहीं गए, क्योंकि कांग्रेस हिंदी विरोधी आंदोलन का हिस्सा नहीं थी। अजीबोगरीब बयानों के बाद भी हमारे नेताओं ने मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, क्योंकि उन्हें दिल्ली के निर्देशों की स्पष्ट जानकारी नहीं थी।

एक नेता ने कहा, ठाकरे बंधुओं की नजर सिर्फ बीएमसी चुनाव पर है और हम वो अकेले लड़ना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए किसी से गठबंधन नहीं किया था।

एक अन्य नेता ने अखबार को बताया, ठाकरे ने यह सब सिर्फ बीएमसी में सत्ता हासिल करने के लिए किया है। हमारे विधायकों का मानना है कि हमें अकेले लड़ना चाहिए। हमारे पास जो जगह है, हम उसे छोड़ नहीं सकते। जब हम (उद्धव सेना) के साथ जाते



हैं, तो अल्पसंख्यक वोट बैंक शिवसेना के साथ जाता है, लेकिन शिवसेना का वोट हमें नहीं मिलता। रिपोर्ट के अनुसार, एक नेता ने कहा, यह एक जटिल स्थिति है। कांग्रेस के पास मुंबई में खास जनाधार नहीं है। हम ना ही मराठी मानूस के साथ हैं और ना ही गुजरातियों के साथ। हमारा जनाधार सिर्फ अल्पसंख्यकों में है, जो कुछ उन जगहों पर है जहां सपा और एआईएमआईएम उम्मीदवार उतारते हैं। उत्तर भारतीयों में हमारा थोड़ा जनाधार है, जो कि अगर राज के साथ हम नजर आए तो वो भी चला जाएगा। कांग्रेस के लिए बहुत ज्यादा वोट बेस बचा नहीं है। हम पूरी तरह से कन्फ्यूज हैं। अखबार के मुताबिक, कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग पार्टी की स्टेट यूनिट के कामकाज से भी नाखुश है। एक नेता बताते हैं, कोई भी यहां पहल नहीं कर रहा है, क्योंकि छोटे से कार्यक्रम के लिए भी आपको दिल्ली से इजाजत लेनी पड़ती है। महाराष्ट्र पार्टी नेतृत्व इस बात को लेकर ठोस कदम नहीं उठा पा रही है कि हमें हिंदी विरोधी रुख रखना चाहिए या नहीं। ऐसे में वो बीच में अटके हैं। उन्होंने कहा, यह मराठी मुद्दा नहीं है, बल्कि हिंदी थोपे जाने का मुद्दा है। अगर पहली क्लास से हिंदी थोपी जाएगी, तो मराठी पर असर होगा। यह लॉजिक है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र ने अखबार से कहा, हमने (हिंदी थोपे जाने के मुद्दे) पर बोला, लेकिन मनसे और शिवसेना (यूबीटी) ने लोगों को पीटने जैसा आक्रामक रुख अपनाया। उन लोगों ने इसे एकदम नजर में आने वाला बना दिया, क्योंकि मीडिया को ऐसी खबरें पसंद हैं। कांग्रेस के साथ एक परेशानी यह भी है कि दिल्ली उन्हें जय हिंद यात्रा, संविधान सम्मान सम्मेलन आदि करने के निर्देश दे रहा है, जहां सिर्फ कट्टर कांग्रेस ही शामिल होंगे।

## भाजपा की हमेशा से फूट डालो और राज करो की नीति रही है: उद्धव ठाकरे

**मुंबई , एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी सांसद निशिकांत दुबे पर निशाना साधा। उन्होंने विवादित टिप्पणी को लेकर दुबे को लकड़बग्घा करार दिया। ठाकरे ने आरोप लगाया कि दुबे लोगों को बांटकर आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

उद्धव ने भाजपा पर फूट डालो और राज करो की नीति के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि वह किसी भी भाषा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बलपूर्वक इसे थोपे जाने का विरोध करेंगे। उन्होंने विधान भवन में संवाददाताओं से कहा, भाजपा की हमेशा से फूट डालो और राज करो की नीति रही है। राजनीति की यह शैली अब अपनी प्रासंगिकता खो रही है। मैं समझ सकता हूं कि शनिवार को मुंबई में हमारी रैली की सफलता से उनकी पार्टी बेचैन है या नहीं।



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा मराठी न बोलने पर एक दुकानदार की पिटाई करने पर मचे आक्रोश के बीच दुबे ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई उद्धव पर निशाना साधते हुए कथित तौर पर कहा था, पटक पटक के मारेंगे। उनके इस बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया।

गोड्डा के सांसद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हिंदी भाषी लोगों को मुंबई में मारने वाले यदि हिम्मत है तो महाराष्ट्र में उर्दू भाषियों को मार कर दिखाओ। अपने घर में तो कुत्ता भी शेर होता है? कौन कुत्ता कौन शेर खुद ही फैसला कर लो।

उद्धव ने मराठी लोगों को निशाना बनाने वाली दुबे की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ऐसे 'लकड़बग्घे' राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका (भाजपा नेताओं का) एकमात्र काम लोगों को भड़काना है।

# 80 किमी कांवड़ यात्रा रूट को 123 बीट में बांटा, गाजियाबाद में पहली बार होगा ऐसा तगड़ा इंतजाम

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में इस बार कांवड़ियों की सुरक्षा बेहद टाइट और चाक-चौबंद नजर आएगी। कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर गाजियाबाद कमिश्नरेट में पहली बार बीट प्रणाली को कांवड़ यात्रा में भी लागू किया गया है। इसके तहत पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर कांवड़ा यात्रा के 80 किलोमीटर लंबे रूट को 123 बीट में बांटा गया है।



कांवड़ियों की संभावित संख्या के हिसाब से 800 मीटर से लेकर एक हजार मीटर दायरे में एक बीट बनाई गई है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड ने बताया कि आगामी 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एक तरफ जहां थाना पुलिस और अधिकारी कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। वहीं, इस साल कांवड़ मार्ग पर पहली बार बीट पुलिसिंग प्रणाली को लागू किया गया है। कांवड़ियों की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए पहली बार नई प्रणाली को लागू किया गया है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मोदीनगर की कादराबाद पुलिस चौकी से शुरू होकर दिल्ली व अन्य जनपदों के विभिन्न बॉर्डर तक करीब 80 किलोमीटर का कांवड़ मार्ग गाजियाबाद कमिश्नरेट की सीमा से होकर गुजरता है। ऐसे में न सिर्फ कांवड़ियों की पुख्ता सुरक्षा का ध्यान रखा गया है, बल्कि सुविधाओं का भी पुलिस ध्यान रखेगी। लंबे कांवड़ मार्ग की 800 मीटर से एक हजार मीटर की दूरी को एक बीट का रूप दिया गया है। इस तरह कांवड़ मार्ग पर कुल 123 बीट बनाई गई हैं। इनमें पुलिस ऑफिसरों की टीमें चौबीसों घंटे तैनात रहेंगी। एक बीट में दो दरोगा और चार कॉन्स्टेबल या हेड कॉन्स्टेबल तैनात किए जाएंगे, जो अपनी बीट में सुरक्षा व्यवस्था के चलते निरंतर पेट्रोलिंग पर रहेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बीट में तैनात पुलिसकर्मियों का काम न सिर्फ कांवड़ियों को सुरक्षा प्रदान करना होगा, बल्कि सड़क, सुरक्षा, बिजली, पेयजल आपूर्ति, मेडिकल सुविधा और अन्य सुविधाओं का ध्यान रखना होगा। किसी भी विभाग से जुड़ी कोई समस्या या लापरवाही के बारे में पुलिसकर्मी उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। अधिकारी संबंधित विभाग से समनव्य स्थापित पर उस समस्या को दूर कराएंगे। कमिश्नर ने बताया कि मेरठ तिराहे पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। सभी पुलिस अधिकारी सीधे तौर पर कंट्रोल रूम से जोड़े गए हैं। कंट्रोल रूम में आने वाली सूचनाओं पर कार्रवाई के लिए संबंधित बीट पुलिस अधिकारी को फोन जाएगा। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही सबसे पहले बीपीओ पहुंचेंगे और कांवड़ियों की समस्या का समाधान करेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा में चौकी और थाने की फोर्स के अलावा पीआरवी, पीसीआर तैनात रहेंगी। पुलिसकर्मी लगातार घूमते रहेंगे। वहीं, दूसरी ओर कांवड़ियों के लिए शहर केसरिया रंग में रंग गया है। मुख्य मार्गों के साथ बाजारों में बोल बम और हर महादेव लिखे कपड़ों की दुकानें सज गई हैं। नगर निगम ने कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। मेरठ रोड पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम सोमवार से आरंभ हो गया। कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़कर नजर रखी जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए निगम ने अपर नगर आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया है। वह टीम के साथ तैयारी का जायजा लेंगे। मेरठ रोड पर कंट्रोल रूम शुरू हो गया है। मेरठ रोड और अन्य स्थानों पर कैमरे लगाने का काम शुरू हो गया। दूधेश्वरनाथ मंदिर पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। हरिद्वार से जल लेकर कांवडियों के मोदीनगर से निकलने का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के कांवडिएं जल लेकर अपने गंतव्य की तरफ से बढ़ते नजर आए। सोमवार को मयूर विहार निवासी अरुण सैनी 51 लीटर जल लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने 36 दिन पहले से हरिद्वार हर की पौढ़ी से जल उठाया था। जलाभिषेक के दिन तक वह दिल्ली पहुंच जाएंगे। इस बार वह छठवीं कांवड़ ला रहे थे।

# पेट्रो ने अमेरिका से रिश्ते सुधारने के लिए ट्रंप को भेजा सफाई पत्र, साजिश के आरोपों से झाड़ा पल्ला

**बोगोटा, एजेंसी।**
कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने जून में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक गोपनीय पत्र भेजा। इस पत्र में उन्होंने कहा कि उनकी किसी भी टिप्पणी का मकसद अमेरिकी अधिकारियों पर तख्तापलट की साजिश का आरोप लगाना नहीं था। यह पत्र 23 जून को लिखा गया था और सोमवार को कोलंबियाई मीडिया में लीक हो गया। बता दें कि यह पत्र पेट्रो के उस भाषण के बाद आया, जिसमें उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर अपनी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।



हालांकि, अब पत्र में उन्होंने कहा है कि उनकी बात को गलत तरीके से समझा गया और उनके बयान का मकसद किसी पर सीधा आरोप लगाना नहीं था। उन्होंने अमेरिका-लैटिन अमेरिका सम्मेलन बुलाने की भी बात कही।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप ने यह पत्र देखा है या नहीं।

मामले में कोलंबिया की विदेश मंत्री लौरा साराबिया ने पुष्टि की कि यह पत्र दोनों देशों के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा था। लेकिन इसी हफ्ते अमेरिका ने कोलंबिया में अपने शीर्ष राजनयिक को वापस बुला लिया, यह कहते हुए कि कोलंबियाई सरकार के उच्च स्तर से बेबुनियाद और निंदनीय बयान दिए गए हैं। जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिका से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

**कोलंबिया और अमेरिका की साझेदारी:** बता दें कि कोलंबिया और अमेरिका दशकों से ड्रग्स के खिलाफ अभियान में साझेदार रहे हैं। अमेरिका ने बीते 20 वर्षों में कोलंबिया को 13 अरब डॉलर से ज्यादा की मदद दी है। लेकिन 2022 में पेट्रो के सत्ता में आने के बाद से रिश्तों में बदलाव आया है। पेट्रो जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**कोलंबिया और अमेरिका के रिश्ते में तनाव :** गौरतलब है कि जनवरी में पेट्रो और ट्रंप में तब टकराव हुआ जब कोलंबिया ने अमेरिका से भेजे गए दो डिपोर्टेशन फ्लाइट्स को उतरने नहीं दिया। ट्रंप ने इसके जवाब में 25% टैरिफ की धमकी दी, लेकिन दोनों देशों के बीच बातचीत से मामला सुलझ गया। इसके बाद हाल ही में पेट्रो ने दो अमेरिकी सांसदों पर भी तख्तापलट की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे दोनों ने खारिज किया।

इस संबंध में सामने आए ऑडियो लीक की जांच कोलंबियाई प्रशासन ने शुरू कर दी है। ऐसे में यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब कोलंबिया में कोकीन उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, 2023 में कोलंबिया की कोका खेती का क्षेत्र 2.53 लाख हेक्टेयर हो गया, जो 2020 की तुलना में 40% अधिक है।


## यूएस में कोविड वैक्सीन नीति में बदलाव पर बवाल, स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी के खिलाफ मुकदमा दायर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के खिलाफ बोस्टन की संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया गया है। यह मुकदमा सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को डॉक्टरों और सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों के एक समूह ने दायर किया है, क्योंकि अमेरिकी सरकार ने अधिकांश बच्चों और गर्वभती महिलाओं के लिए कोविड-19 वैक्सीन की सिफारिश बंद कर दी थी। मुकदमा दायर करने वालों में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, अमेरिकन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन, और चार अन्य समूह शामिल हैं। इनके साथ एक गर्भवती डॉक्टर भी हैं, जो बोस्टन के एक अस्पताल में काम करती हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने संक्रामक रोग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का पालन करते हुए पहले 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए हर साल कोविड-19 वैक्सीन का टीका लगवाने की सलाह दी थी। लेकिन मई के अंत में, स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी ने घोषणा की कि वह स्वस्थ बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों की सिफारिशों से कोविड-19 टीकाकरण को हटा रहे हैं। कई स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य मंत्री के इस कदम को भ्रामक बताया। साथ ही उन्होंने कैनेडी पर दशकों से चली आ रही उस वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया की अवहेलना करने का आरोप लगाया, जिसमें विशेषज्ञ सार्वजनिक रूप से मौजूदा चिकित्सा साक्ष्य की समीक्षा करते हैं और नीतिगत बदलावों के पक्ष और विपक्ष पर चर्चा करते हैं। नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि कैनेडी और उनके साथियों ने वैक्सीन नीति में बदलाव करते समय सांविधानिक नियमों का उल्लंघन किया।

# ट्रम्प ने टैरिफ डेडलाइन 1 अगस्त तक बढ़ाई, बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ लगाया

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की है कि वे ग्लोबल टैरिफ बढ़ाने की अंतिम तारीख 9 जुलाई से बढ़ाकर 1 अगस्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान भी किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है।

दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के



साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। अब भारत के साथ भी व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उनकी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक बहुत बड़ी लड़ाई को रोक दिया। उन्होंने कहा, हमने दोनों देशों से कहा कि अगर आप आपस में लड़ेंगे, तो हम आपके साथ कोई व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे। वे शायद परमाणु युद्ध के स्तर पर थे। इसे रोकना बहुत जरूरी था। चीन ने अमेरिका से कहा- धमकी मत दो ट्रम्प की टैरिफ चेतावनी का ब्रिक्स के प्रमुख देश चीन ने कड़ा विरोध किया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर एक सकारात्मक संगठन है। टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैरजरूरी दबाव डालने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। भारत-अमेरिका वॉशिंगटन में बातचीत कर रहे ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ लगाया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129